सुप्रभात
रांची, रविवार
08.09.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 12
khabarmantralive.com

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ



khabarmantra.net भादो, शुक्ल पक्ष, पंचमी, संवत् 2081 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 60 06 सोशल मीडिया पर मौजूदगी हो गुमशुदगी नहीं









झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

अबुआ आभार
हेमन्त सरकार

## अधिवक्तागण के समृद्ध भविष्य के लिए सरकार का प्रयास

देश में पहली बार हेमन्त सरकार द्वारा अधिवक्ता कल्याण हेतु लिए गए कुछ महत्वपूर्ण निर्णय

### ₹5 लाख
**तक का स्वास्थ्य एवं दुर्घटना बीमा**

झारखण्ड राज्यकृत एडवोकेट वेलफेयर फंड के सभी सदस्यों को राज्य सरकार एडवोकेट वेलफेयर फंड के माध्यम से ₹5 लाख तक का स्वास्थ्य एवं दुर्घटना बीमा प्रदान करेगी

### ₹14,000
**हुई पेंशन की राशि**

झारखण्ड राज्यकृत एडवोकेट वेलफेयर फंड के माध्यम से सदस्यों को ₹7,000 पेंशन दी जा रही थी। अब राज्य सरकार इस फंड में राज्यांश से अतिरिक्त ₹7,000 देगी, इस तरह अधिवक्ताओं के कल्याण हेतु पेंशन की राशि ₹7,000 से बढ़ कर ₹14,000 हुई

### ₹5,000
**हुई स्टाइपेंड राशि**

नए निबंधित अधिवक्ताओं के स्टाइपेंड राशि प्रतिमाह (पहले तीन वर्ष तक) मिलने वाली राशि ₹1,000 को बढ़ाकर ₹5,000 किया गया, इसमें 50% राशि राज्य सरकार वहन करेगी

अधिवक्ता हित को ध्यान में रखकर सभी अधिवक्ताओं से आग्रह है कि वे एडवोकेट वेलफेयर फंड के सदस्य बनें और लाभ उठाएं

PRNO 335102 (IPRD) 24-25

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

# झारखंड देश का पहला राज्य जहां अधिवक्ताओं को भी पेंशन : हेमंत

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शनिवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय परिसर में राज्य के विभिन्न जिलों से आए सहायक पुलिस कर्मियों ने मुलाकात कर मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री के समक्ष सहायक पुलिसकर्मियों ने हर्ष जताते हुए कहा कि विगत 6 सितंबर 2024 को आयोजित हुए कैबिनेट की बैठक में राज्य सरकार द्वारा झारखंड के विभिन्न जिलों में कार्यरत सहायक पुलिसकर्मियों के सेवा अवधि विस्तार एवं अन्य लाभों को स्वीकृति दिए जाने का निर्णय सराहनीय पहल है। सहायक पुलिस कर्मियों ने मुख्यमंत्री से कहा कि आपके कुशल नेतृत्व में सभी को उनका हक-अधिकार मिल रहा है। मुख्यमंत्री जी हम सभी की ओर आपका आभार और धन्यवाद! इस अवसर पर मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर एवं विभिन्न जिलों से आए सहायक पुलिस कर्मियों में विवेकानंद प्रसाद गुप्ता, राजकुमार पासवान, अविनाश कुमार, उज्जवल कुमार, सोनाली हेंब्रम, मगडाल बागे, शांति मुंडा, उमेश मुंडारी, राजेंद्र हांसदा, शाहदेव भगत, सावन मुंडा, स्मिता कुमारी, देवकी बालमुचू, पवन लीला किस्कू, रविंद्र साहू सहित अन्य सहायक पुलिस कर्मी उपस्थित थे।

**सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ रही राज्य सरकार :** इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सहायक पुलिस कर्मियों से कहा कि आने वाले दिनों में सहायक पुलिस कर्मियों के लिए उनकी सरकार सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ेगी। राज्य सरकार पूरी ईमानदारी, निष्ठा और संवेदनशीलता के साथ आमजनों की परेशानियों का समाधान करने में जुटी है। सरकार के विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ राज्य के सभी वर्ग-समुदायों को मिल रहा है।

**देश का पहला राज्य, जहां अधिवक्ताओं को भी मिलेगा पेंशन :** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड देश का पहला राज्य जहां अधिवक्ताओं को भी पेंशन मिलेगा। हमारी सरकार राज्यहित से जुड़े कार्य निरंतर कार्य कर रही है। आमजनों के लिए सरकार के दरवाजे हमेशा खुले हैं। आज राज्य के विभिन्न जिलों से लगातार लोगों का हुजूम ढ़ोल-नगाड़ा लेकर मुख्यमंत्री आवास जश्न मनाने पहुंच रहें है। राज्य सरकार के पदाधिकारी आमजनों के घरों तक पहुंचकर उनकी समस्याओं का समाधान कर रहें हैं। सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को पंचायत-पंचायत, गांव-गांव, घर-घर पहुंचाया जा रहा है।

# कोयला व खान राज्य मंत्री ने पिपरवार में 20 मेगावाट सोलर पावर प्लांट का किया उद्घाटन

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** केंद्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे अपने दो दिवसीय झारखंड दौरे के क्रम में शनिवार को रांची पहुंचे। इस क्रम में उन्होंने सीएमपीडीआई व सीसीएल के कार्यो की समीक्षा की। इसके पूर्व उनके रांची आगमन पर बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर बड़ी संख्या में लोगों ने उनका स्वागत किया।

रांची पहुंचते ही कोयला मंत्री ने बिरसा चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और झारखंड के विकास की कामना की। कोयला मंत्री ने सीसीएल पहुंच कर वहां कार्य-कलापों का जायजा लिया। इस अवसर पर सीसीएल के सीएमडी निलेन्दु कुमार सिंह सहित निदेशकगण उपस्थित थे।

**मंत्री ने सीसीएल के उत्पादन, प्रेषण एवं अन्य गतिविधियों की समीक्षा :** मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने सीसीएल के उत्पादन, प्रेषण एवं अन्य गतिविधियों की समीक्षा की तथा उचित दिशा निर्देश दिये। देश की ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए कोयले के उत्पादन एवं प्रेषण में और बढ़ोत्तरी करने के लिए कई महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश भी दिये। उन्होंने सीसीएल के साथ-साथ सीएमपीडीआई के सीएमडी मनोज कुमार सहित अन्य अधिकारियों के साथ भी समीक्षा बैठक की।

सीसीएल के कायर्शे की समीक्षा के उपरांत मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने सीसीएल के पिपरवार क्षेत्र का दौरा किया। जहां उन्होंने सीसीएल की महत्त्वाकांक्षी परियोजना के तहत 20 मेगावाट क्षमता के एक सोलर पावर प्लांट का उद्घाटन किया। इस सोलर पावर प्लांट के माध्यम से स्थानीय लोगों को बहुत लाभ मिलेगा। ज्ञात हो कि सोलर पावर यानि सौर ऊर्जा एक अक्षय ऊर्जा स्त्रोत है।

बता दें कि प्रधानमंत्री के दिशानिर्देश पर रिन्यूएबल एनर्जी को बढ़ावा देने की दिशा में यह सोलर प्लांट काफी कारगर साबित होगा। इस दौरान वे वहां के अधिकारियों एवं हितधारकों से मिले। उन्होंने हितधारकों के समुचित विकास के लिए उचित और बहुमूल्य दिशा निर्देश भी दिये।

## सीएमपीडीआई के कार्यों की समीक्षा की



**रांची।** केंद्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री, सतीश चन्द्र दूबे ने शनिवार को सीएमपीडीआई के कार्यो की समीक्षा की। सीएमपीडीआई की समीक्षा के दौरान उन्हें सीएमपीडीआई के कार्य-कलापों की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि सीएमपीडीआई कोयला मंत्रालय,कोल इंडिया के अतिरिक्त अन्य संस्थानों यथा हिन्दुस्तान कापर लिमिटेड,नाल्को, एनटीपीसी, एनएमडीसी, सेल इत्यादि को भी खनन एवं संबंधित कार्यों हेतु परामर्शी सेवाएं प्रदान करता है। कोयला एवं खान राज्य मंत्री श्री दूबे ने कोयला एवं खनन उद्योग के विकास में सीएमपीडीआई के योगदान की सराहना की एवं भविष्य में और बेहतर कार्य करने हेतु प्रेरित किया। समीक्षा बैठक के दौरान सीएमपीडीआई के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार,निदेशक अजय कुमार, सतीश झा, अच्युत घटक, महाप्रबंधक (तकनीकी/पीआर) संजय कुमार दुबे उपस्थित थे।

# पलामू एवं गढ़वा में किसानों के खेतों को कब मिलेगा पानी : हाइकोर्ट

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने राज्य सरकार से मौखिक पूछा कि पलामू एवं गढ़वा में किसानों के खेतों को कब तक पानी मिलेगा? प्रस्तावित कनहर बराज प्रोजेक्ट रिपोर्ट को फाइनल कर कब तक केंद्र सरकार को भेजेंगे ताकि फंडिंग हो सके। हाई कोर्ट की खंडपीठ ने राज्य सरकार द्वारा कनहर प्रोजेक्ट के लिए और 8 साल मांगे जाने संबंधी शपथ पत्र को खारिज करते हुए कहा कि राज्य सरकार जल्द से जल्द कनहर बराज प्रोजेक्ट के एनवायरमेंटल क्लीयरेंस, फॉरेस्ट क्लीयरेंस, जमीन अधिग्रहण आदि कार्यों को निष्पादित करें। जिससे केंद्र सरकार से फंड मिल सके। खंडपीठ ने राज्य सरकार को एक सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए कहा कि अगर सरकार का जवाब सटीक नहीं आता है तो मुख्य सचिव को कोर्ट में उपस्थित होना होगा। खंडपीठ ने मौखिक कहा कि वर्ष 2009 से यह जनहित याचिका चली आ रही है लेकिन इसके बावजूद प्रोग्रेस नहीं हुआ है।

पहले मामला कनहर डैम और कनहर बराज को लेकर फंसा रहा है। पैसों की भी बबार्दी हुई। लेकिन कनहर बराज के काम की प्रगति आज भी वही है। बता दें कि गढ़वा, पलामू के लोगों को पानी उपलब्ध करने के लिए कनहर बराज बनवाने का आग्रह करते हुए हाईकोर्ट में विधायक भानु प्रताप शाही की ओर से जनहित याचिका दाखिल की गई है।

# टेट पास शिक्षकों ने निकाला न्याय, वार्ता के बाद आंदोलन समाप्त

## मंत्री ने दिया आश्वासन, अगले हफ्ते फिर से होगी वार्ता

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** टेट सफल सहायक अध्यापक संघ के बैनर तले राज्य के सभी जिलो से 5 हजार टेट पास सहायक अध्यापकों ने शनिवार को शिक्षामंत्री आवास न्याय मार्च में भाग लिया। इससे पूर्व राज्य के टेट पास पारा शिक्षक पुरानी विधानसभा के समक्ष एकत्रित हुए और अपनी दो सूत्री मांगों, सहायक आचार्य में 12078 का एरजेस्टमेंट एवं 10 को शिथिल करने की मांग को लेकर शिक्षामंत्री आवास की ओर कूच किया। लेकिन भारी संख्या में तैनात पुलिस प्रशासन ने मंत्री आवास से पहले ही उन्हें रोक दिया। इस कारण कुछ देर के लिए अफरा तफरी मची। परन्तु इसी बीच प्रशासन के द्वारा मंत्री से वार्ता की बात कही गयी। फिर प्रदेश कमेटी से 11 व्यक्ति वार्ता के लिए प्रशासन को सूची दिया गया। तब जाकर 5 सदस्यो से मंत्री आवास में मंत्री बैजनाथ राम से वार्ता हुई। मंत्री ने टेट पास सहायक अद्यापकों की मांग पत्र को देखा। इस दौरान मंत्री ने टेट पास शिक्षकों की बातों को गंभीरता से सुना। उनकी बातों को सुनने के बाद मंत्री ने कहा कि इस मुद्दे पर अगले हफ्ते फिर से आप सभी से बात की जायेगी। इसे वातार्कार कमेटी एवं प्रदेशी कमेटी ने स्वीकार कर लिया और इसी के साथ आज के आंदोलन को स्थगित किया। शिक्षामंत्री आवास के समक्ष न्याय मार्च में प्रमोद कुमार मिथिलेश उपाध्याय, सीमांत घोषाल, मीना कुमारी, महेश मेहता, राजेन्द्र प्रसाद दता, गौरव कुमार, राजकिशोर महतो, अजय कुमार, जितेन्द्र कुमार, अरविंद कुमार, कालीनाथ शाहदेव, समेत जिला के दिनेश महतो ब्रजेश कुमार यादव बबलु घोष, मनोज यादव संतोष मंडल दिनेश महतो बिन्दुसिंह गीता कुमारी दीपिका कुमारी अजय नायक प्रवीण कुमार संनीफ अंसारी आजम अंसारी रामेश्वर महतो कैलाश यादव विवेक कुमार विनोद यादव कामेश्वर कुमार आदित्य कुमार तुफैल अंसारी विनोद मुंजरी सहित सभी 24 जिलों के हजारों टेट पास पारा शिक्षक शामिल थे।

## खबर एक नजर में

### वंदे भारत ट्रेन चार घंटे में तय करेगी दुमका से रांची का सफर, इन स्टेशनों पर होगा ठहराव

**रांची।** दुमका से रांची के लिए वंदे भारत ट्रेन का शुभारंभ 15 सितंबर को किया जायेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 सितंबर को जमशेदपुर से टाटानगर से बैद्यनाथ धाम-काशी विश्वनाथ वंदे भारत ट्रेन और दुमका रांची वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। गोड्डा के सांसद डॉ. निशिकांत दुबे के प्रस्ताव पर रेल मंत्रालय ने बैद्यनाथधाम से काशी विश्वनाथ और दुमका से रांची वंदे भारत ट्रेन की मंजूरी दी है। दुमका रांची वंदे भारत एक्सप्रेस मात्र 4 घंटे का समय लगेगा। ट्रेन गोड्डा, देवघर व मधुपुर से न्यू गिरिडीह स्टेशन होते हुए जमुआ, राजधनवार, कोडरमा, बरही व हजारीबाग होते हुए रांची तक जाएगी। इस ट्रेन की समय सारणी भी जल्द जारी हो जाएगी. इस ट्रेन में जनरल बोगी नहीं होगी। ट्रेन का टिकट दूसरी ट्रेन की तुलना में अधिक होगा। टाटानगर से बैद्यनाथ धाम काशी विश्वनाथ वंदे भारत ट्रेन वाराणसी से सुबह 6: 20 बजे खुलेगी। सुबह 9: 10 बजे गया स्टेशन पहुंचेगी और दोपहर 13: 30 बजे बैद्यनाथधाम स्टेशन पहुंच जाएगी। ट्रेन के परिचालन शुरू होने से देवघर में बाबा बैद्यनाथ व गया में विष्णु पद मंदिर व वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर का दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं को अत्यधिक सुविधा मिलेगी। हालांकि इस संबंध में आधिकारिक घोषणा बाकी है।

### दो साल बाद भी झारखंड को है एफएसएल डायरेक्टर की नियुक्ति इंतजार

**रांची।** झारखंड में अब तक एफएसएल निदेशक (डायरेक्टर) की नियुक्ति नहीं हो पायी है। आज से दो साल पहले एके बापुली एफएसएल के डायरेक्टर थे। उनका कार्यकाल 15 सितंबर 2022 को ही खत्म हो गया था। उनकी कार्यावधि बढ़ाने के लिए सरकार के पास फाइल गयी थी। लेकिन अब तक उक्त फाइल पर विचार नहीं हो सका है। ऐसे में झारखंड में एफएसएल डायरेक्टर का पद अब तक खाली पड़ा है।

**नियुक्ति की फाइल गृह विभाग को कर दी थी वापस :** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) ने 28 सितंबर 2022 को ही एफएसएल के डायरेक्टर पद पर सीधी भर्ती से संबंधित फाइल गृह विभाग को वापस कर दी थी। फाइल को वापस करने के साथ ही जेपीएससी ने टिप्पणी की थी कि त्रुटियों के निराकरण के बाद ही यह प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। राज्य सरकार ने एफएसएल के निदेशक पद पर सीधी भर्ती के लिए जेपीएससी से पत्राचार भी किया था। लेकिन जेपीएससी ने कुछ बिंदुओं पर आपत्ति जताते हुए गृह विभाग को फाइल वापस कर दी थी। साथ ही जेपीएससी की ओर से तर्क दिया गया था कि इस पद के लिए संबंधित नियमावली में उम्र सीमा और चयन की प्रक्रिया का उल्लेख नहीं है। त्रुटि निराकरण के बाद ही जेपीएससी इस दिशा में आगे बढ़ेगा।

# युवा आजसू की झारखंड नवनिर्माण संकल्प सभा आज, बेरोजगार युवा होंगे शामिल

## सरकार को शिक्षित बेरोजगार युवाओं का डेटा सौंपेगा युवा आजसू

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** झारखंड नवनिर्माण संकल्प सभा का आयोजन रविवार को सुबह 11.30 बजे धुर्वा स्थित प्रभात तारा मैदान में किया जाएगा। इससे पूर्व आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो बिरसा चौक, रांची से पद यात्रा करते हुए प्रभात तारा मैदान, धुर्वा पहुंचेंगे। पदयात्रा में पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा बेरोजगार युवा शामिल होंगे। संकल्प सभा के पूर्व सुदेश कुमार महतो गुवा गोली कांड के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

नवनिर्माण संकल्प सभा में वरीय उपाध्यक्ष सह गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, केंद्रीय प्रधान महासचिव सह पूर्व मंत्री राम चन्द्र सहिस, केंद्रीय महासचिव सह गोमिया विधायक लंबोदर महतो, केंद्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व मंत्री उमाकांत रजक, रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी, केंद्रीय समिति के पदाधिकारी, जिला, प्रखंड, पंचायत समिति के पदाधिकारी, युवा आजसू, आजसू छात्र संघ के पदाधिकारी तथा पार्टी के सभी अनुसंगी ईकाई के पदाधिकारियों के साथ-साथ राज्य के हजारों शिक्षित बेरोजगार युवा शामिल होंगे। युवा आजसू ने कहा है कि सरकार ने अपनी गलत नीतियों की वजह से युवाओं के भविष्य को अंधेरे में धकेल दिया है। आज युवा हाथों में डिग्री लेकर घरों पर बैठे हैं सरकार को कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। यह सरकार की युवाओं के प्रति गैर जिम्मेदाराना रवैये को दिखलाता है। पांच साल के अपने कार्यकाल में इन्होंने सबसे अधिक नुकसान युवाओं का किया है। सरकार की वादाखिलाफियों को लेकर युवाओं के अंदर गुस्सा है। अपने शैक्षणिक डिग्री की कॉपी लेकर युवा सभा स्थल पहुचेंगे और सरकार के खिलाफ अपने गुस्से को प्रदर्शित करेंगे।

**बॉयोडाटा संग्रह अभियान से जुड़े लाखों युवा :** युवा आजसू द्वारा 24 अगस्त से 7 सितंबर तक राज्यभर के बेरोजगार शिक्षित युवाओं को डेटा एकत्रित करने के लिए बॉयोडाटा संग्रह अभियान चलाया गया। इस दौरान प्रदेशभर से ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम से प्राप्त हुए बॉयोडाटा को झारखंड नवनिर्माण संकल्प सभा में सरकार के समक्ष राखा जाएगा। इस अभियान में एक लाख से अधिक युवाओं ने अपना बॉयोडाटा जमा किया है। युवा आजसू द्वारा हर प्रखंड में डोर टू डोर जाकर ऑफलाइन और वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन बॉयोडाटा इकळा किया गया है।

# लोस में हारे हुए नेताओं की नयी फौज से विस फतह करेगी भाजपा ?

## सीता-गीता का नहीं चला जादू, अब चंपई के सहारे जंग जीतेने की तैयारी

खबर मन्त्र ब्यूरो







**रांची।** 2024 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी झारखंड में हारे हुए नेताओं को आगे करके विधानसभा चुनाव लड़ने की तैयारी में है। यहां से सीता सोरेन, गीता कोड़ा, लोबिन हेंब्रम जैसे नेता लोकसभा चुनाव हार चुके हैं। आदिवासी वोटरों को लुभाने के लिए बीजेपी एक बार फिर इनपर दांव लगाने जा रही है। इनमें पूर्व सीएम चंपई सोरेन भी इसमें शामिल हैं, जो लोकसभा चुनाव में अपने विधानसभा सीट सरायकेला से झामुमो को वोट नहीं दिलवा पाये थे। बताते चलें कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव से पहले बीजेपी ने झारखंड में विपक्ष के बड़े नेताओं को अपने पाले में कर लिया है। बीजेपी दावा करती है कि वो इन नेताओं के जरिये विधानसभा चुनाव में जेएमएम को पटकनी दे देगी।

नहीं चला सीता-गीता का जादू

हालांकि हकीकत यह है कि 2024 में बीजेपी ने हारे हुए विपक्षी नेताओं की फौज अपने यहां जमा कर ली है। लोकसभा चुनाव से पहले जामा से जेएमएम विधायक सीता सोरेन और सिंहभूम से कांग्रेस सांसद गीता कोड़ा को बीजेपी में शामिल कराया गया। सीता को दुमका और गीता को सिंहभूम से चुनाव लड़वाया गया, लेकिन दोनों चुनाव हार गयीं। अब लोकसभा चुनाव के पहले बीजेपी ने पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन और पूर्व विधायक लोबिन हेंब्रम को झामुमो में शामिल कराया है। चंपई सोरेन लोकसभा चुनाव नहीं लड़े थे, फिर भी लोकसभा चुनाव में उनकी हार हुई थी। चंपई सोरेन उस वक्त जेएमएम में थे और राज्य के मुख्यमंत्री थे। जेएमएम से जोबा मांझी सिंहभूम से उम्मीदवार थीं। दूसरे विधानसभा सीटों से मिले वोट से जोबा मांझी चुनाव जीत गईं, लेकिन चंपई के विधानसभा से पीछे रहीं। सरायकेला में जोबा बीजेपी से 20285 वोट से पीछे थीं। वहीं लोबिन हेंब्रम भी राजमहल लोकसभा सीट के साथ-साथ अपने सीटिंग विधानसभा सीट बोरियो में भी बुरी तरह हार गये थे। बोरियो में उन्हें सिर्फ 14133 वोट मिले थे।

**अपनी सेफ सीट से हार गई गीता :** जगन्नाथपुर विधानसभा सीट कोड़ा फैमिली के लिए सेफ सीट माना जाता है। यहां से मधु कोड़ा और गीता कोड़ा विधानसभा चुनाव जीतते रहे हैं, लेकिन इस बार के लोकसभा चुनाव में जगन्नाथपुर विधानसभा सीट पर गीता कोड़ा 20977 वोटों से जोबा मांझी से हार गईं। चाईबासा, मनोहरपुर, मझगांव और चक्रधरपुर विधानसभा सीट पर भी गीता कोड़ा को कम वोट मिले। गीता ने कोल्हान टाइगर के विधानसभा क्षेत्र में सेंधमारी करते हुए वहां सबसे अधिक वोट हासिल किया। लोकसभा चुनाव का रिजल्ट बताता है कि गीता और चंपई दोनों की हार हुई है।

**शिकारीपाड़ा, जामताड़ा में सीता को मिले कम वोट :** दुमका लोकसभा सीट पर शिबू सोरेन के परिवार का काफी प्रभाव है, लेकिन शिबू सोरेन की बहू सीता सोरेन पाला बदलने के कारण लोकसभा का चुनाव हार गईं। विधानसभा की अपनी सीटिंग सीट जामा में उन्हें वोट मिले, लेकिन जेएमएम प्रत्याशी नलिन सोरेन से महज 5000 वोट ही अधिक ला सकीं। शिकारीपाड़ा, जामताड़ा में सीता को नलिन से काफी कम वोट मिले। चुनाव का रिजल्ट आने के बाद सीता ने अपनी हार का ठीकरा पूर्व सांसद सुनील सोरेन, पूर्व मंत्री लुईस मरांडी और विधायक रणधीर सिंह पर फोड़ दिया। पार्टी के प्रदेश नेतृत्व पर भी उन्होंने सवाल उठाये थे।

### कहीं, टूट न जाये भाजपा का ख्वाब

लोकसभा चुनाव के रिजल्ट के आंकड़े यह बताने के लिए काफी हैं कि बीजेपी विपक्ष के जिन नेताओं के भरोसे विधानसभा चुनाव जीतने के ख्वाब देख रही है, वह लोकसभा चुनाव में बुरी तरह पिट चुके हैं। सिर्फ सीता सोरेन को छोड़ दें तो चंपई (झामुमो को अपने विधानसभा से नहीं जितवा पाये), गीता और लोबिन की भी लोकसभा चुनाव में शर्मनाक हार हुई है।

### लोबिन चुनाव में बुरी तरह हारे

चंपई सोरेन के बाद लोबिन हेंब्रम बीजेपी में शामिल हुए हैं। बीजेपी ने लोबिन के भरोसे संथाल फतह की योजना बनाई है, जबकि लोबिन सीटिंग एमएलए रहते हुए लोकसभा चुनाव में अपने ही विधानसभा सीट में बुरी तरह से हारे हैं। जेएमएम से बगावत कर लोबिन ने राजमहल लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा था, लेकिन जनता ने उन्हें नकार दिया। राजमहल लोकसभा के सभी 5 विधानसभा सीटों में वे महज कुछ हजार वोटों में ही सिमट गये। बोरियो में उन्हें सिर्फ 14133 वोट मिले। राजमहल विधानसभा में तो 2000 वोट भी उन्हें नहीं मिल सका।

# पीएम के दौरे के पहले कोल्हान में दिखने लगा चंपाई इफेक्ट !

## सरायकेला के झामुमो कार्यकर्ता सम्मेलन में नदारद दिखे दो विधायक

सुधीर

**रांची।** 15 सितंबर को प्रधानमंत्री मोदी का जमशेदपुर में रैली में प्रस्तावित है। इस रैली के पहले ही कोल्हान में चंपाई इफेक्ट की झलक मिलने लगी है। सरायकेला में आयोजित झामुमो कार्यकर्ता सम्मेलन, जिसे आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों से जोड़ कर देखा जा रहा था। इसे पूर्व सीएम चंपाई सोरेन का पार्टी छोड़ने के बाद झामुमो कार्यकताओं में जोश भरने की तैयारी कवायद मानी जा रही थी।

उस बैठक से खरसांवा विधायक दशरथ गागराई और पोटका विधायक संजीव सरकार का गायब रहना सियासी गलियारों में चर्चा का विषय बन चुका है। दोनों विधायकों की निष्ठा डोलती दिख रही है, वैसे भी दोनों ही चंपाई सोरेन के बेहद करीबी माने जाते हैं।

**रैली से पहले झामुमो विधायकों का बदलता तेवर :** दोनों विधायकों की इस गैर मौजूदगी को पीएम मोदी की रैली से भी जोड़ कर भी देखा जा रहा है। दावा किया जा रहा पीएम मोदी की जमशेदपुर रैली के पहले-पहले झाममो के अंदर एक और टूट देखने को मिलेगी और कई झामुमो विधायक और कार्यकर्ता उस दिन पीएम मोदी के साथ मंच पर नजर आ सकते हैं। यदि ऐसा होता है तो यह झामुमो के लिए और बड़ा झटका होगा। अब तक तो झामुमो इस बात का दावा कर रही थी कि चंपाई सोरेन के साथ विधायक को दूर पंचायत स्तर का कार्यकर्ता भी नहीं गया, लेकिन यदि दशरथ गागराई और संजीव सरदार साथ छोड़ते हैं तो फिर कोल्हान की पूरी सियासत हिलती नजर आयेगी।

**रामदास सोरेन को मंत्री बनाना कई लोगों को खटक रहा है**

वहीं, राजनीति के जानकारों के कहना है कि चंपाई सोरेन के बगावत के बाद रामदास सोरेन को मंत्री बनाना भी झामुमो की एक भूल है। उनका दावा है कि यदि मंत्रिमंडल विस्तार को टाल दिया जाता तो विधायकों के अंदर यह नाराजगी देखने को नहीं मिलती। रामदास सोरेन को मंत्री बनाये जाना दशरथ गागराई को नागवार गुजरा है। दो-दो बार के विधायक और पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा को शिकस्त देनेवाले दशरथ गागराई अपने आप को रामदास सोरेन की तुलना में कहीं बड़ा चेहरा मानते हैं। साथ ही एक संताल को हटा कर दूसरे संताल पर दांव लगाना भी नाराजगी की बड़ी वजह हो सकती है। संजीव सरदार को तो पहले से ही चंपाई सोरेन का बेहद खास माना जाता था। चंपाई सोरेन के सीएम रहते संजीव सरदार को इसका लाभ भी मिला, कई योजनाएं मिली, इस हालत में रामदास सोरेन पर दांव खेलना झामुमो पर भारी पड़ता दिख रहा है। हालांकि विधायकों की गैर मौजूदगी की वजह क्या थी। अभी तक इसको लेकर झामुमो की ओर से कोई सफाई नहीं आयी है, लेकिन अंदरखाने कुछ ना कुछ तो पकता दिख रहा है। और यदि इन कयासों में कोई दम है तो पीएम मोदी का जमशेदपुर यात्रा के दिन या उसके पहले भी कोल्हान की सियासत में एक बड़ा उलटफेर देखने को मिल सकता है।

सुप्रभात
रांची, रविवार
08.09.2024
नगर संस्करण । पेज : 12
khabarmantralive.com

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | भादो, शुक्ल पक्ष, पंचमी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 60 | 12



धरती पर सुरक्षित उतरा अंतरिक्ष यान स्टारलाइनर




## न्यूज डायरी

### केंद्र ने पूजा खेडकर को भाप्रसे से किया बर्खास्त

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने पूजा खेडकर को तत्काल प्रभाव से भारतीय प्रशासनिक सेवा से बर्खास्त कर दिया है। पूजा खेडकर पर आईएएस (प्रोबेशन) नियम, 1995 के तहत कार्रवाई की गई है। इससे पहले यूपीएससी और दिल्ली पुलिस ने पूर्व आईएएस पूजा खेडकर की अग्रिम जमानत याचिका का विरोध किया था।

### शीर्ष कोर्ट से जमीन घोटाले में इडी की याचिका खारिज

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने रांची में सेना की 4.55 एकड़ जमीन की बिक्री से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बड़ा फैसला दिया है। शीर्ष कोर्ट ने इडी की उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें आरोपी को जमानत दिये जाने को चुनौती दी गयी थी। सीएम हेमंत सोरेन भी इस कथित भूमि घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी हैं। फिलहाल वह जमानत पर बाहर हैं। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने कहा कि आरोपी दिलीप घोष को जमानत देने के झारखंड हाईकोर्ट के 28 नवंबर, 2023 के आदेश को अन्य सह-आरोपियों के मामले में मिसाल नहीं माना जायेगा।

### मुख्यमंत्री को करमा पूजा महोत्सव में किया आमंत्रित

**रांची।** केन्द्रीय सरना समिति के अध्यक्ष नारायण उरांव के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को सीएम हेमंत सोरेन से मुलाकात की और करमा पूजा महोत्सव में आमंत्रित किया। प्रतिनिधिमंडल ने सीएम से 14 सितंबर को हरमू स्थित अखड़ा में शामिल होने का आग्रह किया।

### सहायक पुलिसकर्मियों का आंदोलन समाप्त

**रांची।** राज्य सरकार से वार्ता और कई मांगों पर सहमति बनने के बाद सहायक पुलिसकर्मियों का आंदोलन समाप्त हो गया है। वे दो जुलाई से धरने पर बैठे थे। झारखंड सहायक पुलिस प्रदेश अध्यक्ष अविनाश द्विवेदी और सचिव विवेकानंद गुप्ता ने बताया कि झारखंड सरकार ने उनकी कई मांगों को कैबिनेट से पास कर दिया है।

### मणिपुर में फिर हिंसा भड़की, पांच की मौत

**इंफाल।** मणिपुर के जिरीबाम जिले में शनिवार को संदिग्ध कुकी उग्रवादियों के हमले में पांच लोगों की मौत हो गयी। एक व्यक्ति घर पर ही मारा गया और ग्रामीणों की रखवाली कर रहा एक अन्य व्यक्ति भी मारा गया। गांव के रक्षकों ने उग्रवादियों का पीछा किया और तीन को गोली मार दी।

---

केंद्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री पहुंचे रांची, कहा

# शीर्ष अदालत के आदेशानुसार झारखंड को रॉयल्टी देगा केंद्र

- कोयला खनन में आ रही परेशानी के लिए राज्य सरकार जिम्मेदार, रैयतों की दूर होगी परेशानी, आज करेंगे धनबाद का दौरा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** केंद्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने कहा कि केंद्र सरकार सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार झारखंड को रॉयल्टी जरूर देगी। हालांकि उन्होंने राज्य सरकार के दायित्वों पर टिप्पणी करते हुए कहा कि अभी जो केंद्र से दिया जा रहा है और जो झारखंड सरकार को करना चाहिए, वह नहीं किया जा रहा है। श्री दुबे दो दिवसीय दौरे पर शनिवार को झारखंड पहुंचने पर रांची में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने खनन कार्य में आ रही समस्याओं के लिए उन्होंने राज्य सरकार को जिम्मेदार ठहराया। केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि केंद्रीय स्तर पर जिन समस्याओं का समाधान होना है, उसका तुरंत समाधान कर दिया जाएगा, लेकिन, राज्य सरकार द्वारा जिन समस्याओं का समाधान किया जाना है, उसमें कोताही बरती जा रही है। श्री दुबे ने कहा कि राज्य में खनन कार्य लक्ष्य के अनुरूप चल रहा है। पिछले दो महीने में बारिश के कारण खनन कार्य जरूर प्रभावित हुआ है, इसके बावजूद 90 फीसदी से अधिक उत्खनन हो चुका है।

**किसानों की मांगों व समस्याओं के समाधान का भरोसा :** केंद्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने किसानों की मांगों और उनकी समस्याओं का समाधान करने का भी आश्वासन दिया। साथ ही नौकरी भी दी जाएगी और प्रावधान के अनुसार सुविधाएं देने का काम किया जाएगा।

### 20 मेगावाट सोलर पावर प्लांट का किया उद्घाटन

केंद्रीय कोयला राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने सीसीएल के पिपरवार क्षेत्र का भी दौरा किया। उन्होंने वहां सीसीएल की महत्त्वाकांक्षी परियोजना के तहत 20 मेगावाट क्षमता के एक सोलर पावर प्लांट का उद्घाटन किया। इस सोलर पावर प्लांट के माध्यम से स्थानीय लोगों को बहुत लाभ मिलेगा। ज्ञात हो कि सोलर पावर यानि सौर ऊर्जा एक अक्षय ऊर्जा स्रोत है। बता दें कि प्रधानमंत्री के दिशा-निर्देश पर नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में यह सोलर प्लांट काफी कारगर साबित होगा। इस दौरान वे वहां के अधिकारियों एवं हितधारकों से मिले। उन्होंने हितधारकों के समुचित विकास के लिए उचित और बहुमूल्य दिशा निर्देश भी दिये।

## 19 को दो दिनी दौरे पर रांची आयेंगी राष्ट्रपति



लाह अनुसंधान संस्थान के शताब्दी समारोह में करेंगी शिरकत

**रांची।** भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 19 सितंबर को दो दिवसीय दौरे पर रांची आ रही हैं। वह राजभवन में ठहरेंगी और 20 सितंबर को नामकुम स्थित भारतीय लाह अनुसंधान संस्थान के शताब्दी समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। समारोह में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी उपस्थित रहेंगे। भारतीय लाह अनुसंधान संस्थान की स्थापना 20 सितंबर 1924 को हुई थी। संस्थान अपना 100वां स्थापना दिवस मना रहा है। संस्थान ने लाह के उत्पादन, प्रसंस्करण और निर्यात में प्रमुख भूमिका निभायी है। इसके पहले, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 सितंबर को जमशेदपुर का दौरा करेंगे। पीएम मोदी यहां से तीन नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों टाटा-पटना, टाटा-ब्रह्मपुर और देवघर-बनारस को हरी झंडी दिखाएंगे। यह दौरा झारखंड में केंद्र सरकार की प्राथमिकता और विकास योजनाओं को दिखाने का भी अवसर है।

## गणेश चतुर्थी !! घर-घर पधारे मंगलमूर्ति!!



**रांची। झारखंड समेत देशभर में श्री गणेश चतुर्थी की धूम है। सिद्धि विनायक भगवान गणेश की पूजा-अर्चना धूमधाम से की जा रही है। इन्हें विघ्नहर्ता और सुखकर्ता के रूप में भी जाना जाता है।**

---

## आरोपी हृदयानंद तिवारी के खिलाफ कुर्की-जब्ती पर हाई कोर्ट की रोक

**टेंडर घोटाला**

- 29 जुलाई को ईडी की टीम ने गढ़वा में फरार आरोपी हृदयानंद तिवारी के घर पर चिपकाया था इश्तेहार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** टेंडर घोटाला मामले में आरोपी हृदयानंद तिवारी को हाई कोर्ट से राहत मिली है। हाई कोर्ट की एकल पीठ ने हृदयानंद तिवारी के खिलाफ कुर्की जब्ती पर अगले आदेश तक के लिए रोक लगा दी। 29 जुलाई 2024 को ईडी की टीम ने गढ़वा में फरार आरोपी हृदयानंद तिवारी के घर में इश्तेहार चिपकाया। ईडी ने मनी लाउंड्रिंग के आरोप में जेल में बंद ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम से संबंधित मामलों में यह इश्तेहार चिपकाया है।

आरोपी हृदयानंद तिवारी के खिलाफ 25 जुलाई को पीएमएलए कोर्ट ने इश्तेहार जारी किया गया था और अगले 30 दिनों के अंदर हाजिर होने के लिए कहा गया था। इसके खिलाफ उन्होंने हाईकोर्ट में क्रिमिनल रिवीजन दाखिल की है। हृदयानंद तिवारी की ओर से हाई कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका भी दाखिल की गई है। इन दोनों मामलों की सुनवाई अब दो सप्ताह बाद होगी। गढ़वा निवासी हृदयानंद तिवारी दिल्ली में चार्टर्ड एकाउंटेंट हैं। हृदयानंद तिवारी पर आरोप है कि उन्होंने एक अन्य चार्टर्ड एकाउंटेंट मुकेश मित्तल से वीरेंद्र राम को मिलवाया था। मित्तल के कार्यालय में हृदयानंद तिवारी सहयोगी के रूप में कार्य करते थे।

**दो लाख रुपए कमीशन लेने का आरोप :** हृदयानंद तिवारी ने मुकेश मित्तल के माध्यम से वर्ष 2014 से लेकर 2019 के दौरान निलंबित मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम का 9.41 करोड़ रुपए मनी लॉड्रिंग कराया था। यह भी आरोप है कि उन्होंने इस मामले में दो लाख रुपए कमीशन लिये थे।

## आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम नौ को गिरिडीह और धनबाद में



**रांची।** गिरिडीह और धनबाद जिला का 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम नौ सितंबर को गिरिडीह के गांडेय में आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शामिल होंगे। कार्यक्रम को लेकर डीसी नमन प्रियेश लकड़ा और पुलिस अधिक्षक डॉ विमल कुमार ने कार्यक्रम स्थल फुटबॉल मैदान ताराटांड़ का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। उपायुक्त ने सभी विभागों को समय से पूरी तैयारी करने को कहा। उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय बनाकर सभी कार्यों को तेज गति के साथ करें, ताकि कार्यक्रम का सफल संचालन हो सके।

## केंद्रीय जांच एजेंसियों से जुड़ा मामला राज्य सरकार के अधीन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** केंद्रीय जांच एजेंसियों से जुड़े सभी मामलों पर अब मंत्रिमंडल सचिवालय समन्वय एवं निगरानी विभाग विचार करेगा। राज्य सरकार ने गृह विभाग के स्थान पर मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग को नोडल विभाग बनाया है। कैबिनेट के फैसले के बाद इस संबंध में कैबिनेट सचिव वंदना दादेल की हस्ताक्षर से अधिसूचना जारी कर दी गयी है। इसके तहत डीएसपी एक्ट की धारा- 5 एवं 6 के मामलों को छोड़कर सभी केंद्रीय एजेंसी से संबंधित मामले कैबिनेट सचिवालय को दिया गया है। इससे इस विभाग का कार्य दायित्व बढ़ गया है। अब सीबीआई, आइटी, ईडी, सहित अन्य जांच एजेंसी से जुड़ा मामला राज्य मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग देखेगा।

## विधायक सरयू राय पर आहार पत्रिका के प्रकाशन में करोड़ों की हेराफेरी का आरोप, प्राथमिकी दर्ज

**एजेंसी**



**रांची।** विधायक सरयू राय के खिलाफ आहार पत्रिका के प्रकाशन में करोड़ों रुपये की हेराफेरी करने का आरोप लगाकर रांची में मामला दर्ज कराया गया है। हरमू हाउसिंग कॉलोनी के मनोज सिंह ने अरगोड़ा थाना में छह सितंबर को केस दर्ज कराया है। उन्होंने विधायक सरयू राय पर ₹3.38 करोड़ से अधिक की राशि की हेराफेरी करने का आरोप लगाया है। आवेदन में मनोज सिंह ने कहा है कि पत्रिका के प्रकाशन के लिए कोई टेंडर भी नहीं निकाला गया। पूरे मामले में पैसे के गबन को दबाने के लिए पूर्व मंत्री ने जान-पहचान के लोगों को प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के पद पर नियुक्त कर विभागीय निदेशकों के दिशा-निर्देशों की अवहेलना कर मामले को रफा-दफा कराने का भी प्रयास किया। आवेदन में लिखा है कि 2015 में सरयू राय खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग के विभागीय मंत्री के रूप में नियुक्त हुए थे। साजिश के तहत लोगों को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करने के नाम पर खाद्य सुरक्षा, केरोसिन तेल वितरण, शिकायत, समाधान आदि के संबंध में आहार के प्रकाशन की सिफारिश की गई थी। इसे मंत्री के रूप में सरयू राय ने अनुमोदन के लिए प्रशाखा पदाधिकारी अपर सचिव और विभागीय सचिव को अनुशंसा भी की थी। दावा किया कि उस समय सरयू राय के निजी सहायक आहार पत्रिका के कार्यकारी संपादक आनंद कुमार, सुनील शंकर पर गंभीर आरोप हैं।

## एचइसी के यूनियन लीडर राणा संग्राम सिंह का निधन



**रांची।** एचईसी के सबसे पुराने यूनियन लीडर और इंटक के जाने माने राष्ट्रीय वरीय सचिव राणा संग्राम सिंह का शनिवार को निधन हो गया। वह 96 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार रविवार को धुर्वा स्थित सिठियो मुक्तिधाम में सुबह 11 बजे होगा। यूनियन लीडर के धुर्वा स्थित आवास से मुक्तिधाम तक सुबह 10 बजे शव यात्रा निकाली जायेगी। हटिया प्रोजेक्ट वर्कर्स यूनियन के संयुक्त महामंत्री लीलाधर सिंह ने राणा संग्राम सिंह के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि राणा संग्राम सिंह के निधन के साथ ही मजदूर आंदोलन के एक युग की समाप्ति हो गयी। उन्होंने कहा कि मजदूर आंदोलन के एक महान पुरोधा का अंत हो गया। बताया कि उनकी आखिरी इच्छा थी कि एचईसी का पुनरुद्धार हो।

---

### गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 67000 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 85000 रु./प्रति किलो |




यह अधिक कुशल और सहनीय उपचार, लाखों रोगियों को पर्याप्त लाभ की उम्मीद

# नयी शोध: कैंसर के इलाज को बेहतर बना सकता है नैनोथेरेपी का विकल्प

**एजेंसी**



**नयी दिल्ली।** दुनियाभर में कैंसर के बढ़ते मामलों को देखते हुए नयी उपचार विधियों की आवश्यकता भी बढ़ रही है। कीमोथेरेपी और सर्जरी जैसे पारंपरिक उपचारों की अपनी सीमाएं हैं, जिनमें दवा प्रतिरोध और गंभीर दुष्प्रभाव शामिल है। इन चुनौतियों से निपटने के लिए नैनोथेरेपी जैसे नवीन उपचार विकसित हो रहे हैं, जिसके कम दुष्प्रभाव हैं और असरदार भी है।

इसी क्रम में शोधकर्ताओं ने प्रभावी चुंबकीय हाइपरथर्मिया-आधारित कैंसर थेरेपी के लिए हीट शॉक प्रोटीन 90 अवरोधक के साथ अल्ट्रा-छोटे चुंबकीय नैनोकणों की आवश्यक खुराक के संयोजन का उपयोग किया है। यह तकनीक आवश्यक कीमोथेरेपी खुराक को कम करके उपचार की प्रभावकारिता को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ा सकती है, जो एक सहायक चिकित्सा के रूप में काम करती है जो दुष्प्रभावों को कम करती है।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के स्वायत्त संस्थान नैनो विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, मोहाली के वैज्ञानिकों ने दिखाया है कि एक संयोजन चिकित्सा गर्मी आधारित कैंसर उपचार की प्रभावशीलता में सुधार कर सकती है। इसमें संयोजन रणनीति शामिल है जो चुंबकीय हाइपरथर्मिया-आधारित कैंसर थेरेपी के साथ हीट शॉक प्रोटीन 90 के अवरोधक 17-डीएमएजी का उपयोग करती है।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अनुसार अनुसंधान दल ने प्रदर्शित किया कि एमएनपी, जब एक वैकल्पिक चुंबकीय क्षेत्र के संपर्क में आता है, तो वह ट्यूमर से प्रभावी ढंग से मुकाबला कर सकता है। एसीएस नैनो में यह विधि कम कम दुष्प्रभाव पैदा करती है। मंत्रालय का कहना है कि यह अध्ययन अधिक कुशल और सहनीय कैंसर-विरोधी उपचारों का मार्ग प्रशस्त करता है, लाखों रोगियों को पर्याप्त लाभ प्रदान करना सुनिश्चित करता है और हाइपरथर्मिया-आधारित उपचारों के लिए नयी दिशाएं प्रदान करता है।

# हेमंत सोरेन ने चंपई और भाजपा को जोर का झटका धीरे से दिया

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** एक तरफ जहां पूर्व सीएम चंपई सोरेन असम दौरे पर वहां के सीएम हिमंता विश्व सरमा के घर दावत खा रहे थे, वहीं दूसरी ओर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सरायकेला-खरसावां जिले के चंपई समर्थकों को अपनी ओर खींच कर धीरे से जोर का झटका दे दिया। सरायकेला-खरसावां से दर्जनों कार्यकर्ता शनिवार के सीएम आवास पहुंचे और हेमंत सोरेन के प्रति वफादारी दिखायी। ये वही नेता और कार्यकर्ता हैं, जो चंपाई सोरेन के कट्टर समर्थक हैं। मुख्यमंत्री आवास पहुंचे अधिकांश नेता कभी चंपई सोरेन के करीबी रहे थे। सीएम से मिले आये चंपई समथकों का सीएम ने स्वागत किया और उनका हौसला बढ़ाया। इन नेताओं कार्यकर्ताओं ने भी हेमंत सोरेन के आवास पर झामुमो के प्रति अपनी वफदारी दिखायी। इन्हीं नेताओं और कार्यकर्ताओं ने चंपई सोरेन को सरायकेला में पांच-छह बार जीत दिलाने में बड़ी भूमिका निभायी थी।

### गढ़वा में भी भाजपा को दिया झटका

इधर शनिवार को ही सीएम आवास में गढ़वा से आकर एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मौजूदगी में झामुमो की सदस्यता ली। झामुमो की सदस्यता लेने वाले एबीवीपी के सभी कार्यकर्ता गढ़वा से मंत्री मिथिलेश ठाकुर के साथ सीएम हाउस पहुंचे थे। इस मौके पर श्री ठाकुर ने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन की सोच से युवा जेएमएम की ओर आकर्षित हो रहे हैं। यही कारण है कि कई युवाओं ने भाजपा को छोड़ कर झामुमो की सदस्यता ली।

## प्रदेश कांग्रेस विस्तारित कार्यसमिति की बैठक में विस चुनाव पर मंथन

# बैठक में तीन राजनीतिक प्रस्ताव पारित

### जातीय गणना और पिछड़े वर्गों के लिए अलग विभाग बनाने का प्रस्ताव होगा पारित




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस विस्तारित कमिटी की बैठक शनिवार को प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता लालगुटुवा बैंक्वेंट हॉल, कटहल मोड़ में हुई। बैठक में विधानसभा चुनाव को लेकर मंथन हुआ एवं तीन राजनीतिक प्रस्ताव पारित किये गये। जिसमें प्रदेश में जातिगत जणगणना कराने, जिस जिले में नगर निगम है वहां रांची के तर्ज पर महानगर और ग्रामीण कमेटी का गठन करने और ओबीसी के लिए अलग मंत्रालय के गठन का प्रस्ताव पारित किया गया। साथ ही विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर नेताओं से फीडबैक भी लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के सचिव और झारखण्ड के सह प्रभारी सप्तगिरि शंकर उल्का (सांसद) और डॉ श्रीबेला प्रसाद, कांग्रेस विधायक दल के नेता डॉ रामेश्वर उरांव उपस्थित रहे। कार्यसमिति की बैठक को संबोधित करते हुए झारखण्ड के सह प्रभारी सप्तगिरि शंकर उल्का (सांसद) ने कहा कि आप की मेहनत ही आपकी ताकत बनेगी। कमजोर कड़ी को ढूंढना है और उसे मजबूत करना है।

प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि संगठन की मजबूती की दृष्टिकोण से जो भी विचार यहां रखी गई है उस पर अमल होगा। उन्होंने कहा कि पुरे झारखण्ड में लोकसभा के चुनाव में हमें पिछली बार के मुकाबले 16 लखों मतों की वृद्धि हुई इसे हमें अपने ताकत के रूप में इस्तेमाल करना है। कांग्रेस विधायक दल के नेता और राज्य के मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि हम जनता की उम्मीदों को पुरा कर रहें है। मंईया सम्मान योजना सबसे सबल योजना के तहत हम 48 लाख बेटियों को लाभान्वित करने का काम किया। आज वो आर्थिक रूप से सबल हो रहीं हैं। जो हमारे लिए गर्व की बात है।पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि बैठक आने वाले विधानसभा चुनाव की आगाज है। हमने आज से आगामी विधानसभा चुनाव की शुरूआत कर दी है, हमें पिछले बार से और अच्छे परिणाम देने हैं। क्योंकि जनता हमारे साथ खड़ी है। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप बलमुचू ने कहा कि सभी लोग चुनावी समर में पुरी मजबूती के साथ लग जाये। विधानसभा चुनाव में हमें ऐसी पाटियों से सामना करना है,जो झुठ, छल और साजिश के बाल पे चुनाव लड़ेगी।

# पहाड़ी मंदिर में भंडारा एवं सम्मान समारोह आज

### पवित्र सावन माह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मान



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** पहाड़ी मंदिर विकाश समिति के द्वारा पवित्र सावन माह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा। सम्मान समारोह सह महाभण्डारा, महाकाल का श्रृंगार एवं महाआरती का आयोजन आज दोपहर 1 बजे से किया जायेगा। प्रवक्ता बादल सिंह ने बताया है कि आयोजन को लेकर सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गयी हैं, साथ ही राज्य रक्षा मंत्री संजय सेठ, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, विधायक सीपी सिंह, राज्यसभा सांसद महुआ मांझी, जेएमएम प्रवक्ता बबलू पांडेय, मुख्य अपर सचिव अविनाश कुमार, पर्यटन सचिव मनोज कुमार, उपायुक्त राहुल सिन्हा, एसडीएम उत्कर्ष कुमार, सिटी एसपी राज कुमार मेहता, डीडीसी दिनेश यादव एवं शहर के प्रमुख्य लोगों को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश बंदना के साथ होगी। उसके बाद सभी अतिथियों का अंगवस्त्र देकर स्वागत किया जाएगा। फिर उत्कृष्ट कार्य करने वाले सबको प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। महाकाल का भोग लगा कर सभी भक्तो में प्रसाद का वितरण किया जाएगा एवं संध्या में महाकाल बाबा का भव्य श्रृंगार एवं महाआरती किया जाएगा। कार्यक्रम रांची पहाड़ी मंदिर विकाश समिति के अध्यक्ष पूर्व गृह सचिव एनएन पांडेय, सचिव राकेश सिन्हा के निर्देशानुसार एवं देखरेख में किया जा रहा है। कार्यक्रम की तैयारी में मुख्य रूप से कोषाध्यक्ष विनोद कुमार, वित्त प्रभारी राजेश साहू, प्रवक्ता बादल सिंह, अरुण वर्मा, राजीव वर्मा, शुभाशीष चटर्जी, राम सिंह, संजना शर्मा, स्वपना चटर्जी, अर्चना मिर्धा, स्वीटी गुप्ता, खुशबू गुप्ता, स्वेता सिंह, मीरा देवी, रंजीता पांडेय, राखी कौर, दीपक नंन्दा, मुरारी मंगल, अमन सिंह आदि लोग लगे हुए हैं।

## श्रमिक हितों के संरक्षण के लिए जीवन पर्यंत संघर्षरत रहे राणा संग्राम सिंह : सुबोधकांत



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने राष्ट्रीय स्तर के श्रमिक संगठन इंटक के वरिष्ठ नेता और हटिया प्रोजेक्ट वर्कर्स यूनियन के महामंत्री राणा संग्राम सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया है। श्री सहाय ने अपनी शोक संवेदना में कहा है कि स्व.सिंह जीवन पर्यंत श्रमिक हितों के संरक्षण के लिए संघर्षरत रहे। खासकर एचईसी के श्रमिकों के हितों के लिए उनके द्वारा किए गए कार्य हमेशा याद किए जाते रहेंगे। उनकी कार्यशैली और उनका जुझारूपन अनुकरणीय व अविस्मरणीय है। विशेषकर एचईसी क्षेत्र के लोकप्रिय श्रमिक नेता के रूप में उनकी पहचान युगों-युगों तक बनी रहेगी।

श्री सहाय ने कहा कि एचईसी कारखाना के जीर्णोद्धार और यहां के श्रमिकों के हितों की रक्षा के लिए उनके साथ मिलकर काम करने का कई बार सौभाग्य रहा। उन्होंने श्रमिक हित संरक्षण को सर्वोपरि समझते हुए कभी प्रबंधन के साथ समझौता नहीं किया। श्री सहाय ने दिवंगत की आत्मा की शांति और उनके परिजनों को इस दुख की घड़ी में संबल प्रदान करने की ईश्वर से कामना की।

# देश में गिर रहा भाजपा का ग्राफ, जनता पीएम मोदी को नकार रही है : डी राजा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव डी राजा ने कहा कि पूरे देश में भाजपा का ग्राफ गिर रहा है। जनता पीएम नरेंद्र मोदी को नकार रही है। 400 पार का नारा भी खोखला साबित हुआ। उन्होंने कहा कि गुजरात और महाराष्ट्र में भी भाजपा हारने वाली है। लगातार बीजेपी विपक्षी दलों पर हमलावर बनी हुई है। डी राजा शनिवार को अलबर्ट एक्का चौक स्थित पार्टी कार्यालय में मीडिया से बात कर रहे थे।

**महंगाई, बेकारी और भूखमरी भाजपा के एजेंडे में नहीं**

डी राजा ने कहा कि महंगाई, बेकारी और भूखमरी भाजपा एजेंडे में नहीं है। झारखंड में चुनाव को देखते हुए बांग्लादेशी घुसपैठियों का मामला उठा रही है। जबकि सबसे ज्यादा शासन करने वाली पार्टी भारतीय जनता पार्टी है। अगर देश में घुसपैठ हो रहा है तो उसके लिए देश के गृह मंत्री जिम्मेवार हैं। देश के गृह मंत्री सोये हुए हैं या घुसपैठियों से मिल गये हैं। कोई भी विदेशी घुसपैठ हो रहा है, उसके लिए गृह मंत्री अमित शाह जिम्मेवार हैं।

**हिंदू-मुस्लिम के नाम पर बांट रहे**

भाजपा पर निशाना साधते हुए डी राजा ने कहा कि झारखंड में विधानसभा चुनाव को देखते हुए हिंदू मुसलमान के नाम पर लोगों को बांटना शुरू कर दिया गया है, जबकि महंगाई, बेकारी, बेरोजगारी और लाचारी, भाजपा के मुद्दे नहीं हैं। झारखंड में मजबूत महागठबंधन की जरूरत है। राज्य में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी गठबंधन के साथ मिलजुल करके चुनाव लड़ना चाहती है। राज्य सरकार को चाहिए कि सभी तरह की छोटी-बड़ी पार्टियों को एक सूत्र में बांधकर एक मजबूत गठबंधन बनाये, ताकि भाजपा को सत्ता में आने से रोका जा सके।

## प्रकृति पर्व करम परंपरागत तरीके से मनायें : शिवा कच्छप

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** केंद्रीय सरना संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष शिवा कच्छप की अध्यक्षता में उप कर्यालय हेसल सामुदायिक भवन पिस्का मोड़ में शनिवार को बैठक हुई। इसमें केंद्रीय सरना संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष शिवा कच्छप ने कहा कि करम पूजा आदिवासियों का महत्वपूर्ण त्योहार है, जो प्रकृति से जुड़ा हुआ है। यह पूजा भादो एकादशी को होगी। अखड़ा में विधि-विधान से करमदेव को गाड़ा जायेगा और पूजा अर्चना की जायेगी। उन्होंने कहा कि करम पूजा की कहानी पहान से ही सुनें। हड़िया का सेवन प्रसाद के रूप में करें। अखड़ा में ढोल-नगाड़े एवं मांदर के साथ नृत्य करें और उस उत्सव को परंपरागत तरीके से मनायें। करमदेव की पूजा आन्नदि प्रार्थना के साथ शुरू करें। 14 सितंबर को उपवास और 15 सितंबर को पारन और 16 सितंबर को विसर्जन किया जाएगा। उन्होंने जिला प्रशासन से निवेदन किया है कि शहर के विभिन्न वार्ड के अखड़ा को साफ सफाई एवं ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव करवायें। बैठक में मुख्य रूप से सती तिर्की, अनिता उरांव, शोभा तिर्की, बसंती कुजूर, संगीता गाड़ी, कुईली उरांव, गुड्डु उरांव, कुलदीप उरांव, महादेव उरांव,नुरी तिर्की, पिंकी कुजूर, सुनिता उरांव, शोभा तिर्की, रीता खलखो, नीलम उरांव, सिटीआ उरांव, पार्वती उरांव, वृद्धि उरांव, बुधनी उरांव, जौरी टोप्पो इत्यादि उपस्थित थीं।

## रांची के सुखदेवनगर थाना क्षेत्र से ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री करते पांच युवक गिरफ्तार



रांची। सुखदेवनगर नगर थाना क्षेत्र स्थित सेंट्रल बैंक गली से ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री करते पांच युवक को गिरफ्तार किया गया है। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए आर्यन कुमार सिंह, गौतम कुमार यादव, शैलेश कुमार उर्फ गांधी, हर्ष कुमार और हिमांशु को गिरफ्तार किया है। इन सभी के पास से 15.19 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया है। शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि सुखदेवनगर थाना क्षेत्र सिथित अखिल मेमोरियल स्कूल सेन्ट्रल बैंक गली में अवैध रूप से नशीले पदार्थो का खरीद बिक्री की सूचना मिली थी। जिसके बाद पुलिस टीम के द्वारा छापामारी की गयी। पुलिस बल को देख भागने के क्रम में हिमांशु यादव उर्फ लालु यादव, आर्यन कुमार सिंह, गौतम कुमार यादव को पकड़ा गया। पकड़े गये इन तीनों अभियुक्तों के द्वारा स्वीकार किया कि प्लास्टिक की पुड़िया में नशीला पदार्थ ब्राउन शुगर है। इन अभियुक्तों के निशानदेही पर हर्ष कुमार शर्मा के घर पर छापामारी की गयी और वहां से हर्ष और शैलेश को गिरफ्तार किया गया।

# दो युवकों ने थाने में पुलिस अधिकारी को जमकर पीटा

### वीडियो में आयी थाने में मारपीट की फुटेज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** लालपुर पुलिस थाने में देर रात पुलिस और पब्लिक के बीच मारपीट की घटना घटी। पूरा मामला सीसीटीवी में रिकॉर्ड हो गया है। वीडियो शुक्रवार रात करीब 1:10 बजे का है। थाने में एक व्यक्ति थाने में ही एक पुलिस वाले की जमकर धुनाई करने की फुटेज आई है। बड़ी मुश्किलों के बाद अतिरिक्त पुलिस बल थाने पहुंचता है, तब दोनों युवकों को काबू में किया जाता है और उन्हें हाजत में बंद कर दिया जाता है। हाजत में बंद करने के बावजूद दोनों युवक पुलिसकर्मियों को वर्दी उतरवाने की धमकी देते रहे।

**सत्यापन में नहीं निकले किसी राजनीतिक पार्टी के कार्यकर्ता**

लालपुर पुलिस के एक अफसर से मारपीट करने के आरोप में जिन दो युवकों को गिरफ्तार किया गया है दरअसल वे किसी भी राजनीतिक पार्टी से ताल्लुक नहीं रखते हैं। लालपुर पुलिस की जांच में यह बात सामने आयी है कि वे लोग फर्जी रूप से गाड़ी में एक राजनीतिक पार्टी का बोर्ड लगाकर चल रहे थे।

मामले को लेकर लालपुर थाने में पदस्थापित एएसआई सुनील मुर्मू के बयान पर दोनों युवकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया गया है। सुनील मुर्मू के अनुसार 6 सितंबर की रात दस बजे से वे रात्रि गश्ती ड्यूटी में थे। रात के करीब 1:00 बजे एक सफेद रंग की कार काफी तेज और लापरवाही के साथ लालपुर चौक की तरफ जा रही थी, जिसे चेकिंग के क्रम में रोका गया।

कार के नंबर प्लेट के ऊपर भाजपा पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य का बोर्ड भी लगा हुआ था। पुलिसकर्मियों के द्वारा जब कर चालक से कागजात मांगे गए तब वह मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों से अभद्र भाषा में बातचीत करने लगा। अपने आप को राजनीतिक पार्टी का कार्यकर्ता होने का हवाला देकर गाली-गलौज और दो मिनट के अंदर वर्दी उतरवाने की धमकी देने लगा।

बाद में अन्य पुलिसकर्मियों के साथ कार सवार दोनों युवकों को काबू में कर थाने लाया गया। थाने के अंदर आने के बाद दोनों युवक हंगामा करने लगे और कई कागजात फाड़ डाले। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी जब दोनों युवकों को काबू में करने की कोशिश करने लगे तब उसने पुलिस वाले के छाती, पीठ और चेहरे पर मुक्का चलाना शुरू कर दिया। एक बार तो एक युवक ने पुलिस वाले को दीवार में भी जोरदार पटक दिया। मारपीट में लालपुर थाने के ओडी पदाधिकारी जख्मी हुए हैं।

**दोनों को किया गिरफ्तार :** मारपीट करने वाले युवकों की पहचान रवि रंजन लकड़ा और विनोद लकड़ा के रूप में हुई। पुलिस के काम में बाधा पहुंचाने, पुलिस के साथ मारपीट, गाली गलौज के आरोप में एफआईआर दर्ज किया गया है। दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। मारपीट का जो वीडियो बना है उसे भी पुलिस ने सबूत के तौर पर रखा है।

# मां कामाख्या देवी के दर्शन करने असम पहुंचे पूर्व सीएम चंपई सोरेन

### असम के सीएम के शानदार आतिथ्य से सपरिवार हुए गदगद



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के पूर्व सीएम चंपई सोरेन इन दिनों असम की यात्रा पर हैं। असम के सीएम के बुलावे पर वह शनिवार को असम पहुंचे। गुवाहाटी में सपरिवार मां कामाख्या देवी के मंदिर गये, दर्शन पूजन किया।

सोशल मीडिया पर इसे पोस्ट भी किया। बताया कि गुवाहाटी में सपरिवार मां कामाख्या देवी का दर्शन किया। झारखंडवासियों की सुख, शांति, आरोग्य और समृद्धि की कामना की। इसके साथ ही वे असम सीएम हिमंता बिस्वा सरमा से भी मिले। उनके आवास पर मिली शानदार मेजबानी और आतिथ्य से गदगद भी हुए। शानदार आतिथ्य के लिए हिमंता और उनके परिवार को धन्यवाद भी दिया। कहा कि मां कामाख्या देवी की कृपा उन पर सदैव बनी रहे।

**चंपई सोरेन की मेजबानी से हिमंता भी थे उत्साहित**

हिमंता सरमा भी चंपाई सोरेन की मेजबानी से उत्साहित थे। एक्स पर बताया है कि आज रिनीकी और उन्हें झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ नेता चंपाई सोरेन और उनके परिवार की आवभगत करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। मां कामाख्या के दर्शन करने के लिए चंपाईजी गुवाहाटी पधारे। उन्हें असमिया व्यंजनों से परिचित कराने का अवसर भी मिला। उनके अनुभवों से हमें बहुत कुछ सीखने को मिला।

**असम के सीएम का था आमंत्रण**

बताते चलें कि पिछले दिनों चंपाई सोरेन ने झामुमो छोड़ कर भाजपा का दामन थाम लिया था। जिस दिन वे भाजपा में शामिल हुए थे, उस दिन हिमंता भी रांची स्थित उनके आवास पर गये थे। इस दौरान चंपाई सोरेन ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक्स पर बताया था कि असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा एवं झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी उनसे मिलने आये। उन्होंने मुझे गुवाहाटी (असम) स्थित मां कामाख्या देवी मंदिर का दर्शन करने का आमंत्रण दिया। मालूम हो कि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री ने अपनी पुरानी पार्टी झामुमो पर अपमानित करने का आरोप लगाते हुए बीजेपी का दामन थाम लिया था। इस मौके पर उन्होंने कहा था कि जिसे मैंने खून पसीने से सींचा, वहां मुझे अपमानित किया गया।

## कांके में फायरिंग मामले में तीन गिरफ्तार

**रांची।** रांची पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। कांके में फायरिंग करने के मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार लोगों में मनोज व नेतालाल शामिल हैं। इन लोगों ने कांके इलाके में कल देर शाम फायरिंग की वारदात को अंजाम दिया था। इस मामले में एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है जिसके नाम पर हथियार का लाइसेंस है। इसके अलावा एक दूसरे मामले में दो जमीन दलालों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार जमीन दलालों के नाम राशिद अंसारी और विजय हैं। गिरफ्तार सभी लोगों से कांके थाने की पुलिस फिलहाल पूछताछ कर रही है।

## खबर एक नजर में

### हरमू रोड श्रीश्याम मंदिर में भगवान श्री गणेश की विशेष श्रृंगार कर पूजा अर्चना की गयी



**रांची।** हरमू रोड़ के श्रीश्याम मंदिर में शनिवार को श्री गणेश चतुर्थी के अवसर श्री गणेश जी की विशेष श्रृंगार कर पूजा अर्चना की गई। मंदिर में विराजमान सभी देवी-देवता को भी गेदा फूल,लाल एवं गुलाब, तुलसी दल,एवम मुरगन फूलों से दिव्य श्रृंगार किया गया। श्री गणेश जी महाराज 2100 लड्डू का भोग अर्पित किया गया। पुरा मंदिर परिसर गणेश जी महाराज, मंगलमूर्ती, की जय जयकारो से गूंज रहा था। मण्डल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, यजमान वर्मन परिवार के लोग, अनिल निरनोली, विवेक नारसरिया,रुपेश वर्मन, श्रवण ढाढ़ंनिया,अमित सरावगी,अनुज मोदी राहुल मारू, अजय मारू ,राजीव मित्तल सहित 50 से ज्यादा भक्तो ने भण्डारे प्रसाद वितरण में सहयोग किया।

### 57वां श्री श्याम मोहत्सव का आयोजन

**रांची।** शनिवार को अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में मोहत्सव का मुख्य समारोह रात्रि 9 बजे से प्रारम्भ हुआ। इस अवसर पर पूरे मन्दिर परिसर को अत्यन्त चिताकर्षक ढंग से सजाया गया एवं रजत सिंहासन पर विराजमान श्री श्याम प्रभु का बेंगलुरू से मंगाए गए विभिन्न प्रकार के गुलाब के फूल, ऑर्किड, जिप्सी फूल, जरबेरा इत्यादि फूलों से दिव्य शीश का मनोहरी श्रृंगार किया गया। साथ ही मन्दिर में विराजमान शिव परिवार एवं वीर बजरंगबली का इस अवसर पर विशेष श्रृंगार किया गया। मण्डल के संरक्षक ओम प्रकाश जोशी द्वारा गणेश पूजन किया गया। मण्डल के अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश बागला ने आगंतुक भक्तों का स्वागत किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मण्डल के धीरज बंका, मनोज सिंघानिया, गोपी किशन ढांढनियां, प्रियांश पोद्दार, विकाश पढ़िया, राकेश सारस्वत, गोविंद सारस्वत, अमित जालान, बालकिशन परसरामपुरिया, सुदर्शन चितलांगिया का सहयोग रहा।

### झालसा के निर्देश पर ज्वाला शक्ति समूह ने सेक्स वर्करों के लिए किया कार्यशाला का आयोजन

**रांची।** झालसा के निर्देश पर डालसा के मार्गदर्शन में शनिवार को ज्वाला शक्ति समूह (सृजन फाउंडेशन) के द्वारा सेक्स वर्करों के अधिकारों के संरक्षण को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में लगभग 30 सेक्स वर्करों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर डालसा सचिव कमलेश बेहरा, रिनपास के साईकियाट्रीक डिपार्टमेंट डॉ मनीषा किरण, महिला थाना प्रभारी प्रिया साव, डीसीपीयू से आये प्रोटेक्शन ऑफिसर अलकमा सिकन्दर, निदेशक, श्रीजन फाउंडेशन, एनजीओ, सोपन मन्ना एवं इस एनजीओ के एक्टिव कार्यकर्ता पूष्पा शर्मा, एलएडीसीएस अधिवक्ता, राजेश कुमार सिन्हा, सदस्य, बाल कल्याण समिति अंशुमाला कर्णा, विनय कुमार श्यामा एवं अन्य, पैनल अधिवक्ता, सोशन नाग, ममता कुमारी, आरती ललन गुप्ता, उर्मिला रोशन एक्का, पुष्पावति कुमारी एवं पीएलवी उपस्थित थे।

### मैरी स्टेला राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग की पैनल सदस्य बनीं



**रांची।** राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग, भारत सरकार ने रांची की रहने वाली मैरी स्टेला को राज्यस्तर पर एनसीएम के पैनल सदस्य के रूप में नामित किया है। मैरी स्टैला अल्पसंख्यक समुदायों के मुद्दों पर आयोग को सलाह देने का कार्य करेगी। इस संबंध में राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के चेयरमैन इकबाल सिंह लालपुरा ने पत्र जारी कर दिया है। श्री लालपुरा ने मैरी स्टेला को उनके कार्यो के प्रति निष्ठा जाहिर करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### सोना चांदी व्यवसाय समिति का चुनाव आज

**रांची।** शनिवार को सोना चांदी व्यवसाय समिति के निर्णायक मंडल के सदस्यों की आवश्यक बैठक समिति के पूर्व अध्यक्ष विजय बर्मन की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि आज चर्च रोड के स्वर्ण कलश भवन में होने वाले सोना चांदी व्यवसाय समिति का चुनाव विधि संवत एवं स्वच्छ तरीके से संपन्न कराया जायेगा। सोना चांदी व्यवसाय समिति के पूर्व अध्यक्ष विजय बर्मन, पूर्व अध्यक्ष डॉ दिलीप सोनी, पूर्व सचिव सुरेश प्रसाद ने संयुक्त रूप से समस्त सोना चांदी व्यवसाईयों से आग्रह किया कि सोना चांदी व्यवसाय समिति के चुनाव में ऐसे व्यक्ति को अध्यक्ष चुनकर लाएं जो व्यवसाईयों के हक के लिए 24 घंटा उपलब्ध रहे एवं दुकानदारों के आवाज के लिए जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के पास अपनी बातों को रख सके। बैठक में मुख्य रूप से झारखण्ड उच्च न्यायलय के पूर्व महाधिवक्ता अजित कुमार,हटिया व्यवसाय समिति के अध्यक्ष भोला प्रसाद, समाजसेवी गोपाल सोनी, अधिवक्ता रविंद्र लाल, समाजसेवी डॉक्टर प्रदीप कुमार, समाजसेवी नंदलाल प्रसाद साहू, समाजसेवी दिलीप स्वर्णकार सहित अन्य उपस्थित थे।

### एचसीजी अब्दुर रज्जाक अंसारी कैंसर हॉस्पिटल ने बुजुर्ग कैंसर सर्वाइवर्स को किया सम्मानित



रांची। एचसीजी अब्दुर रज्जाक अंसारी कैंसर हॉस्पिटल ने शनिवार को बुजुर्ग कैंसर सर्वाइवर्स की हिम्मत और साहस को सम्मानित करने के लिए एक इवेंट आयोजित किया। हॉस्पिटल परिसर में हुए इस इवेंट में चीफ गेस्ट अनिल पाल्टा, आईपीएस (एडीजी), झारखंड के साथ गेस्ट ऑफ ऑनर मिस्टर सईद अहमद अंसारी, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर एचसीजी अब्दुर रज्जाक अंसारी कैंसर हॉस्पिटल और अरुण मिश्रा, जो कैंसर सर्वाइवर्स में से एक हैं, मौजूद थी। इस सेलिब्रेशन ने सर्वाइवर्स की मजबूत स्पिरिट और हर उम्र के लोगों को कॉम्प्रिहेंसिव केयर देने के हॉस्पिटल के कमिटमेंट पर प्रकाश डाला गया। सौरभ कांति मंडल, सीओओ एचसीजी अब्दुर रज्जाक अंसारी कैंसर हॉस्पिटल ने कहा कैंसर केयर के लीडिंग प्रोवाइडर के रूप में हम बुजुर्ग पेशेंट्स की यूनीक जरूरतों को एड्रेस करने के लिए समर्पित हैं।

### राज्य सरकार ने वकीलों के साथ की धोखाधड़ी : भाजपा

**रांची।** भाजपा विधि प्रकोष्ठ की एक आपात बैठक शनिवार को सिविल कोर्ट बार एसोशिएसन में हुई जिसकी अध्यक्षता प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव ने की। बैठक में झारखंड राज्य सरकार द्वारा जो वकीलों को ठगने के लिए लॉलीपॉप दिखाया गया है उस पर विस्तार से चर्चा हुई। सुधीर श्रीवास्तव ने बताया कि वकीलों के लिए कुल राशि राज्य सरकार द्वारा 9 करोड़ का स्वीकृति दे दी गयी जिसमें 6000 रुपया प्रति अधिवक्ता बतौर अनुदान झारखंड अधिवक्ता कल्याण निधि न्यासी समिति को सरकार देगी। उन्होंने कहा कि सवाल यह उठता है कि झारखंड के कुल वकील 33000 से अधिक हैं और उक्त 9 करोड़ को 6000 प्रति अधिवक्ता के हिसाब से 15000 वकीलों में ही समाप्त हो जायेगा। इसका अर्थ यह हुआ की आधा वकील राज्य सरकार का लाभ ले पाएंगे और आधा वकील इंतजार करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार की इस घोषणा के अलावा राज्य सरकार ने 65 वर्ष के बाद अपना लाइसेंस सरेंडर करने वालों को 14000 प्रति माह पेंशन देने का घोषणा की है। 14000 प्रति माह लेने के लिए कितने वकील, 65 वर्ष के बाद अपना लाइसेंस सरेंडर करेंगे यह अपने आप मे ही हास्यास्पद है। सरकार द्वारा यह घोषणा राज्य के वकीलों का वोट लेने के लिए उठाया गया है। राज्य के वकील समझ चुके हैं कि सरकार वकीलों को दो फाड़ में बांटकर फुट डालो और शासन करो की नियत से यह घोषणा की है। राज्य सरकार जो वकीलों की मुख्य मांग है एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट उस पर चुप्पी साधकर अपना नियत स्पष्ट कर चुकी है। आने वाला विधान सभा चुनाव में राज्य सरकार में जो पार्टी शामिल है उनको जबाब देने के लिए राज्य भर के 33000 से ज्यादा वकील पूरी तरीके से तैयार हैं।

# भगवान गणेश की पूजा-अर्चना से शहर का वातावरण भक्तिमय बना

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** सिद्धि विनायक भगवान श्रीगणेश की पूजा-अर्चना पूरे शहर में धूमधाम से की गई। गणेश चतुर्थी के मौके पर शहर भर में कई स्थानों पर पंडालों में भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित कर पूजा बड़े ही धूमधाम के साथ देर रात्रि तक की जाती रही। गणपति का दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। बाजार और घरों में भी चहल-पहल बनी रही। मंदिरों और पंडालों में भगवान गणेश की पूजा-पाठ पूरे विधि-विधान के साथ की गई। शहर के अल्बर्ट एक्का चौक,डोरंडा,हिनू,कचहरी चौक स्थित पूजा पंडालों में स्थापित भगवान गणेश की प्रतिमा श्रद्धालुओं के दर्शन और पूजन के लिए खोल दिया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पंडालों में पहुंचकर उनका दर्शन कर पूजा की। पहले दिन वैदिक मंत्रोच्चारण से से भगवान गणेश की पूजा-अर्चना से शहर का वातावरण भक्तिमय बना रहा है।

## ओटीसी के गजराज पूजा समिति के पंडाल में बिराजमान हुए श्रीगणेश

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** गजराज पूजा समिति की ओर से ओटीसी मैदान में गणेश उत्सव का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन समिति के संरक्षक अरुण गुप्ता ने किया। गजराज पूजा समिति की ओर से गणेश चतुर्थी के अवसर पर गणेश जी का विशेष श्रृंगार किया गया। इसके बाद मंदिर में विराजमान सभी देवी देवताओं को श्रृंगार किया गया। गणेश जी को लड्डू का भोग लगाया गया। इसके बाद गंगा आरती की गई। इसमें सैंकड़ों दर्शक शामिल हुए। समिति के संरक्षक बंटी सिंह ने बताया कि 9 सितंबर की शाम संध्या आरती के बाद प्रसाद वितरण होगा। इस दौरान बच्चों के लिए कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गई है। ओटीसी मैदान के आसपास के पेड़ों को रंग बिरंगी रोशनी से सजाया गया है। पूजा में शामिल होने के लिए सभी सामाजिक सदस्यों को बंटी सिंह राजपूत, अध्यक्ष गौरव सिंह, संस्थापक मुक्कू सिंह और महासचिव विकास यादव समेत समिति के अन्य सदस्यों ने आभार जताया है।



## श्री गणेश पूजा समिति काली मंदिर रोड डोरंडा पंडाल का उद्घाटन



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** श्री गणेश पूजा समिति काली मंदिर रोड डोरंडा के भव्य पूजा पंडाल का विधिवत उद्घाटन शनिवार को पूर्व उपमहापौर अजय नाथ शाहदेव के साथ युवा भाजपा नेता रोहित शारदा, विनय सिन्हा दीपू,सतीश कुमार ,सरदार नरेंद्रपाल सिंह ,शंभू गुप्ता अध्यक्ष नवीन मल्होत्रा महामंत्री अमित गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर अजय नाथ शाहदेव ने कहा कि डोरंडा एक ऐसा स्थान है जहां पर सनातन धर्म के अनुयाई हर पूजा उत्सव बड़े ही धूमधाम से सभी धार्मिक सामाजिक एवं राजनीतिक लोगों को साथ लेकर संयुक्त रूप से मनाते हैं यह डोरंडा की विशेषता है। भाजपा युवा नेता रोहित शारदा ने कहा की यह हमारे परिवार की पूजा है और हम भव्यता से मनाते हैं। कार्यक्रम में मंच का संचालन रोहित शारदा एवं धन्यवाद ज्ञापन शंभू गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से समिति के संरक्षक संजय घोष टीटू, रंथु उरांव,राकेश पाल,अशोक सर्राफ, बिप्तू घोष, नितेश गुप्ता, बाबू सोना दास,विक्की घोष, विकास जायसवाल, विनय ठाकुर ,रवि राय,नरेंद्र पाल सिंह,राजू पाल,संकर राम, तापसी गोप,निरूपा कुमारी, मुनमुन गोप,माला गोप, चंपा घोष ,लकी घोष, रुक्मणी रजक, किया दास , रूपा घोष, नेहा दास, मधुमिता दास सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## नेहरू बाल युवक संघ गणेश पूजा समिति कृष्णा नगर कॉलोनी में भव्य गणेश पूजा का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। नेहरू बाल युवक संघ गणेश पूजा समिति कृष्णा नगर कॉलोनी में भव्य गणेश पूजा का आयोजन किया गया। पंडित पुरुषोत्तम दास गोस्वामी एवं पंडित राधेश्याम गोस्वामी के द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ विधि विधान से पूजा की गई। तत्पश्रात पूजा पंडाल का उद्घाटन भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज एवं सत्यनारायण सिंह रमेश सिंह, नंदकिशोर अरोड़ा, हरविंदर सिंह बेदी एवं पूर्व पार्षद अशोक यादव के द्वारा संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर राकेश शर्मा, राहुल चौधरी, दीपक सिंह, राजकुमार शर्मा, दिलीप गुप्ता, अरुण जसूजा, अश्विनी सुखीजा एवं विनोद किंगर उपस्थित थे।



**जागरण का भी हुआ आयोजन :** इस अवसर पर भव्य जागरण का आयोजन रात्रि में किया गया । जिसमे इलाहाबाद से आए सरोज चंचल के द्वारा भजनों की गंगा बहाई गई। दुर्गा जागरण मंडली के सदस्यों के द्वारा भी भजनों गंगा बहाई गई। आज महाआरती एवं महा भोग का वितरण भक्तों के बीच किया जाएगा।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में ,रवनीत सिंह,हर्ष अरोड़ा भारत मुंजल, विशाल अरोड़ा, धीरज किंगर, यश गखड, प्रणय किंगर, प्रभात विश्वास,प्रथम अरोड़ा,युग मिढा,प्रीत मिड्ढा,कुश किंगर,कृषि किंगर, पुनीत अरोड़ा का सहयोग रहा।

## केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री के आवास पर विराजे गणपति



**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के ओटीसी स्थित आवास पर धूमधाम के साथ गणेश उत्सव का आयोजन किया गया। यहां 10 दिनों तक गणेश उत्सव का आयोजन किया जाएगा। शनिवार को केंद्रीय राज्य मंत्री परिवार के संग अपने आवास पर पूजा अर्चना की। उन्होंने बताया कि यहां प्रत्येक दिन सुबह शाम आरती के साथ प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

## श्री गणेश जी की स्थापना पूजा की गई



**रांची।** अमर क्लब गणेश पूजा समिति हिनू में शनिवार को भगवान श्री गणेश जी की स्थापना पूजा की गई। क्लब के सदस्यों के द्वारा इस वर्ष भी पूजा का भव्य आयोजन किया गया है। भव्य पूजा पंडाल के साथ साथ भगवान श्री गणेश की 18 फीट की प्रतिमा को स्थापित किया गया है। पंडाल के पास बच्चों के लिए भिन्न भिन्न प्रकार के झूले भी लगाए गए हैं। 5 दिनों तक चलने वाले इस पूजा के दौरान भगवान श्री गणेश महाआरती का आयोजन किया जायेगा। मौके पर भोग का भी वितरण किया जायेगा।

## सीएम से मिला केन्द्रीय सरना समिति दिया करम पूजा पूजा में आने का न्योता



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शनिवार को कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री के आवासीय कार्यालय में केन्द्रीय सरना समिति, भारत का एक प्रतिनिधिमंडल मिला। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने 14 सितंबर को रांची के हरमु स्थित अखड़ा में करमा पूजा महोत्सव में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया। मौके पर केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष नारायण उरांव, उपाध्यक्ष हेमन्त गाड़ी, संयुक्त सचिव पंकज टोप्पो, हरमू सरना समिति के अध्यक्ष विक्की कच्छप, केंद्रीय सदस्य लक्ष्मण तिर्की एवं समिति के सदस्य आश्रिती कच्छप, निशि कच्छप, रिमीन कच्छप, अर्शिता उरांव, कोमल उरांव, संजय उरांव, अनमोल खलखो, जयश्री उरांव, प्रवीण उरांव सहित अन्य उपस्थित थे।

## पुस्तक मेला में-हिंदी साहित्य की क्लासिक और नए लेखकों की किताबें देख सकते हैं

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** अगर आप किताब पढ़ने के शौकीन हैं तो राजधानी रांची जरूर आये। ओकार्ड इंडिया द्वारा जिला स्कूल में राष्ट्रीय पुस्तक मेला शुक्रवार से चल रहा है। 16 सितंबर तक चलने वाले मेले का उद्घाटन झामुमो नेता सुप्रियो भप्ताचार्य ने किया। यहां वाणी प्रकाशन, विकल्प प्रकाशन, भारतीय ज्ञानपीठ, प्रकाशन संस्थान, सत्यम प्रकाशन के अलावा अहमदिया संप्रदाय का भी एक स्टाल लगा हुआ है। यहां बांग्ला, हिंदी, उर्दू, अंग्रेजी में पवित्र कुरआन खरीद सकते हैं। इस मेले में 50 से अधिक स्टॉल लगे हैं। मेला आयोजक जितेंद्र ने कहा कि करीब पिछले 8 साल से लगातार पुस्तक मेला लगाते आ रहे हैं।

**लोयला बैंक्वेट हाल में चल रहा चार दिवसीय पुस्तक मेला :** फादर कामिल बुल्के पथ स्थित लोयला बैंक्वेट हाल में चार दिवसीय पुस्तक मेला चल रहा है। आठ सितंबर तक चलेगा। यहां अंग्रेजी पुस्तकें काफी हैं। यहां पुस्तकों की कीमत बाक्स के अनुसार है। यानी, यहां आपको 12 सौ, 22सौ व तीन हजार रुपये का बाक्स मिलेगा और आप मनपसंद पुस्तकें छांट सकते हैं। वहीं, मेले में देश के प्रतिष्ठित प्रकाशक राजपाल एंड संस आए हैं। महेंद्र बिष्ट ने बताया कि राजपाल की किताबों पर बीस प्रतिशत की छूट दी जा रही है। यहां हिंदी साहित्य की क्लासिक और नए लेखकों की किताबें देख सकते हैं। प्रेमंचद, अमृतलाल नागर, कमलेश्वर से लेकर नए लेखकों प्रभात रंजन, लाल बाबू आदि की किताबें हैं। आदिवासियों पर भी कुछ पुस्तकें यहां उपलब्ध हैं।




## इटकी व धुर्वा बस स्टैंड के दिन बहुरेंगे मिलेंगी बेहतर नागरिक सुविधाएं

### नगर विकास सचिव ने नगर निगम के अधिकारियों को दिया निर्देश

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** नगर विकास सचिव सुनील कुमार ने राजधानी रांची से खुलने वाली इंटरसिटी बसों के लिए बने बस टर्मिनल में बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश निगम के अधिकारियों को दिया है। सचिव ने स्पष्ट तौर पर कहा है कि इटकी रोड स्थित बस टर्मिनल और धुर्वा बस टर्मिनल में बेहतर नागरिक सुविधा उपलब्ध करायी जायी, ताकि रोजाना आने वाले यात्रियों को किसी तरह की परेशानी न हो। सचिव ने अन्य शहरों में भी इंटरसिटी बसों के लिए बस टर्मिनल निर्माण की योजना लेने को कहा है। उन्होंने कहा कि कई माध्यमों से सरकार के समक्ष यह बात सामने आ रही थी कि इटकी व धुर्वा बस स्टैंड में नागरिक सुविधा की कमी है।



मालूम हो कि इन दोनों बस स्टैंड से प्रतिदिन सैंकड़ों बसें झारखंड के विभिन्न जिलों जैसे चतरा, डालटेनगंज, लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा, हजारीबाग, पटना बिहार-छत्तीसगढ़ इत्यादि के लिए खुलती है। ऐसे में प्रतिदिन हजारों यात्रि इन बस पड़ाव में आते हैं, जबकि, दोनों बस स्टैंड में बेहतर आधारभूत संरचना नहीं है। बेहतर शेड-शौचालय नहीं है। गंदगी पसरा रहता है। ऐसे में इन दोनों बस टर्मिनल को प्राथमिकता से दुरूस्त किया जायेगा। सचिव ने इसके अलावा रांची शहरी के स्ट्रीट लाइट हर क्षेत्र में जले यह सुनिश्ि्चत करने को कहा है, अगर खराब है तो तुरंत बदलें और जहां लाइट नही है वहां लाइट लगायें।

## राष्ट्रीय युवा महोत्सव के लिए राज्य नोडल पदाधिकारी बने डॉ ब्रजेश कुमार

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राष्ट्रीय युवा महोत्सव-2025 का आयोजन 12 से 16 जनवरी, 2025 को होगा। इसके लिए एनएसएस के राज्य पदाधिकारी डॉ ब्रजेश कुमार को झारखंड का राज्य नोडल पदाधिकारी मनोनीत किया गया है। डॉ कुमार का मनोनयन झारखंड सरकार के युवाकार्य एवं खेल निदेशालय के निदेशक संदीप कुमार ने किया है।

राज्य नोडल पदाधिकारी डॉ ब्रजेश कुमार राष्ट्रीय युवा महोत्सव के अंतर्गत झारखंड से भाग लेने वाले

### राष्ट्रीय युवा महोत्सव के लिए राज्य नोडल पदाधिकारी बने डॉ ब्रजेश कुमार

युवा दल को विभिन्न स्तर पर प्रतियोगिता का आयोजन कर राज्य स्तरीय दल के चयन में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

जिला, प्रमंडल एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के माध्यम से झारखंड राज्य से 115 युवा प्रतिभागियों का चयन कर उन्हें राष्ट्रीय युवा महोत्सव में भेजा जाएगा। राष्ट्रीय युवा महोत्सव का थीम विज्ञान और प्रौद्योगिकी में नवाचार है।

## उन्नत हथियारों की प्रदर्शनी देख बच्चे गौरवान्वित, कहा गर्व है हिंदुस्तान पर

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** सेना के पूर्वी कमान ने रांची के मोरहाबादी मैदान में तीन दिवसीय सशक्त सेना समृद्ध भारत महोत्सव के आयोजन के दौरान आर्मी मेले में जमकर भीड़ उमड़ रही है। मेले में घूमने आये अत्याधुनिक सैन्य हथियारों व उपकरणों की प्रदर्शनी से बच्चे खुश दिखे। बच्चों ने कहा कि हमें हिंदुस्तान पर गर्व है। दूसरे दिन प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी भी प्रदर्शनी देखने पहुंचे।

**हथियारों में आत्मनिर्भर है देश :** प्रदर्शनी में भारतीय सेना के तीनों विंग- थल सेना, वायु सेना और नौसेना की सहभागिता सराहनीय है। प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों को नवीनतम सैन्य उपकरण, हथियार और भारतीय सेना की बढ़ती ताकत को करीब से जानने का अवसर मिलने की चर्चा की गयी।

**युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत :** सेना के जवानों, अधिकारियों और उनके परिजनों के त्याग और समर्पण के प्रति दर्शन के बाद लोगों ने कहा कि सेना की अनुकरणीय योगदान देश को सशक्त और सुरक्षित बनाए रखता है। उन्होंने प्रदर्शनी को युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बताते हुए कहा कि यह प्रदर्शनी सेना में सेवा करने की भावना जागृत करेगी और देशभक्ति व अनुशासन की भावना को और मजबूत करेगी।





**ये ये हथियार हैं प्रदर्शनी में :** मोरहाबादी मैदान में लगी प्रदर्शनी में नई पीढ़ी के उन्नत हथियार (सिग सॉयर और एके 203 राइफल, नेगेव लाइट मशीनगन, इन्फैंट्री मोर्टार, एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल और लोइटर म्यूनिशन सिस्टम) का प्रदर्शन किया जा रहा है. लंबी दूरी की आर्टिलरी गन, बोफोर्स और अल्ट्रा लाइट हॉवित्जर, एंटी एयरक्राफ्ट गन और एयर डिफेंस रडार भी लगाये गये हैं। दर्शकों को बेहद सक्षम आधुनिक सैन्य वाहनों को देखने का अवसर मिला, जिसमें ऑल टेरेन व्हीकल, हाई मोबिलिटी टोही वाहन, स्पेशलिस्ट मोबिलिटी व्हीकल और रफ टेरेन लॉजिस्टिक व्हीकल शामिल हैं।

## खबर एक नजर में

### इंस्पेक्टर व सार्जेंट मेजर रैंक के 555 पुलिस पदाधिकारियों की अंतिम वरीयता सूची जारी

**रांची।** इंस्पेक्टर और सार्जेंट मेजर रैंक के 555 पुलिस पदाधिकारियों की अंतिम वरीयता सूची जारी की गयी है। डीजीपी ऑफिस से इससे संबंधित आदेश भी जारी कर दिया गया है। जारी आदेश में कहा गया है कि इंस्पेक्टर और सार्जेंट मेजर रैंक के पदाधिकारियों की वरीयता सूची जारी कर दी गयी है, जिसमें सेवानिवृत्ति इंस्पेक्टर के नाम को विलोपित कर 18 अगस्त को नवप्रोन्नत इंस्पेक्टर का नाम सूची में जोड़ा गया है। यदि किसी सार्जेंट मेजर और इंस्पेक्टर का नाम वरीयता सूची में छूट गया है या प्रकाशित वरीयता सूची के अनुसार पदस्थापित नहीं हो तो ऐसे पदाधिकारी के संबंध में सूचना अलग से उपलब्ध करायी जाये।

### सहायक पुलिसकर्मियों का आंदोलन समाप्त

**रांची।** रांची के मोरहाबादी मैदान में 2300 सहायक पुलिसकर्मी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर दो जुलाई से धरने पर बैठने के करीब 70 दिन बाद शुक्रवार की देर रात सहायक पुलिसकर्मियों का आंदोलन समाप्त हो गया। झारखंड सरकार ने सहायक पुलिसकर्मियों की कई मांगों पर सहमति जताते हुए उसे कैबिनेट से पास कर दिया, जिसके बाद सहायक पुलिसकर्मी ने अपना आंदोलन खत्म करने की घोषणा की। कैबिनेट के फैसले के अनुसार, अब सहायक पुलिसकर्मियों को 13 हजार रुपये वेतन मिलेगा। वहीं सरकार की ओर से वर्दी भत्ते के रूप में उन्हें चार हजार रुपये दिया जायेगा। साथ ही सहायक पुलिसकर्मी अब अवकाश भी ले सकेंगे। झारखंड पुलिस में समायोजन की मांग को लेकर मोरहाबादी मैदान में धरना दे रहे सहायक पुलिसकर्मी 19 जुलाई को सीएम आवास का घेराव करने निकले थे। इस दौरान उनपर झारखंड पुलिस ने लाठीचार्ज किया था। सहायक पुलिसकर्मियों की बहाली दस हजार रुपये के मानदेय पर राज्य के 12 जिले गढ़वा, पलामू, लातेहार, चतरा, लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा, खूंटी, पूर्वी व पि्रमी सिंहभूम, दुमका व गिरिडीह में हुआ था।

### झारखंड पुलिस का जन शिकायत समाधान कार्यक्रम 10 से, हर महीने शिकायत सुनेंगे पदाधिकारी



**रांची।** झारखंड में पुलिस और जनता के बीच बेहतर तालमेल के लिए एक नई पहल की गई है। दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के पुलिस उप महानिरीक्षक अनूप बिरथरे ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्यभर में दस सितंबर से जन शिकायत समाधान कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। यह कार्यक्रम हर जिले में हर महीने आयोजित होगा। इसमें वरीय अधिकारी लोगों की समस्याओं को सुनेंगे। इस पहल के तहत, हर जिले में पुलिस द्वारा मोबाइल नंबर, व्हाट्सएप नंबर और ईमेल एड्रेस जारी किए गए हैं। इन संपर्क माध्यमों के जरिए लोग पुलिस से जुड़ी किसी भी शिकायत को ऑनलाइन या ऑफलाइन दर्ज कर सकते हैं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिकायतों का समयबद्ध तरीके से समाधान करना है, ताकि लोगों की समस्याओं का शीघ्र निवारण हो सके। इसके अलावा किसी ने पहले शिकायत दर्ज कराई और अबतक समाधान नहीं हुआ है तो वे भी आवेदन दे सकते है। पुलिस मुख्यालय की यह पहल नागरिकों को पुलिस के साथ अपने मुद्दे साझा करने में अधिक सहज बनाएगी और प्रशासनिक दक्षता को बढ़ावा देगी।

### केंद्रीय कोयला राज्यमंत्री के साथ चैंबर अध्यक्ष ने की औपचारिक मुलाकात



**रांची।** केंद्रीय कोयला एवं खनन राज्यमंत्री सतीषचंद्र दूबे के रांची प्रवास के दौरान एक कार्यक्रम में फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष किशोर मंत्री ने औपचारिक मुलाकात कर, झारखण्ड प्रदेश के व्यापारियों और उद्यमियों की ओर से उनका अभिनंदन किया। मौके पर राज्य में बंद पड़ी खदानों को खोलने की पहल के साथ ही कोयला एवं खान मंत्रालय से जुडे विषयों पर भी चैंबर अध्यक्ष ने केंद्रीय मंत्री का ध्यान आकर्षित कराया। मुलाकात के क्रम में चैंबर अध्यक्ष के साथ चैंबर के पूर्व अध्यक्ष मनोज नरेडी भी शामिल थे।

**समय संवाद**

जाने-अनजाने चेहरों में किसने क्या रिएक्शन दिया? कैसा कमेंट किया? जैसी बातें भी तनाव और एंग्जायटी भी बढ़ाते हैं। जर्नल ऑफ क्लिनिकल एंड सोशल साइकॉलॉजी में छपी रिसर्च के मुताबिक सोशल मीडिया लत का बेचैनी और अवसाद से सीधा संबंध है। हरदम यहां मौजूद रहना कार्टिसोल और एड्रेनेलिन हार्मोन्स का स्तर बढ़ता है। ये तनाव बढ़ाने वाले हार्मोन्स हैं। इसीलिए अपने अपडेट्स पर मिले सकारात्मक फीडबैक को लेकर हद से ज्यादा उत्साहित होने या नेगेटिव कमेंट्स को लेकर तनाव में आने से बचें। आज तनाव का यह एक बड़ा कारण है।

# सोशल मीडिया पर मौजूदगी हो गुमशुदगी नहीं



**मृत्युंजय प्रसाद**



**सोशल** मीडिया पर हद से ज्यादा एक्टिव रहने के खमियाजे अब सामने आने लगे हैं। शारीरिक-मानसिक और व्यवहारगत समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। खासकर ऐसे यूजर्स में जिनकी जिंदगी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स तक ही सिमट गई है। कोरोना काल में तो हर उम्र के लोगों का स्क्रीन टाइम बढ़ गया है। आंकड़े बताते हैं कि 3.6 अरब लोग दुनियाभर में रोज 144 मिनट सोशल मीडिया पर बिता रहे हैं। हर उम्र, हर वर्ग के लोग इन यूजर्स की फेहरिस्त में शामिल हैं। हालांकि अब यूजर्स इन वर्चुअल मंचों पर ओवर एक्टिव रहने के नुकसान भी समझने लगे हैं पर यह भी सच है कि आज के दौर में वर्चुअल प्लेटफॉर्म्स से पूरी तरह कटकर भी नहीं रहा जा सकता। हां, समझ और सजगता के साथ यहां मौजूद रहना अनगिनत समस्याओं से बचाते हुए आपको वर्चुअली सक्रिय रख सकता है

**सही प्लेटफॉर्म्स चुनें**

वर्चुअल दुनिया में हर मंच पर अपनी मौजूदगी रखना अपना समय गंवाने के रास्ते खोलने जैसा है। इसीलिए अपनी पसंद या अपने वर्किंग फील्ड के मुताबिक ऐसे वर्चुअल प्लेटफॉर्म चुनें, जो आपको अपग्रेड कर सकें। वहां बिताये जा रहे समय के बदले आपके काम की सूचनाएं आपको मिल सकें। ध्यान रहे कि आज सोशल मीडिया के अनगिनत एप्स और साइट्स पर लोगों का बहुत सा समय खप जाता है। यह तय करना वाकई जरूरी है कि सूचनाओं के महासागर में कौन सी जानकारी आपके काम की है। कुछ पढ़ना समझना हो या शेयर करना आपकी प्राथमिकता क्या है?

**अपडेट कम कीजिये**

सोशल मीडिया पर आपकी मौजूदगी का सीधा रिश्ता आपके अपडेट्स से है। हद से ज्यादा अपडेट्स की आदत हरदम आपको स्क्रीन की दुनिया में गुम रखती है। बार-बार लाइक, कमेन्ट या रियेक्शंस को देखने के जाल में उलझाए रखती है। इसीलिए आम जिंदगी से जुड़े वाकये हों या सार्वजनिक घटनाओं से जुड़े विचार, हर दिन, हर बात, हर विषय को लेकर अपडेट्स करने की आदत यूजर्स को सबसे ज्यादा व्यस्त रखती है। अगर आप खुद अपने अपडेट्स को सीमित रखते हैं, तो इन प्लेटफॉर्म्स पर आपका होना लत नहीं बनता। सार्थक जुड़ाव और जागरूकता भर के लिए वर्चुअल प्लेटफॉर्म्स पर समय देने के लिए अपने पोस्ट्स, अपडेट्स और स्क्रीन स्क्रॉलिंग को सीमित रखना बेहद जरूरी है। सोशल साइट्स पर बढ़ती मौजूदगी के अनुपात में ही दुनिया में तनाव, अवसाद, और हाइपरटेंशन के मामले भी बढ़े हैं।

**स्क्रीन टाइम तय कीजिये**

बच्चों के लिए ही नहीं बड़ों एक लिए भी स्क्रीन टाइम तय करना जरूरी है। सोशल मीडिया से सधी हुई दूरी बनाना चाहते हैं तो पहले अपना हर दिन का स्क्रीन टाइम जानें। फिर सर्फिंग के लिए एक खास और नियत समय निकालें। ताकि ना तो आपकी काम की प्रोडक्टिविटी पर असर पड़े और ना ही आप साइबर संसार के लती बनें। किंग्स कॉलेज लंदन द्वारा किये गए फ्रंटियर्स इन साइकाइट्री जर्नल में प्रकाशित ताजा अध्ययन के मुताबिक वैश्विक स्तर पर करीब एक तिहाई युवा स्मार्ट फोन की लत का शिकार हैं। जिसके चलते अनिद्रा के साथ ही दूसरी बीमारियों का खतरा भी बढ़ रहा है। अध्ययन में शामिल 39 फीसदी प्रतिभागियों में बार - बार फोन देखना , नियमित रूप से सोशल मीडिया पर सूचनाएं देखते रहना, मैसेज या नोटिफिकेशन आते ही जल्द से जल्द फोन देखने की तलब रहना जैसे लक्षण दिखाई दिए हैं। ऐसे सभी लक्षण अपने फोन को लेकर नियंत्रण खोने के लक्षण माने जाते हैं। स्मार्ट फोन की लत के शिकार दो तिहाई से अधिक लोग नींद न आने की समस्या से जूझ रहे हैं। यूएस सेंटर फॉर डिसीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन के मुताबिक नींद की खराब गुणवत्ता और स्मार्ट फोन के हद से ज्यादा इस्तेमाल से हो रही समस्याएं जिंदगी को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकती हैं।

# सदगुरु एक ही हैं

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**



**सभी** धर्मों, पंथ और संप्रदाय का मार्ग एक ही है और इस कारण भक्ति की उंची स्थिति में पहुंचना ही भक्त का उद्देश्य होना चाहिए। सनातन हिन्दू, इस्लाम, ईसाई सहित सभी धर्मों के गुरु का कार्य जीव का उद्धार कराना ही है। आज यह बड़ी बात है कि सगुण के रूप में सदगुरु के दर्शन और श्रवण का लाभ मिल रहा है। एक भक्त पटना आश्रम में आते थे। वृद्ध थे और रामायण की अच्छी जानकारी थी। लगभग चार-पांच साल तक आने के बाद भी वे मंत्र दीक्षा नहीं ले रहे थे। उन्हें शिकायत भी थी कि उनके मित्र और सहयोगी उन्हें दीक्षा लेने पर जोर दे रहे हैं। लगभग पांच साल ब्रह्म विद्यालय और आश्रम के पटना और मुख्य स्थान तक जाने के बाद उन्होंने अपनी शंका जाहिर की कि गुरुदेव हमने देवराहा बाबा से दीक्षा ली है तब क्या ब्रह्म विद्यालय की दीक्षा ली जा सकती है।

लोग कहते हैं एक ही गुरु किया जाना चाहिए। यह सच है कि एक गुरु होना चाहिए। लेकिन गुरु तत्व पूरे संसार में एक ही है। आवश्यकता है आप जीवन में इसे अपना लें। उन्होंने मंत्र दीक्षा भी ली और सन्यासी भी बन गये। गुरु पद है उसे स्वीकार्य किया जाना चाहिए। वे अति विनम्र और मधुर बोलने वाले थे। गुरु के प्रति आपका प्रेम और समर्पण आपको बड़े ही शानदार ढंग से लौटता है। इस का साक्षात उदाहरण हमारे दरबार में एक नहीं अनेकों हैं।

जीव के उद्धार के लिए परम पूज्यनीय स्वामी शिवधर्मानंद जी ने जो वाणी और व्यवहार अपनाया वर्तमान समय में वह ज्ञान और भक्ति की संपूर्ण उंचाई का सर्वोच्च उदाहरण है। जब गढ़वा घाट काशी बनारस के स्वामी जी ने स्वामी शिवधर्मानंद जी को गंगा पार भेजा तो एक भी व्यक्ति सहयोग के लिए नहीं था। उन्हें एक गांव में भेज दिया। आज वही गांव पूरे देश में तत्व ज्ञान के प्रचार प्रसार का केन्द्र बना। स्वामी रामकृष्ण परमहंस की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि काली मां के प्रति उनका जो प्रेम था उनका भाव था जिसमें रात-दिन डूबे रहते थे। स्वामी तोतेपूरे ने उन्हें ज्ञान का अहसास करा दिया। स्वामी रामकृष्ण उस परमतत्व को प्राप्त कर गुरु पद को सुशोभित किया। कार्यक्रम में भक्तों ने मंत्र दीक्षा प्राप्त की।

जैसे-जैसे आप गुरु से जुड़ते हैं वैसे-वैसे संसारिक से आपका संबंध कम होता जाता है। धीरे-धीरे आप भक्ति में जीते हुए गुरुमुख हो जाते हैं और आप जीव मुक्ति का मार्ग प्राप्त कर लेता है। निश्चित ही हम उसकी पूर्णता को समझ पाने में सफल होते हैं।

(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)

# सही बेसन की पहचान



**बेसन** का सेवन तो किसी न किसी रूप में लगभग हर घर में ही किया जाता है। किसी को इसके लड्डू पसंद हैं तो किसी को पकौड़े, तो किसी को इसकी कढ़ी बेहद पसंद है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि आप जो बेसन खा रहे हैं वो मिलावटी भी हो सकता है? दरअसल बाजार में इन दिनों मिलावटी बेसन भी खूब मिल रहा है। जो आपके टेस्ट के साथ आपकी सेहत को बिगाड़ने का काम भी कर सकता है। इसको खाने से जोड़ों का दर्द, विकलांगता और पेट की बीमारियों सहित कई और गंभीर बीमारियां भी हो सकती हैं। इसलिए बेसन खरीदने से पहले ये बात समझना जरूरी है कि बेसन असली है या नकली। जिससे आपकी सेहत खराब होने से बची रह सके। आइये आपको बताते हैं कि असली और नकली बेसन की पहचान किस तरह से की जा सकती है।

असली बेसन के लिए चने की दाल इस्तेमाल होती है। लेकिन नकली बेसन तैयार करने के लिए मुनाफाखोर 25 प्रतिशत चने के आटे में 75 प्रतिशत तक सूजी, मटर दाल, चावल पाउडर, मक्के और खेसारी का आटा और कृत्रिम रंग मिला देते हैं। इसके साथ ही गेहूं के आटे में भी क्रत्रिम रंग मिलाकर बेसन तैयार किया जाता है।

बेसन असली या नकली इसकी जांच करने के लिए आप हाइड्रोक्लोरिक एसिड का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए एक बोल में दो चम्मच बेसन लें और इसमें दो चम्मच पानी मिला कर पेस्ट बना लें। अब इसमें दो चम्मच हाइड्रोक्लोरिक एसिड डालें और पांच मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें। कुछ देर बाद बेसन में अगर लाल रंग दिखाई दे तो समझ जाएं कि बेसन में मिलावट की गयी है।

बेसन में मिलावट है या नहीं है ये जांचने के लिए आप दो चम्मच बेसन लें। अब इसमें दो चम्मच नींबू का रस मिला दें. साथ ही इसमें दो चम्मच हाइड्रोक्लोरिक एसिड भी मिला दें। इसको कुछ देर के लिए रखा रहने दें। कुछ देर बाद अगर बेसन लाल या भूरे रंग का नजर आता है तो इसका मतलब है कि बेसन नकली है।

# गणेश अग्रगण्य देवता



**डॉ उषा किरण**



गणेश अग्रगण्य देवता हैं, और इसलिए कोई भी धार्मिक गतिविधि उनकी प्रथम पूजा के बिना शुरू नहीं होती। गणेश जी सभी प्रकार की बाधाओं को दूर करने वाले विघ्नविनाशक हैं। इसलिए हर शुभ काम के पहले उनकी प्रतिमा की स्थापना की जाती है। गणेश चतुर्थी के पर्व में पहले दिन, यानी चतुर्थी के दिन, घर में या किसी सार्वजनिक पंडाल में गणेश जी की प्रतिमा की स्थापना होती है। उनका अभिषेक किया जाता है और उनके प्रिय फूलों, फलों और मोदकों से पूजा की जाती है। गणेश जी का भारत के सनातन समाज में बहुत महत्व है, गणेश उत्सव दस दिन तक चलता है। पूरे देश में फैलता जा रहा है। गणेश जी अपने भक्तों की सभी परेशानियों को दूर करते हैं।गणेश जी के जन्म को लेकर कई कहानियां प्रचलित हैं। इनमें से सबसे प्रसिद्ध कथा शिवपुराण की है। इसके अनुसार, एक दिन माता पार्वती ने स्नान करने जाने से पूर्व अपन दिव्य शक्ति से एक बालक उत्पन्न किया और उसे अपनी रक्षा के लिए द्वारपाल बना दिया। जब भगवान शिव घर में प्रवेश करने की कोशिश किए, तो इस बालक ने उन्हें रोक दिया। शिवजी के गणों ने इस बालक से युद्ध किया, लेकिन वे उसे पराजित नहीं कर सके। इस पर शिवजी ने त्रिशूल से बालक को सिरविहीन कर दिया। यह देख और जानकर माता पार्वती बहुत क्रोधित हो गईं। देवताओं ने नारद मुनि की सलाह पर माता पार्वती को शांत करने के लिए प्रयास किए। शिवजी के निर्देश पर विष्णु जी उत्तर दिशा में सबसे पहले मिले हाथी का सिर लाए और मृत्युंजय रुद्र ने उसे बालक के धड़ पर रखकर उसे पुनर्जीवित कर दिया। माता पार्वती अपने बालक को जीवित देखकर बहुत खुश हुईं और उसे अग्रपूज्य होने का आशीर्वाद दिया। ब्रह्मा, विष्णु और महेश ने भी उस बालक को अग्रपूज्य होने का वरदान दिया।

गणेश चतुर्थी का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। मान्यता है कि भगवान गणेश इस ब्रह्मांड में व्यवस्था बनाए रखते हैं। इसलिए जब लोग कोई नया काम शुरू करते हैं, नया संकल्प लेते हैं, या कोई नई बौद्धिक यात्रा शुरू करते हैं, तो सबसे पहले भगवान गणेश की पूजा करते हैं। गणेश चतुर्थी का पर्व देश में इसलिए भी धूमधाम से मनाया जाता है कि मुगलों के शासनकाल में जब वे भारतीय संस्कृति को नष्ट कर रहे थे, तब छत्रपति शिवाजी ने अपनी माता जीजाबाई के साथ गणेश चतुर्थी का पर्व सार्वजनिक रूप से मनाने की शुरूआत की थी। तब से गणेश चतुर्थी का यह त्योहार बहुत धूमधाम से मनाया जाता है। गणपति की पूजा का धार्मिक महत्व किसी भी दूसरी पूजा से अधिक है।

माना जाता है कि गणपति की साधना करने से हर किसी को सुख, समृद्धि और सौभाग्य की प्राप्ति होती है। गणपति की कृपा से साधक के सभी दुख दूर होते हैं और बल, बुद्धि और विद्या का आशीर्वाद प्राप्त होता है। **(संस्कृत विभाग, विमेंस कॉलेज रांची)**

# जो जागत हैं सो...



**प्रशांत झा**

**सुबह** सूरज के उगने से पहले प्रकृति चैतन्य हो जाती है। पक्षियों का कलरव गान वातावरण को गुंजित कर देता है । इस समय मंद गति से चलने वाली हवा अमृततुल्य लगती है और शरीर के विकास के लिए संजीवनी बूटी जैसा काम करती है । नींद से जागने का यही सबसे सही समय होता है ।

**उठ जाग मुसाफिर भोर भई, अब रैन कहाँ जो सोवत है**
**जो जागत है सो पावत है, जो सोवत है वो खोवत है**

वस्तुतः माँ इस भजन को गाकर ही हम भाई-बहनों को जगाना चाहती और हम रजाई में दुबके सोने का नाटक करते रहते । लेकिन मां तो मां होती है । प्रथम प्रयास में हम यदि नहीं जागते तो चंद मिनटों के बाद ङ्क

**प्रातः काल में ही प्रकृति से जुड़िए**

प्रकृति से हम हैं, प्रकृति हमसे नहीं है । विश्व में लाखों किस्म के जीव, पेड़-पौधे, पहाड़, नदियां, झील, पोखर, बादल, हवाएं और सागरीय तरंगें प्रकृति के अंग हैं । इन लाखों हिस्सों में से एक हिस्सा अपना यानी मानव समुदाय का भी है । मनुष्य अपने आपको ब्रह्मांड का सबसे समझदार प्राणी मानता है ।इस नाते प्रकृति की रक्षा का सबसे बड़ा दायित्व भी मानव समुदाय पर ही है । कहा भी जाता है प्रकृति रक्षति रक्षिताः । यानी यदि हम प्रकृति की रक्षा करेंगे तो प्रकृति हमारी रक्षा करेगी ।

विकास की आंधी में उड़ान भरने की चाहत के कारण मनुष्य का प्रकृति से जुड़ाव कम हुआ है । प्रकृति की कीमत पर हमने विकास के महल खड़े किए हैं । यह महल आराम तो दे रहे हैं लेकिन सुख और आनंद की प्राप्ति इन महलों में नहीं हो पा रही । प्रङ्क

**आज की प्लानिंग क्या है पार्टनर ?**

हर दिन 24 घंटे का होता है जो आठ पहरों में विभक्त होता है । हर घंटे में 60 मिनट होते हैं । पूरे दिन को यदि मिनट के मापक से देखा जाए तो हर दिन 1440 मिनट होते हैं । इन 1440 मिनटों का सही इस्तेमाल कर हम अपनी और अपने आसपास के लोगों की जिंदगी को सुंदर बना सकते हैं । लेकिन हममें से अधिकतर लोग पूरे दिन की योजना तैयार नहीं करते जिस कारण अधिकांश समय गलत या कम प्राथमिकता वाले कार्यों को करते हुए बीत जाता है और हम महत्वपूर्ण कार्य संपादित नहीं कर पाने से वंचित रह जाते हैं । सुबह के नित्य कर्मों से निवृति पाने के बाद और जलपान करने से पहले एक जरूरी सवाल हम सबको खुद से करना चाहिए-

वैसे बेहतर तो यही है कि पूरे दिन की योजना हम अपने मस्तिष्क पर अंकित कर लें । लेकिन ऐसा हो नहीं पाता । उन लोगों को तो और ज्यादा परेशानी होती है, जो निरपेक्ष भाव से अपना मूल्यांकन नहीं कर करते । इस तरीके को आजमा कर देखिए ।

शयन के लिए जाने से पहले पूरे दिन क्या-क्या काम करना है, उसे सुबह-सुबह डायरी के पन्नों पर अंकित कर दीजिए । जितने ज्यादा काम आप अंकित करेंगे उतना बेहतर । उसके बाद कार्यों की ग्रुपिंग कर दें यानी एक प्रकृति के कार्य या एक साथ संपादित होने वाले कार्यों को एक ग्रुप में रखें । जैसे सब्जी और किराना का सामान खरीदना एक दूसरे से जुड़ा हुआ कार्य है । एक ही बाजार में जा पर हम दोनों कार्यों को कर सकते हैं । इसी तरह पौधों को पानी देना, चिड़िया को दाना देना, गाय तथा दूसरे जीवों को खाना खिलाना एक ही श्रेणी के कार्य हैं जिन्हें एक साथ संपादित करना चाहिए । आजकल शहरों में बड़े कार्यालयों के आसपास छोटे-छोटे बाजार विकसित हो चुके हैं ।

दैनिक जरूरत की कई सामग्रियां छोटे बाजारों से खरीदी जा सकती है ।

इससे समय की बचत होती है और छोटे दुकानदारों को भी मदद मिल जाती है । पड़ोसी की दुकान पर सामानों की लिस्ट व्हाट्सएप या किसी और माध्यम से भेज कर और सामान की होम डिलीवरी करा कर हम अपना देश कीमती समय बता सकते हैं । संध्या कालीन भ्रमण और कुछ मित्रों के साथ गपशप के काम को एक साथ जोड़ा जा सकता है । संध्या काल में जब हम आराम से चल रहे होते हैं तो फोन पर परिवार जनों से बातचीत भी कर सकते हैं । इस तरह भ्रमण और संवाद का कार्यक्रम साथ-साथ हो जाता है । यदि काम ज्यादा हो और उसे कल के लिए टाला नहीं जा सकता तो फिर परिवार के दूसरे सदस्यों और मित्रों की मदद लेने में कोई बुराई नहीं है । मदद लेने में कई बार हम संकोच करने लगते हैं । जबकि सच्चाई तो यह है कि मदद लेना और देना आपसी संबंधों को प्रगाढ़ करता है ।

मेरा अपना अनुभव है कि यदि सुबह में लिखकर हम अपने दिन की योजना बनाते हैं तो कुछ दिनों में ही हमें यह एहसास हो जाता है कि व्यवस्थित तरीके से हम ज्यादा काम संपादित कर रहे हैं । लिखित प्लानिंग के साथ काम करने पर कई ऐसे काम जो बरसों से लटके पड़े हुए होते हैं, वह भी कर लिए जाते हैं ।

# सर्प दंश: तुरंत उपचार और सावधानी से ही बचाव

**जयसिंह रावत**



**बरसात** के इन दिनों में धान आदि की खेती का मौसम होता है, और यही समय सर्पदंश के लिए सबसे अधिक जोखिमपूर्ण होता है। सांप के काटने की घटनाएं अधिकांशतः ग्रामीण क्षेत्रों में होती हैं, जिससे स्त्री-पुरुष किसान, कृषि श्रमिक, और बच्चे सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। सर्पदंश के परिणामस्वरूप कुछ ही समय में मौत, लकवा, सांस लेने में कठिनाई, रक्तस्राव संबंधी विकार, किडनी फेल्योर, स्थायी विकलांगता, और अंग विच्छेदन हो सकते हैं। हालांकि, इस समस्या को मानव-वन्यजीव संघर्ष की अन्य घटनाओं की तरह गंभीरता से नहीं लिया जाता है। इसलिए, विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इसे उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्रों की उपेक्षित स्वास्थ्य समस्या के रूप में वर्गीकृत किया है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, हर साल दुनिया भर में लगभग 50.4 लाख लोग सांपों द्वारा काटे जाते हैं, और 81,410 से 1,37,880 लोग सर्पदंश से मृत्यु का शिकार होते हैं। इसके अतिरिक्त, लाखों लोग विकलांगता और अन्य गंभीर बीमारियों से ग्रस्त हो जाते हैं। हालांकि, सर्पदंश पर केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय, विश्व स्वास्थ्य संगठन और नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों में भारी अंतर होता है। 12 मार्च, 2024 को भारत में सर्पदंश से होने वाली मौतों की रोकथाम और नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय कार्य योजना की शुरूआत के समय जारी विवरण के अनुसार, भारत में हर साल लगभग 30-40 लाख सर्पदंश के मामले होते हैं, जिनमें से लगभग 50,000 मौतें होती हैं, जो वैश्विक सर्पदंश मौतों का लगभग आधा हिस्सा है।

सर्पदंश के शिकार लोगों का केवल एक छोटा सा हिस्सा ही अस्पतालों में रिपोर्ट करता है, जिससे सर्पदंश की वास्तविक संख्या दर्ज नहीं हो पाती। केंद्रीय स्वास्थ्य जांच ब्यूरो की रिपोर्ट (2016-2020) के अनुसार, भारत में सर्पदंश के मामलों की औसत वार्षिक आवृत्ति लगभग 3 लाख है और लगभग 2,000 मौतें सर्पदंश के कारण होती हैं। वास्तविक स्थिति यह है कि भारत में सर्पदंश से होने वाली मौतों की सटीक संख्या उपलब्ध नहीं है, क्योंकि ये घटनाएं अधिकांशतः ग्रामीण क्षेत्रों और वन बस्तियों में होती हैं, जहां पुलिस और अस्पतालों तक मामले नहीं पहुंचते और रिपोर्टिंग नहीं हो पाती।

भारत में मानसून का मौसम, जो आमतौर पर जून से सितंबर तक रहता है, सर्पदंश के लिए सबसे संवेदनशील माना जाता है। इस मौसम में बाढ़ और पानी के कारण सांपों के प्राकृतिक आवास नष्ट हो जाते हैं, जिससे वे भोजन और आश्रय की तलाश में मानव बस्तियों की ओर आ जाते हैं। ऊंची घास या मलबे के नीचे छिपे होते हैं। गर्म और गीली परिस्थितियों में शिकार की उपलब्धता बढ़ जाती है, जिससे सांपों की गतिविधियां भी बढ़ जाती हैं।

मानव आवास विस्तार प्राकृतिक आवासों पर अतिक्रमण करता है, जिससे ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में सांपों के काटने की संभावना बढ़ जाती है। जलवायु परिवर्तन सांपों के व्यवहार को प्रभावित कर रहा है। वनों की कटाई और कृषि विस्तार के कारण सांप भोजन और आश्रय की तलाश में मानव बस्तियों की ओर खिंचे जा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में समय पर चिकित्सा सहायता और एंटीवेनम की कमी मृत्यु दर को बढ़ाती है।

भारत सरकार ने सर्पदंश से होने वाली मौतों की रोकथाम और नियंत्रण के लिए एक राष्ट्रीय कार्य योजना शुरू की है, जिसका लक्ष्य 2030 तक सर्पदंश से होने वाली मौतों और विकलांगता की संख्या को आधा करना है। हालांकि, इस समस्या का असली समाधान सावधानी और प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाए रखने में है। सांप हमारे शत्रु नहीं हैं; वे वास्तव में खेतों में चूहों को नियंत्रित करके किसानों की फसलों की रक्षा करते हैं। वाइल्ड लाइफ एसओएस के अनुसार, भारत में सांपों की लगभग 300 प्रजातियां पाई जाती हैं, जिनमें से 60 से अधिक विषैले, 40 हल्के रूप से विषैले और लगभग 180 जहर रहित प्रजातियाँ हैं। कोबरा, रसैल और वाइपर जैसी प्रजातियां अत्यंत विषैली होती हैं, जबकि जहर रहित सांप बिना कारण मारे जाते हैं।

सांप आमतौर पर आत्मरक्षा के लिए काटते हैं, इसलिए सतर्कता सबसे अच्छा बचाव है। घास, झाड़ियों और ढीली चट्टानों के आसपास जाते समय लंबी पैंट और मजबूत जूते पहनें। किसानों को भारी घास या लकड़ी का सामान ढोते समय यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वहां सांप तो नहीं हैं। बिना वजह झाड़ियों या घास में न घुसें। यदि सांप काट ले, तो घरेलू उपायों की बजाय तुरंत चिकित्सा सहायता प्राप्त करें और एंटीवेनम का उपयोग करें। खुद से इलाज करने की कोशिश न करें, जैसे घाव को काटना या चूसना, क्योंकि यह स्थिति को और खराब कर सकता है।

# योग से अपने तन-मन को करें स्वस्थ्य और प्रसन्न

**स्वामी मुक्तरथ**



**योग** तन और मन दोनों को सेहतमंद रखता है। कुछ योगासन ऐसे भी होते हैं जो पीरियड्स के दौरान होने वाले दर्द से राहत दिलाते हैं। योग को अपने दैनिक अभ्यास में शामिल करें तभी इसका फायदा मिल सकता है। आज हम आपको बताएंगे महिलाओं के लिए कुछ खास आसन जो आपको पीरियड के दर्द में आराम देंगे।

**बटरफ्लाई आसनः** बटरफ्लाई आसन को तितली आसन भी कहते हैं। महिलाओं के लिए ये आसन विशेष रूप से लाभकारी है। बटरफ्लाई आसन करने के लिए पैरों को सामने की ओर फैलाते हुए बैठ जाएं,रीढ़ की हड्डी सीधी रखें। घुटनो को मोड़ें और दोनों पैरों को योन की ओर लाएं। दोनों हाथों से अपने दोनों पांव को कस कर पकड़ लें. सहारे के लिए अपने हाथों को पांव के नीचे रख सकते हैं। लंबी,गहरी सांस लें, सांस छोड़ते हुए घटनों एवं जांघो को जमीन की तरफ दबाव डालें। तितली के पंखों की तरह दोनों पैरों को ऊपर नीचे हिलाना शुरू करें. धीरे धीरे तेज करें। सांसें लें और सांसे छोड़ें. शुरूआत में इसे जितना हो सके उतना ही करें। धीरे-धीरे अभ्यास बढ़ाएं। उष्ट्रासनः इस आसन को करने ले लिएअपने योग मैट पर घुटने के सहारे बैठ जाएं और कुल्हे पर दोनों हाथों को रखें. घुटने कंधो के समानांतर हो तथा पैरों के तलवे आसमान की तरफ हो. सांस लेते हुए मेरुदंड को खींचे जैसे कि नाभि से खींचा जा रहा है. गर्दन पर बिना दबाव डालें बैठे रहें. इसी स्थिति में कुछ सांसे लेते रहे. सांस छोड़ते हुए अपने प्रारंभिक स्थिति में आ जाएं. हाथों को वापस अपनी कमर पर लाएं और सीधे हो जाएं

**.उष्ट्रासनः** इस आसन को करने ले लिएअपने योग मैट पर घुटने के सहारे बैठ जाएं और कुल्हे पर दोनों हाथों को रखें. घुटने कंधो के समानांतर हो तथा पैरों के तलवे आसमान की तरफ हो. सांस लेते हुए मेरुदंड को खींचे जैसे कि नाभि से खींचा जा रहा है. गर्दन पर बिना दबाव डालें बैठे रहें. इसी स्थिति में कुछ सांसे लेते रहे. सांस छोड़ते हुए अपने प्रारंभिक स्थिति में आ जाएं. हाथों को वापस अपनी कमर पर लाएं और सीधे हो जाएं.

**माजार्री आसनः** मार्जरी आसन एक आगे की ओर झुकने और पीछे मुड़ने वाला योग आसन है. कैट वॉक दुनिया भर में प्रसिद्ध है, लेकिन हम योग आसन वर्ग में कैट पोज के बारे में चर्चा करते हैं. यह आसन आपके शरीर के लिए अनके प्रकार से लाभदायक है. यह आसन रीढ़ की हड्डी को एक अच्छा खिंचाव देता है. इसके साथ यह पीठ दर्द, कमर दर्द और गर्दन दर्द में राहत दिलाता है.

**पश्चिमोत्तानासन** - सबसे पहले जमीन पर बैठ जाएं. अब दोनों पैरों को सामने फैलाएं. पीठ की मांसपेशियों को ढीला छोड़ दें. सांस लेते हुए अपने दोनों हाथों को ऊपर लेकर जाएं. फिर सांस छोड़ते हुए आगे की ओर झुकें और नाक को घुटने से सटाने की कोशिश करें. धीरे धीरे सांस लें और छोड़ें. फिर पुरानी अवस्था में लौट आएं।

## स्पीड न्यूज

### शांतिपूर्वक करें गणेश पूजा : ओपी प्रभारी



गणेश पूजा को लेकर कुजू ओपी में हुई शांति समिति की बैठक
फोटो 03 बैठक में शामिल लोग

**कुजू।** कुजू ओपी में शनिवार को गणेश पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। ओपी प्रभारी ने कहा कि शांतिपूर्व करे गणेश पूजा। हुड़दंग करने वालों पर होगी कार्रवाई। उन्होंने कमिटी को तय रुट पर सोमवार को प्रतिमा को विसर्जन करने की बात कही। वैठक में कुंज बिहारी चौबे, ज्ञानी महतो, राकेश मेहता रॉक, अरविंद कुमार, ज्योतिंद्र प्रसाद साहू, शंभूलाल ठाकुर, जितेंद्र गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, शिबू प्रसाद, अब्दुल अजीज सिद्दीकी, संतोष केशरी, हेमनी देवी, सुरेश रविदास, आनंद कुमार, मुबारक हुसैन, अमन कुमार, अनूप केशरी, गुलाम नबी सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

### पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक



**रजरप्पा।** गणेश पूजा महोत्सव को लेकर शनिवार को रजरप्पा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडेय ने समिति के लोगों से जानकारी ली गई. चतुर्थी से लेकर विसर्जन तक के पूरे कार्यक्रम की जानकारी ली। तय रूट को लेकर पूछताछ की। उन्होंने कहा कि अगर किसी भी तरह का उपद्रव होता है, वैसे लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। मौके पर एसआई रंजीत महतो, मुंशी प्रेमचंद यादव, चंद्रशेखर पटवा, रविंद्र चौधरी, दीपक साव, डब्लू साव, कुणाल तिवारी, प्रकाशदीप पटवा, केतर महतो, सौरभ वर्मा, उत्तम कुमार पटवा, मोहित कुमार, अशेश्वर महतो, दिनेश महतो आदि मौजूद थे।

### लबगा में जन शिकायत कार्यक्रम



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जिला प्रशासन ने शुक्रवार को मां पंच बहनी उच्च विद्यालय लबगा में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम लगाया। कार्यक्रम में रामगढ़ एसडीएम आशीष गंगवार, पतरातू एसडीपीओ विरेंद्र कुमार राम, पतरातु अंचला अधिकारी अमित भगत, पतरातु इंस्पेक्टर योगेंद्र सिंह, बासल थाना प्रभारी कैलाश कुमार, निमीर हेसा, भुरकुंडा ओपी प्रभारी अभिषेक कुमार, भदानीनगर ओपी प्रभारी संजय रजक, बरकाकाना ओपी प्रभारी अख्तर अली, डीजीएम उप महाप्रबंधक आरएंडआर राजेश डुंगडुंग, अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन जियाउर रहमान, एसके पांडा प्रशासक शेष परिसंपति पीटीपीएस मुख्य रूप से उपस्थित थे। मौके पर सीओ व बासल थाना प्रभारी ने ग्रामीणों को बलकुदरा छाई डैम से संबंधित समस्याओं को एक-एक कर रखने को अपील की।मौके पर पूर्व पार्षद डॉली देवी, पतरातू प्रखंड प्रमुख के प्रतिनिधि सीताराम मुंडा, चोरधरा मुखिया रामनारायण कुमार, अजय साहू सहित सैंकड़ों ग्रामीण व जनप्रतिनिधि मौजूद थें।

### कुजू में गणेश पूजा शुरू



**कुजू।** कुजू में गणेश पूजा शुरू हुआ। आचार्य विकाशपांडेय, देवचरण पांडेय, अयोध्या पांडेय, सुबोध पांडेय ने यजमान बने राजेश प्रसाद, रमेश प्रसाद सपत्नीक को पूजा अर्चना कराया। दिगवार में भी पंडित राकेश पांडेय ने यजमान चंदन कुशवाहा, शशि कुशवाहा, कैलाश गिरी को पूजा पाठ कराया। गणेश महोत्सव के दौरान सुबह शाम पूजा पाठ एवं सांध्य आरती के बाद प्रसाद का वितरण किया जायेगा।

### लायंस क्लब ने किया भंडारा



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा ने शनिवार को भी पटेलनगर सयाल मोड़ स्थित मां शीतला देवी मंदिर में नर सेवा नारायण सेवा कार्यक्रम के तहत भव्य भंडारा किया। पंडित रामकुमार पाठक ने शीतला माता की पूजा-अर्चना कराया। इसके बाद मां को भोग लगाया गया। भंडारा का शुभारंभ अध्यक्ष रेखा वर्णवाल, सचिव अंजू देवी, कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद, जोन चेयरपर्सन एमजीएफ डॉ. राजेंद्र महतो, जिला चेयरपर्सन अशोक सिन्हा, जिला चेयरपर्सन अखिलेश शर्मा, चेयरपर्सन संजय जयसवाल ने संयुक्त रूप से श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण कर किया। इस अवसर पर फूड फॉर हंगर के तहत लगभग 500 लोगों को भोजन कराया गया।

### कुजू में कोयला कर्मियों का प्रदर्शन



**कुजू।** सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ संबद्ध भारतीय मजदूर संघ ने अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ के आह्वान पर कोयला कर्मचारियों के 17 सूत्री माँगो को लेकर कोल इंडिया के सभी अनुसंगी कंपनी के सभी इकाई पर 1 से 10 सितंबर तक संगठन द्वारा द्वार-सभा आयोजित किया जा रहा है। इसी के तहत शनिवार को सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ, कुजू क्षेत्र द्वारा तोपा परियोजना एवं पिंडरा परियोजना में कोयला कर्मचारियों के बीच श्रमिक जनजागरण कार्यक्रम कर सभा हुई। सभा में मुख्य रूप से केंद्रीय अध्यक्ष निर्गुण महतो, क्षेत्रीय सचिव देवेंद्र शर्मा, अनुपलाल चौधरी शामिल हुए।

### मालाकार ने पानी को ले डीसी को लिखा पत्र

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** झामुमो के जिला संयुक्त सचिव उदय मालाकार ने पानी की समस्याको लेकर उपायुक्त को पत्र लिखा। पत्र में कहा गया है कि पिछले छह माह से बरका-सयाल प्रक्षेत्र के कई पंचायतों में पाइप लाइन टूटने के कारण पानी की सप्लाई बंद है। जिससे क्षेत्र की जनता को काफी परेशानियों से जुझना पड़ रहा है। पत्र में कहा गया है कि क्षेत्र में सोलर आधारित जलमीनार भी लगाये गये हैं, लेकिन ज्यादातर चापानल खराब हैं। जहां जलमीनार लगाये गये हैं वहां की आबादी के काफी कम है। जो चापानल चल रहे है वे पानी पीने लायक नहीं है।

# अंतरजिला स्थानांतरित शिक्षकों के पदस्थापन पर लगी मुहर

- सिंगल टीचर व टीचर विहीन विद्यालयों को मिले शिक्षक
- स्थापना समिति के निर्णय पर शिक्षक संघ ने जताया संतोष
- विभाग की अथक मेहनत से हुआ संभव : डीएसई

**संदीप**

**हजारीबाग।** अंतरजिला स्थानांतरित 61 शिक्षकों को जिले के विभिन्न विद्यालयों में पदस्थापना कर दी गई। पदस्थापना संबंधी पत्र शुक्रवार को जारी की गई। 27 अगस्त को जिला शिक्षा स्थापना स्थापना समिति की बैठक में इन शिक्षकों की पदस्थापना पर मुहर लगी थी। इस बार विद्यालयों के चयन में विशेष सतर्कता बरतते हुए वैसे विद्यालयों को विशेष रूप से चिन्हित किया गया जहां एक भी सरकारी शिक्षक पदस्थापित नहीं थे। वहीं एक शिक्षकीय विद्यालयों में भी पदस्थापना की गई है। शिक्षकों की पदस्थापना में विभिन्न विद्यालयों में नामांकित छात्रों की संख्या का भी ध्यान रखा गया है। विभाग की मानें तो टाटीझरिया में कई सरकारी शिक्षक विहीन विद्यालयों में शिक्षक भेजे गए हैं। वहीं केरेडारी व बरही में भी इन विद्यालयों पर फोकस किया गया है। साथ ही महिला शिक्षिकाओं व असाध्य रोग से पीड़ित शिक्षक/शिक्षिकाओं को भी सुलभ विद्यालयों में भेजा गया है। बता दें कि बीते माह की दो तारीख को राज्य स्तर से 61 शिक्षक विभिन्न जिलों से हजारीबाग भेजे गए थे। पदस्थापना पर डीएसई आकाश कुमार ने कहा कि विभागीय कर्मियों ने इस दिशा में अथक मेहनत की है। एक-एक विद्यालयों की स्थिति का आकलन कर शिक्षकों की पोस्टिंग की गई है। दिव्यांग व असाध्य रोग से पीड़ित सहित महिलाओं की पोस्टिंग में विशेष ख्याल रखा गया है। शिक्षकों को उनके निवास प्रखंडों के ही विद्यालयों में भेजा गया है।

बताया कि गुणवत्त शिक्षा की दिशा में वे लगातार प्रयासरत हैं। पदस्थापना की सूची जारी होने के बाद अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला प्रवक्ता राजेन्द्र कुमार सिन्हा ने संतोष जताया है। उन्होंने कहा कि विद्यालय चयन की प्रक्रिया से संघ संतुष्ट है। उन्होंने उम्मीद जाहिर करते हुए कहा कि सरकारी शिक्षक विहीन विद्यालयों में शिक्षकों की पदस्थापना से शिक्षा व्यवस्था पटरी पर लौटेगी। वहीं महिलाओं की पोस्टिंग से विभाग की संजीदगी जाहिर होती है। वहीं शिक्षक दिवस पर शिक्षकों के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम पर जिला प्रवक्ता ने कहा कि राज्य स्तर से कोई निर्देश नहीं होने के बावजूद डीईओ प्रवीण रंजन व डीएसई आकाश कुमार ने जिन शिक्षकों को सम्मान से नवाजा है वह काबिलेतारीफ है। सबसे बड़ी बात यह है कि सम्मान हेतू किसी प्रकार का कोई फंड नहीं होने के बाद भी कार्यक्रम का होना एक सुखद एहसास कराता है।


**e-Procurement Cell**
**OFFICE OF EXECUTIVE ENGINEER,**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT,**
**BUILDING DIVISION, KODERMA**

**Short Term e-Procurement Notice**

E-Tender Reference No.-03/BCD/EE/KODERMA/2024-25

Date :- 06.09.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Proposed Construction of Community Hall in the Premises of Civil Court Koderma |
| 2 | Estimated Cost (Rs.) | 2,15,40,500.00 |
| 3 | Time of Completion | 11 MONTHS |
| 4 | Date of Publication of Tender on Website | 13.09.2024 at 10:00AM |
| 5 | Last Date/Time of Submission of Bids | 23.09.2024 up to 3:00PM |
| 6 | Name & address of office Inviting tender | e-Procurement Cell OFFICE OF EXECUTIVE ENGINEER, BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT, BUILDING DIVISION, KODERMA |
| 7 | Contact no. of Procurement officer | 91029-79082 |
| 8 | Helpline number of e-Procurement cell | 99315-10044 |

Note- Cost of Bidding Document (Not Refundable) & Bid Security (Security Deposit) shall be payable online through http://jharkhand tenders.gov.in
Any change can be seen on Website http://jharkhandtenders.gov.in
Any other information can be seen on http://jharkhandtenders.gov.in

Nodal Officer, e-Procurement Cell
OFFICE OF EXECUTIVE ENGINEER,
BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT,
BUILDING DIVISION, KODERMA

PR 334954 Building(24-25)#D


# हजारीबाग में जन समाधान शिकायत कार्यक्रम 10 को

### जिला स्तर पर एक सेल का गठन किया गया है : डीआइजी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** डीआईजी हजारीबाग ने शनिवार को कार्यालय में नागरिकों की शिकायतों के लिए प्रेस वार्ता की। उन्होंने बताया कि 10 सितंबर को राज्य के सभी 24 जिलों में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम होगा। जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के तहत जनता अपनी शिकायत दर्ज करा सके, दक्षिणी छोनागपुर के जिलों में जिला स्तर पर एक-एक सेल का गठन किया गया है और प्रभारी के रूप में एक डीएसपी/पुलिस निरीक्षक के पदाधिकारी को नियुक्त किया गया है। जिला स्तर में एक मोबाईल नम्बर, एक व्हाटशेप नंबर एवं एक ईमेल आइडी को आमजनता द्वारा किसी प्रकार के सहयोग/शिकायत की



जानकारी देने हेतु जिला जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित कराया गया है। कार्यक्रम आयोजन के पहले कम से कम सात दिन पूर्व अखबार, सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों से इसकी सूचना आम नागरिकों तक पहुंचायी जाएगी, ताकि सभी नागरिकों को सूचना प्राप्त हो सके और वे अपनी शिकायत दर्ज करा सके।

### खनन विभाग ने की कोयले लदे वाहनों की जांच

**हजारीबाग।** उपायुक्त नैंसी सहाय के निर्देशानुसार 6 सितंबर को कोयले के अवैध परिवहन के सूचना के आलोक में कोयला लदे वाहनों की सघन जांच के लिए खनन विभाग को आदेश दिया था। खनन विभाग ने पूरी रात रांची-पटना मार्ग पर स्थित नगवां टोल प्लाजा सहित अन्य जगहों पर पुलिस लाइन के पुलिस बल के साथ सघन जांच किया। जांच में 30 कोयले से लदे वाहनों की जाँच की गई जिसका ई-परिवहन चालान सही पाया गया। जांच दल को देखते हुए एनएच पर कोयले लदे गाड़ियां संख्या आम दिनों की तुलना मे काफी कम देखी गई। उपायुक्त के आदेश के आलोक में जाँच अभियान जारी रहेगा।


**राँची समाहरणालय, राँची।**
**(जिला भू-अर्जन शाखा)**

www.dlaoranchi.in dlaoranchi@gmail.com, dlaoranchi@rediffmail.com

**ग्राम सभा**

करकद्दा नदी एवं तंजु नाला के संगम स्थल से दसमाईल गुन्दू पथ चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण पुनर्निर्माण कार्य परियोजना (पुनर्जीवित) अन्तर्गत कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, खूँटी द्वारा भूमि अधिग्रहण हेतु अधियाचना प्राप्त है। प्राप्त अधियाचना के आलोक में दिनांक-28.08.2024, 29.08.2024 एवं 30.08.2024 को ग्रामसभा का आयोजन हेतु तिथि निर्धारित की गई थी, किन्तु ग्राम सभा की कार्रवाई नहीं हो पाई।

अतः निम्न विवरणी अनुसार पुनः ग्राम सभा की तिथि निर्धारित की जाती है :-

| ग्रामसभा की तिथि/दिन | ग्रामसभा का आयोजन स्थल | संबंधित अंचल का नाम | मौजा | समय | ग्रामसभा में प्रतिनियुक्त कर्मी का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 09.09.2024 सोमवार | पंचायत भवन, हुडुवा | नामकुम | करकद्दा, सिरी, देवगाई | 11:00 पूर्वाह्न | श्री जलेश्वर उराँव, कानूनगो/ श्री मनोज सिन्हा, श्री जयराम स्वाँसी, अमीन, जिला भू-अर्जन कार्यालय, राँची। |
| 10.09.2024 मंगलवार | पंचायत भवन, डुंगरी | | गुन्दू, किरकी | | |
| 11.09.2024 बुधवार | नामकुम प्रखण्ड के सभागार कक्ष में | | तुपुदाना | | |

अतः संबंधित मौजों के भू-धारियों को सूचित किया जाता है कि सभी संबंधित कागजातों के साथ खतियान/डीड, लगान रसीद (अद्यतन), परिचय-पत्र की छायाप्रति के साथ निर्धारित स्थान पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

ह०/-
जिला भू-अर्जन पदाधिकारी राँची।

PR 335020 Land Reforms (24-25)D


### एडिशन पब्लिक स्कूल में 60 शिक्षकों दी गयी ट्रेनिंग



**टाटीझरिया ।** एडिशन पब्लिक स्कूल टाटीझरिया में सीबीएसई ने शिक्षकों को दी ट्रेनिंग।60 शिक्षक प्रशिक्षण में हुए शामिल । रिसोर्स पर्सन के रूप में अन्ना कुटटी ग्लेक्सी स्कूल हजारीबाग के प्रधानाध्यापिका एवं एंजेल हाई स्कूल की शिक्षिका प्रति लता ने एक दिवसीय प्रशिक्षण सत्र कार्यक्रम में शामिल सीबीएसई के विभिन्न विद्यालयों से आए शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्या सुधा कुमारी ने किया। वही कक्षा दशम की छात्राओं ने स्वागत नृत्य संगीत प्रस्तुत कर किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक राजू यादव,मुबारक अंसारी,राजेश कुमार,रश्मि कुमारी, पूनम कुमारी,शिवानी, रेणु, अनुराधा, आशीष राणा, समीक्षा, रौशनी,चंदन विश्वकर्मा, सुमित सिन्हा, फागू यादव समेत अन्य जुटे थे।

### रामानुजम कॉलेज में मना शिक्षक दिवस

**टाटीझरिया ।** रामानुजम डिग्री कॉलेज में न्यूनतम शुक्ल में छात्र छात्राओं के लिए बेहतर शिक्षा की व्यवस्था योग्य शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा दी जा रही है। जहां क्षेत्र के आठों पंचायत के विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करने को लेकर आते हैं ।

बता दें कि डिग्री कॉलेज परिसर में शिक्षक शिक्षिकाओं संग विद्यार्थियों ने शिक्षक दिवस के अवसर पर भारत के पूर्व राष्ट्रपति सह शिक्षा को अलख जगाने वाले डॉ.सर्व पल्ली राधा कृष्णन के तस्वीर पर मालार्पण कर शत शत नमन कर उनके जन्म दिन के अवसर पर केक काट कर धूमधाम से मनाया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. चूरामन प्रसाद कुशवाहा, राहुल कुमार, रंजीत कुमार मौर्या ने सर्वपल्ली राधा कृष्णन की जीवनी



को छात्र छात्राओं के बीच जानकारी देते हुए कहा की हरेक मनुष्य के जीवन में मार्गदर्शन के लिए गुरु की आवश्यकता होती है।इसलिए छात्र छात्राओं को चाहिए कि वे सर्व प्रथम गुरु माता पिता,स्कूल कॉलेज में शिक्षा को अध्ययन करवा रहे शिक्षकों ,कुल पुरोहितों,बड़े बुजुर्गों का सम्मान करे। बाद मे महाविद्यालय के कई विद्यार्थियों ने शिक्षकों को उपहार भेंट कर चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया।

# दुखहर्ता हैं गणेश : प्रवीण शर्मा

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** गणेश पूजा महोत्सव को लेकर गणपति बप्पा मोरया...... देवा हो देवा गणपति देवा.. आदि भक्ति गीतों से भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर, बासल सहित आसपास का ग्रामीण क्षेत्र गूंजता रहा। शनिवार को गणेश प्रतिमा स्थापना के साथ विधिवत पूजा-अर्चना का शुभारंभ हुआ। रिभर साईड भुरकुंडा स्थित प्रवीण शर्मा के आवास पर भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित हुई। जहां पुरोहित महेश्वर त्रिवेदी द्वारा पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच भगवान गणेश की पूजा-अर्चना कराई गई। इसमें प्रवीण शर्मा, सुषमा शर्मा, राज शर्मा, मंजू शर्मा, अंकित शर्मा, आशु, संगीता शर्मा, ददन कुमार,



संजय रवि, राकेश शर्मा, भगवती देवी आदि श्रद्धालु शामिल हुए। उन्होंने कहा कि भगवान गणेश श्रद्धालुओं के दुखहर्ता हैं। वे हमेशा श्रद्धालुओं पर खुशियों की वर्षा करते हैं।

### एसपी ने किया पूजा पंडाल का उदघाटन



**कुजू।** गणेश पूजा पंडाल का उद्घाटन रामगढ़ एसपी अजय कुमार शनिवार को किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक के साथ कुजू ओपी प्रभारी दिगंबर पांडेय भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि सभी देवों से प्रथम पूजे जाने वाले भगवान गणेश के महोत्सव का काफी महत्व है।

# सांसद व विधायक ने किया कई योजनाओं का शिलान्यास

### क्षेत्र का विकास हमारी प्राथमिकता : जायसवाल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़ ।** शहर में शनिवार को सांसद मनीष जायसवाल और विधायक सुनीता चौधरी ने संयुक्त रूप से डीएमएफटी योजना के तहत 1 करोड़ 18 लख रुपए की लागत की विकास योजनाओं की आधारशिला रखी। जायसवाल और चौधरी ने रामगढ़ छावनी परिषद क्षेत्र के नेहरू रोड़, छावनी वर्क शॉप से राजस्थान कलेवालय तक पेवर पथ निर्माण ( लंबाई 850 मीटर) और फिर रामगढ़ के कुम्हारटोली रोड़ नेशनल स्टोर से वैष्णव देवी मंदिर तक पेवर पथ का शिलान्यास किया। भाजपा




और आजसू कार्यकर्ताओं व मोहल्ले वासियों ने दोनों फूल माला पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंटकर भव्य स्वागत किया । जायसवाल ने कहा कि क्षेत्र का विकास हमारी प्राथमिकता है और रामगढ़ शहर के विकास में ऐसे पथों का निर्माण होने से शहर की सुंदरता के साथ लोगों को आवागमन और परिवहन में भी सुविधा होगी । मौके पर छावनी परिषद रामगढ़ के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी अनंत आकाश, भाजपा नगर अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव, आजसू नगर अध्यक्ष अरुण अग्रवाल, राजीव जायसवाल,विजय जायसवाल, पंकज साहा, सत्यदेव ठाकुर, ब्रजेश पाठक, सरदार अनमोल सिंह, संजय बनारसी, ऋषिकेश सिंह, अनुपमा सिंह, विभन सिंह, राजेश ठाकुर, अंकित सिंह, राहुल पासवान, रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।


**झारखण्ड सरकार**
**राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग**
**(जिला भू-अर्जन कार्यालय, राँची)**

**अधिघोषणा**
**(अधिनियम-30/2013 की धारा-19 (1) के अधीन)**
**बिरसा मुण्डा एयरपोर्ट (हुण्डरु)-हेथू-चन्दाघासी-रिंग रोड (कोंचबोंग) पथ (कुल लम्बाई 6.950 कि०मी०) के निर्माण कार्य परियोजना।**

चूँकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा-बिरसा मुण्डा एयरपोर्ट (हुण्डरु)-हेथू-चन्दाघासी-रिंग रोड (कोंचबोंग) पथ (कुल लम्बाई 6.950 कि०मी०) के निर्माण कार्य परियोजना हेतु ग्राम-इटे, कोंचबोंग एवं मरियातु, थाना संख्या क्रमशः-304, 306 एवं 303, अंचल-नामकुम, जिला-राँची में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश रकबा क्रमशः-0.870, 8.068 एवं 0.146 एकड़ भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू-खण्ड है, जो मानक माप से कमोवेश रकबा क्रमशः-0.870, 8.068 एवं 0.146 एकड़ है, जो मौजा-इटे, कोंचबोंग एवं मरियातु, थाना संख्या क्रमशः-304, 306 एवं 303, अंचल-नामकुम, जिला-राँची में है, जिसकी विवरणी निम्नलिखित है :-

**मौजा-इटे**

| क्र. | खाता सं. | सर्वे प्लॉट सं. | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं०) उ० | द० | पू० | प० |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 29 | 182 | परती कदीम | 0.305 | गैरमजरूआ मालीक, धनी घासी वल्द सगरू घासी | 180 | 186 | 188 | 181 |
| 2 | 6 | 183 | टाड़ दो 1 | 0.120 | मो० मंगरी, जोजे छदु, जेकर, वारगी मादी, गदिया, बिरसा वगैरह | 182 | 184 | 185 | Boundary Line |
| 3 | 21 | 185 | टाड़ दो 1 | 0.274 | साधो, संगराम, झिरगा, फागु, | 186 | 187 | 187 | 183 |
| 4 | 21 | 186 | दोन दो 3 | 0.081 | पेशरान-जितु उरांव, | 182 | 185 | 187 | 182 |
| 5 | 11 | 187 | दोन एक 5 | 0.090 | छोटा विगुवा, वल्द-फागु, ढोलेया, वल्द-लक्ष्मण एवं साधु, संगराम, झिरगा, फागु, पेशरान-पिरवा उरांव, | 188 | Boundary Line | 192 | 184 |
| | | | कुल | 0.870 | | | | | |

**मौजा-कोंचबोंग**

| क्र. | खाता सं. | सर्वे प्लॉट सं. | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं०) उ० | द० | पू० | प० |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 104 | 10 | दोन तीन 7 | 0.608 | सिधराई वो नन्दा पाहन, एतवा, पिता-बीजा पहान, एडमन कुजूर, अंजु कच्छप, सुदर्शन मार्टीन मुण्डू | 3 | 44 | 11,12 | 9 |
| 2 | 104 | 11 | परती कदीम | 0.123 | सिधराई वो नन्दा पाहन, एतवा, सिमोन होरो, एडमन कुजूर, अजित लोरेंस एक्का, सुदर्शन मार्टीन मुण्डू, पुष्पा कुजूर | | 10,12 | 14 | 10 |
| 3 | 104 | 44 | टाड़ दो 1 | 0.511 | सिधराई वो नन्दा पाहन, एतवा, मेरी मेतुका कंडुलना, ज्योति कुमारी, भीम पुष्पा | 10 | 41,42 | 43 | 7 |
| 4 | 116 | 45 | परती गड़हा 1 | 0.011 | पिरुआ, बिरसा , झिरगा उराव, सोमरा उराव, लक्षमण उराव ,एव फागु | 7 | 38 | 41,40 | 46,49 |
| 5 | 116 | 41 | दोन दो 1 | 0.043 | पिरुआ, बिरसा , झिरगा उराव, सोमरा उराव, लक्षमण उराव ,एव फागु | 45 | 39 | 42 | 45 |
| 6 | 116 | 42 | दोन दो 2 | 0.162 | पिरुआ, बिरसा , झिरगा उराव, सोमरा उराव, लक्षमण उराव ,एव फागु | 13,43 | 39 | 15 | 41,44 |
| 7 | 116 | 39 | परती कदीम 1 | 0.449 | पिरुआ, बिरसा , झिरगा उराव, सोमरा उराव, लक्षमण उराव ,एव फागु | 41,42 | 38 | 19 | 40,45 |
| 8 | 104 | 38 | टाड़ दो 1 | 0.370 | सिधराई वो नन्दा पाहन, एतवा, प्रिन्स ए० कुरती, शेलेस्टिना गाड़ी, फेलोमिना सोरेंग, अशोक बिणा टोप्पो, फ्रांसिस लकड़ा, स्टेला बागे, रोमानुश किड़ो, जॉन बसन्त मिंज, बेरना देत एक्का, सबिना कच्छप | 39 | 63 | 37 | 58 |
| 9 | 104 | 63 | टाड़ दो 1 | 1.360 | सिधराई वो नन्दा पाहन, एतवा, श्वेता कुसुम बेक, शैलबाड़ा किड़ो, स्टेला बेक, स्मिता डुंगडुंग, किरण चन्द बाड़ा, अंकिता कुतल, जोशि प्रतिमा मिंज, सिसलिया लकड़ा, ललीता लुगून, जीता कुजूर, नरेन्द्र के० बेता, पतिरमा डुंगडुंग | 38 | 70 | 64 | 58 |
| 10 | 17 | 70 | टाड़ दो 1 | 0.112 | पाकु मुण्डा, लहरू मुण्डा, सोमरा मुण्डा, मनोरमा दिग्गी, अल्पा टोप्पो, ललन टोप्पो, संध्या मिंज, जॉन कमल दीप वचन खलखो, अभिषेक तिर्की, चारल्स बेक, दीपक मुण्डा | 63 | 69 | 65,65 | 61,62 |
| 11 | 38 | 61 | टाड़ दो 1 | 0.676 | मांगा उरांव, मादी उरांव, लुधी उरांव, नागा उरांव, नारायण उरॉव, महादेव उरॉव, तोता उरांव, घासी उरांव, हेलन माईकल, चार्ल्स फेलिक्स, दीपक कुमार टूटी, अजय कण्डुलना, रोजा मनजुलना बाखला, मरिसतेलाना पुर्ति, आशा गुजनिया मोनिका टोप्पो | 62 | 59 | 70,72 | 58 |
| 12 | 38 | 71 | दोन तीन 1 | 0.121 | मांगा उरांव, मादी उरांव, लुधी उरांव, नागा उरांव, नारायण उरॉव, महादेव उरॉव, तोता उरांव, घासी उरांव, अजय कन्डुलना | 61 | 61 | 70,72 | 61 |
| 13 | 38 | 60 | टाड़ दो 1 | 0.029 | मांगा उरांव, मादी उरांव, लुधी उरांव, नागा उरांव, नारायण उरॉव, महादेव उरॉव, तोता उरांव, घासी उरांव, प्रभाकर लकड़ा, अभीजीत जोन टोप्पो, दीपक कुमार टुटी, सुजित तिग्गा, राजीव सुनित मिंज | 62 | 59 | 61 | 58 |
| 14 | 70 | 59 | टाड़ दो 1 | 0.563 | अमरजीत बंधु कच्छप, अजय कुमार टोप्पो, अनुज संजय बेक, जुलेतो बाड़ा, पतरसीया डुंगडुंग, इग्नायुस खेस | 60,61 | 91 | 79 | 58 |
| 15 | 70 | 55 | टाड़ दो 2 | 0.311 | अमरजीत बंधु कच्छप, पौल कुल्लु, अर्सेनियस बिलुंग, निर्मल बिलुंग, पुष्पा डुंगडुंग, उर्सुला डुंगडुंग, बाबी रोज रानी सोरेन, रेखा नीलम टोपनो, सारेन कच्छप, सुषीला टोप्पो, जीरेन होरो, भिलयानी टोप्पो, जुवेल लकड़ा, वाल्टर डुंगडुंग, लुईस होरो, रोमन खलखो, पुष्पा भेंगराज, पास्कल एरगा, तेविया डुंगडुंग, स्मिता प्रिति डुंगडुंग, आनन्द प्रभत कुल्लु, सुनिता कन्डुलना, | 52,54 | 56 | 58 | |
| 16 | 66 | 56 | टाड़ दो 4 | 2.030 | सुधिर राम नायक, भगवान प्रसाद सिंह, कौशल कुमार सिंह, रेणु सिन्हा, दीपक कुमार भरथु, विनोद कुमार भरथु, आई० बी० एजुकेशन सोसाईटी द्वारा अल्पना पाण्डेय, यतीन्द्र नाथ सिंह, गीता देवी, सवीता पासारी, हर्ष पसारी, | 55 | 57 | 58 | |
| 17 | 74 | 57 | टाड़ दो 2 | 0.589 | राजु उरॉव, शंकर उरॉव | 56 | 383 | 58 | |
| | | | कुल | 8.068 | | | | | |

**मौजा-मरियातु**

| क्र. | खाता सं. | सर्वे प्लॉट सं. | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं०) उ० | द० | पू० | प० |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 321 | दोन एक 32 | 0.146 | अन्तू तेली , ललीत तेली , पिता-हरिया तेली, | चन्दाघासी | चन्दाघासी | 324-325 | चन्दाघासी |
| | | | कुल | 0.146 | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम संख्या-30/2013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जाँच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए हैं, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत् है :-

ग्राम-XXX, थाना संख्या- XXX, अंचल- XXX, जिला- XXX, क्षेत्रफल- XXX एकड़, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, राँची के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

अमीन, जि०भू०अ०का०,राँची। | कानूनगो, जि०भू०अ०का०,राँची। | जि० भू० अ० पदा०, राँची। | अपर समाहर्त्ता, राँची। | उपायुक्त, राँची।

PR 335024 (Land Reforms) 24-25 (D)

स्पीड न्यूज

## रातू थाने में दस को होगी जन सुनवाई



रातू। डीजीपी अनुराग गुप्ता के आदेश पर सूबे के थाने में जन सुनवाई शिविर लगाये जा रहे हैं। इसके जरिये पीड़ितों से उनकी फरियाद सुनी जा रही है। समस्याओं के ऑन स्पॉट समाधान किये जा रहे हैं। 10 सितंबर को यहां डीएसपी टू अरविंद कुमार लोगों की समस्याएं सुनेंगे। श्री गुप्ता की इस पहल से आम नागरिकों में न्याय की उम्मीद जगी है। उन्हें शिविर लगने का इंतजार है। यह देखना दिलचस्प होगा कि इससे किस हद तक लोगों को संतुष्ट किया जा सकेगा। बतातें चलें कि शिविर में जमीन विवाद के छाये रहने की संभावना है। वैसे मामलों को प्राथमिकता दी जायेगी, जिसका थाना स्तर पर काईवाई लंबित है। इसके अलावा मारपीट, लेन-देन व धोखाधड़ी जैसे मामले भी सुलझाये जायेंगे। इसका उद्देश्य न्यायालयों में मुकदमें का बोझ को कम करना है। थानेदार आरएन सिंह ने लोगों से शिविर में आने और अपनी बातें रखने की अपील की है।

## इटकी : उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चे होंगे सम्मानित

इटकी। अंजुमन फरोग -ए- उर्दू के तत्वावधान में रविवार को इटकी स्थिति मक्का मैरेज हॉल में विभिन्न परीक्षाओं के उर्दू विषय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। सम्मान समारोह में इटकी प्रखंड के मैट्रिक से स्नातकोत्तर तक के छात्र -छात्राएं शामिल होंगे। कार्यक्रम प्रातः 10 बजे आरंभ होगा। जहां इटकी प्रखंड के छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में कैरियर काउंसलिंग के तहत विशेषज्ञों द्वारा महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी जाएगी। समाजसेवी हाजी मोइनुद्दीन ने उक्त जानकारी देते हुए इटकी प्रखंड के उर्दू विषय के छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों से समारोह में शामिल होने का अपील किया है।

## चान्हो : चोरेया गांव में गणेश महोत्सव शुरू

चान्हो। प्रखंड के चोरेया गांव में तीन दिवसीय गणेश पूजा की शुरूआत शनिवार को धूमधाम के साथ की गई। न्यू शिव शक्ति क्लब गणेश पूजा समिति चोरेया द्वारा इसका आयोजन किया गया है। गांव के ही कई बुजुर्गों ने एक साथ मिलकर पूजा पंडाल के पट का अनावरण किया। आयोजन समिति द्वारा बताया गया कि शनिवार और रविवार की शाम महाआरती भी होगी साथ ही सोमवार को पूजा हवन के साथ विसर्जन किया जाएगा। मौके पर जनसंघी चक्रधर नाथ मिश्रा, कुंवर साहू, बंशी साहू, छेदी साहू, निरंजन सोनी, राकेश मिश्रा, अखलेश प्रसाद सहित ग्रामीण मौजूद थे।

## जन शिकायत शिविर को लेकर गांव स्तर में प्रचार-प्रसार

सोनाहातू। राज्य सरकार के निर्देश अनुसार रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक के आदेश अनुसार सभी थाना क्षेत्र के लिए डीएसपी स्तर में जन शिकायत शिविर का आयोजन किया गया है।बुंडू अनुमंडल क्षेत्र के तमाड़ ,बुंडू, दशम फॉल, सोनाहातू और राहे थाना के लिए 10 सितंबर को बुंडू में शिविर आयोजन किया गया है। शिविर को लेकर सोनाहातू थाना प्रभारी चंदन कुमार प्रखंड के सभी 14 पंचायत के मुखिया और ग्राम प्रधानों से संपर्क कर गांव के विवादों को समाधान के लिए शिविर में उपस्थित रहने की अपील की है।

## अनगड़ा मैदान में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम 10 को

सकिदिरी। आम जन की शिकायतों व समस्याओं के निदान हेतु 10 सितंबर को 11 बजे अनगड़ा प्रखंड मैदान में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम निर्धारित की गई है। कार्यक्रम में सिकिदिरी, अनगड़ा और ओरमांझी थाना क्षेत्र के आमजन की समस्या का त्वरित समाधान किया जाएगा। सिकिदिरी थाना प्रभारी ने अमजनों से इसका लाभ उठाने की अपील की है।

# गणपति महोत्सव में उमड़ी भक्तों की भीड़

**गणपति बप्पा मोरया**

खबर मन्त्र संवाददाता

ओरमांझी। गणेश चतुर्थी के अवसर ओरमांझी प्रखंड के विभिन्न पूजा पंडालों में भगवान गणपति की प्रतिमा स्थापित कर धूमधाम से पूजा किया गया। भगवान गणेश का पट खुलते ही पूजा पंडालों में भक्तों में भीड़ उमड़ पड़ी। वही पूजा पंडलों में भगवान गणेष की भक्ति गाने व गणपति बप्पा मोरिया की जयकारा गुंजयमान रहा। ओरमांझी में स्थापित पूजा पंडाल का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व प्रमुख जयगोविंद उर्फ लालू साहू द्वारा किया गया। उन्होने सभी को गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं दी और कहा भगवान गणेश अपने भक्तों पर कृपा बनाए रखें। उन्होने कहा सनातन धर्म संस्कृति में पूजा हो या किसी भी शुभकार्य को सफल बनाने में सबसे पहले भगवान गणेष की पूजा महत्वपूर्ण होती है। इससे पूर्व पडिंत कुणाल गोस्वामी द्वारा विधिवत पूजा व आरती कराई गई। वहीं उपासक रंजन करमाली उर्फ बब्लू, प्रितम कुमार व उत्तम कुमार ने मंत्रोच्चार के साथ पूजा की।



भगवान गणेश की प्रतिमा के साथ अतिथि व अन्य।

**मौके पर थे मौजूद**

पूजा व आरती में मुखिया दीपक बड़ाईक, वार्ड संघ के प्रखंड अध्यक्ष सत्यमराज कुशवाहा, ग्रामप्रधान दिनदयाल लोहार, पूजा समिति ओरमांझी अध्यक्ष सत्यनारायण तिवारी, सचिव श्याम किशोर महतो, कोषाध्यक्ष दुगार्शंकर साहू, काली पूजा समिति ओरमांझी के अध्यक्ष अजय सिंह, राजेंद्र साहू, हरिश्चंद्र महतो, नरेश महतो, रामवृक्ष महतो, भीम मुंडा, सुनील नायक, जोगेंदर मुंडा, सुन्दर नायक, नोना पहान, पवन साहू सहित काफी संख्या में महिला भक्त गण उपस्थित थे।

## गणपति बप्पा मोरया के जयकारे से गूंजा राहे-सोनाहातू, उमड़ी भीड़

**गणेश महोत्सव**

खबर मन्त्र संवाददाता



सोनाहातू। गणपति राखो मेरी लाज, पूरन कीजौ मेरे काज...। भाद्रपद शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी पर प्रखंड क्षेत्र में शनिवार को देवताओं में प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश की पूजा अर्चना की गई। भक्ति भाव के साथ श्रद्धालुओं ने स्थापित गणपति महाराज की पूजा अर्चना की। श्रद्धालुओं ने भगवान को मोदक दूर्वा एवं सफेद फूल अर्पित किए। पूजा के क्रम में भक्तों ने भगवान गणेश से परिवार,ओर समाज के लिए मंगल कामना की। राहे प्रखंड के सुभाष चौक दुर्गा मंदिर परिसर में सोलह आना युवक समिति के द्वारा गणपति बप्पा की भव्य प्रतिमा स्थापित कर चार दिवसीय गणेश चतुर्थी महोत्सव प्रारंभ किया। पंडित धीरेन्द मुखर्जी के द्वारा विधिवत पूजन किया जा रहा है। भगतसिंह चौक गोमदा में भी भव्य प्रतिमा स्थापित कर चार दिवसीय गणेश चतुर्थी महोत्सव प्रारंभ किया।

## बेड़ो के हरिहरपुर जामटोली पहाड़ पर स्थित मंदिर में चोरी

खबर मन्त्र संवाददाता

बेड़ो। बेड़ो प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली पहाड़ स्थित शिव मंदिर में शुक्रवार की रात को अज्ञात चोरों ने मंदिर में लगे घंटी ,पीतल का बना नाग देवता, मंदिर में रखे गए पूजा सामग्री घीव, दान पेटी, पीतल लोटा, बाल्टी एवं आवश्यक पूजा सामग्रियों को अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी कर लिया गया। पहाड़ में स्थित शिव मंदिर में प्रतिदिन की तरह पूजा अर्चना पूजा पाठ के लिए पुजारी प्रत्येक दिन सुबह 7:00 बजे पूजा अर्चना के बाद वापस अपने घर लौट जाते हैं। वही पुजारी ने बताया कि शनिवार की सुबह मंदिर पहुंचा तो देखा कि सभी सामान गायब है इसके बाद पुजारी शिव मंदिर निर्माण समिति के पदाधिकारी एवं गांव के लोगों को घटना की जानकारी दिए। वही सूचना पाकर तुरंत शिव मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष, सचिव एवं सभी पदाधिकारीगण मंदिर का निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने बताया के इस मंदिर में अज्ञात शरारती तत्वों के द्वारा पहले भी चोरी की घटना कौन जाम दे चुके हैं। मंदिर में बार-बार इस तरह की चोरी की घटना से ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। इधर मंदिर में हो रहे बार-बार चोरी को लेकर मंदिर समिति के पदाधिकारी एवं ग्रामीणों के द्वारा प्रशासन को लिखित आवेदन देकर ऐसी घटनाओं को रोकथाम करने की गुहार लगाया।

# गुरुगाईं में शिक्षक सम्मान समारोह

**गुरुजनों के आशीर्वाद से ही हम आज इस मुकाम पर हैं : अनूप बिरथरे**


डीआईजी अनूप वीरथरे ने कहा कि बुढ़मू प्रेस क्लब का आयोजन सराहनीय है आज सेवानिवृत्ति के बाद शिक्षक हों या अन्य कोई व्यक्ति समाज से कट जाता है, जबकि हम आज जिस भी मुकाम में हैं वह गुरुजनों के आशीर्वाद का ही परिणाम है। उन्होंने कहा की शिक्षा व शिक्षक के बिना सभ्य समाज की कल्पना नहीं की जा सकती है।

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। शनिवार को बुढ़मू प्रेस क्लब के सौजन्य से शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।ठाकुर गांव के गुरुगाई पंचायत भवन में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र के सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मानपूर्वक फूल माला और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि डीआईजी अनूप वीरथरे, विशिष्ट अतिथि स्वामी देवेन्द्र प्रसाद शिक्षाविद सह समाजसेवी, रांची प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुरेंद्र सोरेन, सचिव अमरकांत, कोषाध्यक्ष कुबेर सिंह, वरिष्ठ पत्रकार अनूज सिंह, संजय समर ललन पांडे, सुनील पांडे, समाजसेवी सतीश कुमार उपस्थित हुए। रांची प्रेस क्लब के सचिव अमरकांत जी ने कहा की इस प्रकार का आयोजन प्रेरणादायक है ।आज हम यहां सभी समाज के गुरुजनों को सम्मानित कर रोमांचित हैं और इस प्रकार के आयोजन की प्रेरणा के साथ यहां से लौटेंगे। समाजसेवी स्वामी देवेंद्र प्रकाश ने कहा की गुरु ही हैं जो हमें भगवान से रु ब रु कराते हैं।उन्होंने बुढ़मू में डिग्री कॉलेज के स्थापना की बात के साथ कहा की मैं पंद्रह वर्षों से क्षेत्र की सेवा में हूं यहां की हर समस्या मेरी है जिसका समाधान मेरा ही मेरा लक्ष्य है। वहीं डीआइजी रांची अनुप वीरथरे पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस पब्लिक रिलेशन को बेहतर करने के लिए 10 सितंबर को कैंप का आयोजन किया गया है। जन शिकायत समाधान कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसमें आम लोगों को टोल फ्री नंबर 112,1970, 898790619 का उपयोग करने की अपील किया। साथ ही पुलिस और आम पब्लिक के बीच बेहतर समन्वय स्थापित हो सके। मौके पर दर्जनों सेवानिवृत्त शिक्षक एवं गणमान्य शामिल हुए।

एक नजर में

## महाकालेश्वर धाम मंदिर के दान पेटी से रुपये और बर्तन की चोरी



ओरमांझी। थाना क्षेत्र के गगारी पहाड़ में स्थित महाकालेश्वर धाम मंदिर को चोरों द्वारा निषाना बनाया है। चोरों ने मंदिर का ताला तोड़ अंदर गए। दान पेटी का ताला तोड़ा और दान के पैसे के साथ पूजा के वर्तन को भी चुरा कर ले गए। इतना ही नही चोरों ने मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरा तक चुरा कर ले गए है। इसकी जानाकरी देते हुए मंदिर के पुजारी नीरज पांडेय ने बताया कि सुबह में जब पूजा करने गया तो सब कुछ ठीक था। संध्या पूजा व आरती करने मंदिर गया तो मंदिर के मुख्य दरवाजे का तला टुटा हुआ था। अंदर जाने के बाद चोरी की घटना की जानकारी हुई। घटना को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश है। ओरमांझी थाना में केस दर्ज किया गया है। पुलिस द्वारा चोरों को गिरफ्तार करने का प्रयास की जा रही है।

## खलारी बाजारटांड़ में करम मिलन समारोह 15 को



खलारी। खलारी बाजार टॉड स्थित बहेरा टांड में करमा पूजा उत्सव मनाने को लेकर ग्रामीणों की एक बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता बाबूलाल गंझू ने किया। बैठक में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी खलारी के पेट्रोल गोदाम में करमा मिलन समारोह 15 सितंबर को सर्वसम्मति से मनाने का निर्णय लिया गया। साथ निर्णय लिया गया कि मिलन समारोह में क्षेत्र के विभिन्न करमा पूजा समिति के खोड़हा टीम भाग लेंगे और सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत करेंगे। खोड़हा टीम को आयोजन समिति के द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। बैठक में बबलू गंझू, गोविंद भोगता, राहुल गंझू, विजय गंझू, सोनू उरांव अजय गंझू , रोहित गंझू, विकास गंझू, आतिश मुंडा, पवन, निखिल, अनिल गंझू, सहेश, पिंटू, बंटी उरांव, व ग्रामीण उपस्थित थे।

## राज्यसभा सदस्य ने रखी कई विकास योजनाओं की आधारशिला



अनगड़ा। राज्यसभा सदस्य आदित्य प्रसाद साहू ने शनिवार को अनगड़ा प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में कई विकास योजनाओं की आधारशिला रखी। सभी का निर्माण सांसद निधि फंड से किया जाएगा। गेतलसूद तालाब, अनगड़ा आरटीसी, नारायण सोसो व चतरा में पीसीसी पथ व तुरुप में शमशान शेड निर्माण की आधारशिला रखी गई। आदित्य साहू ने कहा कि भाजपा व विकास पर्यायवाची है। जहां भाजपा की सरकार है वही विकास है। अन्य सरकारें सिर्फ वोट की राजनीति करती है। मौके पर पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष जैलेन्द्र कुमार भाजयुमो उपाध्यक्ष सत्यदेव मुंडा, जगेश्वर महतो, संजय नायक, राजेन्द्र महतो, नरेश साहू, कामेश्वर महतो, बिगेश्वर महतो, गेतलसूद उपमुखिया शंकर बैठा, राजन महतो, शिकारी महतो, सीताराम मुण्डा, अमित गोस्वामी, विमल नायक उपस्थित थे।

# केंद्रीय मंत्री को सौंपा 8 सूत्री ज्ञापन

खबर मन्त्र संवाददाता



खलारी। एनके एरिया जनता मजदूर संघ के अध्यक्ष एवं सीसीएल सलाहकार समिति सदस्य कमलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में शनिवार को संघ का एक प्रतिनिधिमंडल केंद्रीय कोयला राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे से मिलकर 8 सूत्री ज्ञापन सौंपा। संघ के सदस्यों ने सीसीएल क्षेत्र में उनका स्वागत करते हुए बताया कि जेबीसीसीआई में तय मामले कोल इंडिया में अक्षरशः पालन नहीं होता जैसे 9,4,0 के तहत मिलने वाली नौकरी अघोषित रूप से बंद है,सीएमपीएस-98 स्कीम के तहत प्रत्येक तीन वर्षों में पेंशन बढ़ोतरी प्रवधान को लागू किया जाये, सीपीआरएमएस-एनई स्कीम में सुधार के लिये वित्तीय सहायता दी जाए,कोलइंडिया/सीसीएल भूमि मुवावजा ० पुर्नवास नीति का संशोधन कर ताकि नये प्रोजेक्ट के विस्तारीकरण हेतु कम्पनी को आवश्यक भूमि उपलब्ध कराने के प्रतिं रैयतों में और विश्वासः जगे। (सीसीएल के एनके एरिया का एक मामले की जानकारी भी उन्हें दी गई), स्थानीय कोयला कर्मियों के वैसे चिकित्सक बच्चे जो किसी अन्य क्षेत्रों में प्रैक्टिस कर रहे हैं उन्हें एक नियम बनाकर सीसीएल अस्पतालों से जोड़ा जाए ताकि क्षेत्रों में चिकित्सक की कमी को दूर किया जा सके। 2017 से मार्च 2018 के बीच लगभग 19 हजार सेवानिवृत्त कोयला कर्मचारी 20 लाख ग्रेच्युटी से वंचित है उन्हें राशि दिलाने की मांग की गई,एमडीओ मोड् पर रेवेन्यू शेयर के आधार पर खदानों को आवंटित करना बंद किया जाये।

## खटंगा गांव के किसानों को मिला जैविक खेती का प्रशिक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

ठाकुरगांव। कांके प्रखंड के खटंगा गांव में परंपरागत कृषि विकास योजना के तहत ऑर्गेनिक फार्मिंग अथॉरिटी ऑफ झारखंड के द्वारा वैदिक ऑर्गेनिक सर्टिफिकेशन एजेंसी द्वारा किसानों को जैविक खेती करने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के मुख्य प्रशिक्षक अनुज कुमार के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से बताया गया कि किसान जैविक खेती करके अपनी भूमि को लंबे समय तक उपजाऊ बनाकर टिकाऊ खेती कर सकते हैं। साथ ही साथ कम लागत में उत्पादन ,अधिक मुनाफा कमा सकते हैं। जैविक उत्पाद का प्रयोग अपने भोजन के रूप में करके हम सभी स्वस्थ रह सकते हैं। इस अवसर पर किसानों को प्रशिक्षण देते हुए प्रशिक्षक ने कहा की जैविक खेती एक शून्य बजट का खेती है, इससे हम अपने गांव में उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों से कई प्रकार के खाद कीटनाशक टॉनिक का निर्माण कर अपने खेतों में प्रयोग कर सकते हैं। उन्होंने इस कार्यक्रम में किसानों को नीम अर्क, जीवामृत बीजामृत दसपॉर्न, केंचुआ खाद सहित कई प्राकृतिक कीटनाशक एवं अन्य दवा बनाने की विधि को विस्तार पूर्वक बताया एवं इससे होने वाले फायदे को भी बताया गया। मौके पर प्रोजेक्ट मैनेजर अमन कुमार, क्षेत्र पदाधिकारी मोतीउर रहमान, रीता देवी, बसंती देवी, सुनीता देवी मौजूद थीं।

## कांग्रेस अल्पसंख्यक कमेटी की बैठक

चान्हो। प्रखंड परिसर में रांची जिला ग्रामीण अल्पसंख्यक अध्यक्ष के निर्देश पर शनिवार को कांग्रेस अल्पसंख्यक कमिटी के साथ बैठक की गई। बैठक को सम्बोधित करते रांची जिला ग्रामीण अल्पसंख्यक अध्यक्ष शमीम अख्तर ने पार्टी पदाधिकारियों से कहा कि विधानसभा चुनाव नजदीक है सारे कार्यकर्ता चुनाव की तैयारी में जुट जाए।संगठन के अल्पसंख्यक कमिटी को मजबूत बनाना सभी कार्यकताओं का जिम्मेदारी है। साथ ही आगामी 19 सितम्बर को शहीद वीर बुद्ध भगत इंटर कॉलेज के मैदान में चान्हो प्रखंड अल्पसंख्यक सम्मेलन का निर्णय लिया गया है।

# क्षेत्र का विकास करना हमारा लक्ष्य : आदिल

**जिला परिषद ने किया पीसीसी सड़क और जल मीनार निर्माण कार्य का शिलान्यास**

खबर मन्त्र संवाददाता

चान्हो। प्रखंड अंतर्गत दो विभिन्न स्थानों पीसीसी सड़क और जल मीनार निर्माण कार्य का शिलान्यास शनिवार को चान्हो पश्चिमी जिला परिषद आदिल अजीम के द्वारा दुआ कर किया गया। ज्ञात हो कि 15 वें वित्त आयोग के अन्तर्गत योजना- सोंस में जलमीनार निर्माण का शिलान्यास और ग्राम-पंडरी में पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास मो. आदिल आजिम, के कर कमलों द्वारा होलिका देवी प्रमुख चान्हो प्रखण्ड, विमला देवी मुखिया सोस रिजवान आलम प स स की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस मौके पर जिला परिषद ने अपने संबोधन में कहा कि हमारा लक्ष्य ही क्षेत्र में विकास करना है। जिसमें सड़क की विशेष महत्ता होती है। जहां यह सड़क का शिलान्यास किया गया है। पूर्व में कच्ची रहने से लोगों को गांव से निकलना मुश्किल होता था। मुख्य मार्ग तक जाने में काफी दिक्कतें होती थी। अब इस सड़क का निर्माण होने से ग्रामीणों को मुख्य सड़क तक जाने में आसानी होगी। पूर्व में हो रही कठिनाई दूर होगी। मेरा लक्ष्य है कि अपने कार्य काल में एक भी कच्ची सड़क न बचे सबका समय रहते पक्कीकरण कराया जायेगा। उन्होंने कहा की आदिवासी मोहल्ला में जलमीनार का निर्माण हो जाने से इस मोहल्ला के लोगों को दूसरे स्थान से पेयजल के लिए जाना नहीं पड़ेगा। उन्होंने उपस्थित ठेकेदार से कहा कि ससमय तथा गुणवत्तापुर्ण जलमीनार निर्माण कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। वहीं उपस्थित ग्रामीणों ने कहा कि जलमीनार का निर्माण हो जाने से इस मोहल्ला के लोगों के लिए वरदान साबित होगा।



**मौके पर थे मौजूद**

मौके पर मुखिया जयनाथ भगत, तनवीर आलम, रिजवान अंसारी, अतीक अहमद, हकमूल अंसारी, मोहसिम खान,नेयाज खान, इमरोज खान मौजूद थे।

## राशन डीलर धर्मनाथ महतो का निधन



ओरमांझी। प्रखंड क्षेत्र के कुकुई जनवितरण प्रणाली के दुकानदार (राषन डिलर) धर्मनाथ महतो का हृदघात से निधन हो गया है। बताया गया कि 62 वर्षीय धर्मनाथ महतो शुक्रवार की शाम को गाय दुहने के बाद दुध ब्रिकी करने जाने के लिए तैयार हो रहे थे। तभी उसकी तबियत बिगड़ गई। उसे घबराहट होने लगी और बोलने में असमर्थ हो गए। स्वजनों ने तत्काल उपचार के लिए उसे मेदांता हॉसिपटल इरबा ले गए। जहां चिकित्सकों ने मृत्यु की पुष्टि कर दी। शनिवार के गांव के मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। घटना की जानाकरी मिलने पर पूर्व सांसद रामटहल चैधरी, जिप सदस्य कमिश्नर मुंडा, पूर्व प्रमुख जयगोविंद उर्फ लालू साहू, शैलेंद्र मिश्रा, रामवृक्ष महतो, सुनील नायक, नोना पाहन प्रखंड क्षेत्र के कई राशन डिलर पहुंचे और घटना के प्रति दुख जताया।

# पतराटोली को हरा चापाटोली की टीम बनी चैंपियन

**महारानी प्रेममंजरी स्मृति फुटबॉल प्रतियोगिता टूर्नामेंट**

- विजेता को 31 हजार और खस्सी
- उप विजेता को 21 हजार, खस्सी

खबर मन्त्र संवाददाता

रातू। अगडू में महारानी प्रेममंजरी स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट समाप्त हो गया। न्यू झारखंड विकास क्लब की ओर से आयोजित पांच दिनी प्रतियोगिता के फाइनल में चापाटोली ने ट्राइब्रेकर के जरिये पतराटोली को 2-0 से शिकस्त देकर चैंपियनशिप जीत ली। रातू फुटबॉल क्लब तीसरे स्थान पर रही। पुरस्कार वितरण समारोह में कांग्रेस के प्रदेश महासचिव अजय नाथ शाहदेव, विधायक नवीन जायसवाल, प्रमुख संगीता तिर्की, कांग्रेस ग्रामीण जिला के महासचिव जसीम अंसारी, मुखिया परिना कच्छप व सरपंच विक्रम उरांव बतौर अतिथि विजेता को 31 हजार नकद व एक बड़ा खस्सी, उप विजेता को 21 हजार नकद व खस्सी तथा दलादिली को 11 हजार नकद और एक खस्सी भेंट की। इससे पूर्व अतिथियों की ओर से महारानी की चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। संचालन बिक्की उरांव ने किया।



**समारोह में लिया हिस्सा**

जेम्स बॉन खलखो, उप मुखिया मनुवर अंसारी, अमित उरांव, पूर्व मुखिया मुकेश भगत, सोमेश उरांव, अब्दुल कुदुस, पुनई उरांव, कार्तिक उरांव, शंकर महली, सुशील तिग्गा, जनक महली, प्रकाश उरांव, मुन्ना उरांव, महादेव उरांव, सफीक अंसारी, जाबिर अंसारी, इरशाद अंसारी, कलीम अंसारी व मास्टर तजमुल आदि सैकड़ों।

## बेड़ो के लापुंग मोड़ में मेन्स पार्लर खुला



बेड़ो। बेड़ो प्रखंड के पुरना पानी लापुंग मोड़ में शनिवार को विकास मेंस पार्लर का विधिवत पूजा के बाद ईटा पंचायत की पूर्व मुखिया सह समाजसेवी बुधराम बाड़ा ने फीता काटकर उद्घाटन किया। मुखिया ने कहा कि अब ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को अपने मन पसन्द के हेयर स्टाइल की सुविधाएं मिलेंगी। वहीं पॉर्लर के संचालक विकास ठाकुर ने बताया कि यहां ग्राहकों को सारी सुविधाएं मिलेंगी। मौके पर रसीद मीर, लाल कमलेश, सूरज ठाकुर, डेहरु ठाकुर, विक्की, परमेश्वर व मुकेश ठाकुर समेत कई लोग मौजूद रहे।

# इतिहास रच स्वदेश लौटे भारतीय पैरालिंपियन, भव्य स्वागत

एजेंसी





**नयी दिल्ली।** पेरिस पैरालिंपिक में रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन करने के बाद भारतीय पैरालिंपिक एथलीटों का स्वदेश लौटने पर दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर भव्य स्वागत किया गया। शनिवार की सुबह, पेरिस पैरालिंपिक में हिस्सा लेने के बाद भारतीय दल के आधे सदस्य स्वदेश लौट आए। अवनी लेखरा, मोना अग्रवाल, प्रणव सूरमा, राकेश कुमार और मनीष नरवाल उन लोगों में शामिल हैं जो दिल्ली पहुंचे। दिल्ली के बाहर बड़ी संख्या में प्रशंसक एकत्रित हुए और पैरा-एथलीटों पर फूल बरसाकर उनका स्वागत किया। भारतीय दल के अन्य एथलीट पैरा मल्टी-स्पोर्ट इवेंट के समापन के बाद वापस लौटेंगे। स्टार इंडिया पैराशूटर अवनी लेखरा ने कहा कि पेरिस पैरालिंपिक में यह एक शानदार यात्रा थी। भारत की स्टार पैराशूटर अवनी लेखरा ने कहा कि पेरिस पैरालिंपिक में यह एक शानदार यात्रा रही। भारतीय पैरा शूटर मोना अग्रवाल ने कहा कि उनका पैरालंपिक सफर बहुत अच्छा रहा। उन्होंने कहा,₹यह मेरा पहला पैरालंपिक था और मैं बहुत अच्छा महसूस कर रही हूं।₹ मौजूदा पैरालंपिक चैंपियन अवनी ने अपना सिलसिला जारी रखते हुए शुक्रवार को पेरिस पैरालंपिक में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल फाइनल में स्वर्ण पदक जीता। वह खेलों के इतिहास में दो स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला भी बनीं। इसी स्पर्धा में निशानेबाज मोना अग्रवाल ने कांस्य पदक जीता। इस बीच, पैरा-तीरंदाज राकेश कुमार ने जीत का सारा श्रेय अपने कोचों को दिया। राकेश कुमार और शीतल देवी की भारतीय तीरंदाजी जोड़ी ने चल रहे पेरिस पैरालिंपिक में इटली के एलोनोरा सारती और माटेओ बोनासिना पर जीत के साथ मिश्रित टीम कंपाउंड स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। उन्होंने सोमवार को चल रहे मार्की इवेंट के कांस्य पदक मैच में इतालवी जोड़ी को 156-155 के स्कोर से हराया। चल रहे पैरालिंपिक में भारत ने 27 पदक जीते हैं, जिसमें छह स्वर्ण पदक, नौ रजत पदक और 12 कांस्य पदक शामिल हैं। यह किसी पैरालिंपिक खेल आयोजन में भारत द्वारा जीता गया अब तक का सर्वाधिक स्वर्ण है, जिसने टोक्यो 2020 में जीते गए कुल पांच स्वर्ण को पीछे छोड़ दिया है। विशेष रूप से भारतीय पैरा-एथलीटों ने तीन स्वर्ण, छह रजत और छह कांस्य पदक जीतकर देश को गौरवान्वित किया है, जिससे उन्हें कुल 15 पदक मिले हैं।

## होकाटो सेमा ने शॉटपुट स्पर्धा में जीता कांस्य पदक



**पेरिस।** भारतीय एथलीट होकाटो सेमा ने पहली बार पैरालंपिक खेलों में भाग लेते हुए पुरुषों की शॉटपुट एफ57 के फाइनल मुकाबले में अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ कांस्य पदक जीता। नागालैंड के रहने वाले एथलीट होकाटो सेमा ने शुक्रवार देर रात खेले गये गोला फेंक मुकाबले मे 14.65 मीटर के अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ तीसरे स्थान पर रहे और कांस्य पदक अपने नाम किया। इसके साथ पैरालंपिक में छह स्वर्ण, नौ रजत, 12 कांस्य के साथ भारत के पदकों की संख्या 27 हो गई है।

## शरद कुमार ने पैरा एथलेटिक्स में भरी ऊंची उड़ान

**नयी दिल्ली।** भारत के पैरा–एथलीट शरद कुमार ने पेरिस पैरालिंपिक 2024 में पुरुषों की ऊंची कूद टी63 में रजत पदक हासिल कर अपनी उपलब्धि में एक और इजाफा किया। एक मार्च 1992 को बिहार के मोतीपुर में जन्मे शरद को दो साल की उम्र में ही पोलियो हो गया था। उनका बचपन स्वास्थ्य संबंधी जटिलताओं से भरा हुआ था, जिससे उन्हें ठीक करने के लिए अस्पतालों के दौरे के साथ–साथ आध्यात्मिक अनुष्ठानों की आवश्यकता पड़ी।

## कानपुर ने रोमांचक मुकाबले में नोएडा को हराया

**लखनऊ।** समीर रिजवी (46) की उपयोगी पारी के बाद गेंदबाजों के अनुशासित प्रदर्शन के दम पर कानपुर सुपरस्टार्स ने शनिवार को यूपीटी20 लीग के एक रोमांचक मुकाबले में नोएडा किंग्स को मात्र दो रन से हरा दिया। इकाना स्टेडियम पर कानपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट खोकर 119 रन बनाये जिसके जवाब में नोएडा की टीम 117 रन ही बना सकी।

## चोटिल मार्क वुड पाक और न्यूजीलैंड दौरे से बाहर

लंदन। दाहिनी कोहनी में चोट के चलते इंग्लैंड के तेज गेंदबाज मार्क वुड पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के आगामी दौरों में नहीं खेलेंगे। वुड ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट में कहा, पहले से परेशानी वाली कोहनी की नियमित जांच के दौरान मुझे यह जानकर झटका लगा कि मेरी दाहिनी कोहनी की हड्डी में कुछ तनाव है। एमिरेट्स ओल्ड ट्रैफर्ड में मामूली कमर की चोट के बाद, मुझे और मेडिकल टीम को लगा कि यह मेरी कोहनी की जांच कराने का एक अच्छा समय है क्योंकि इसमें थोड़ी जलन थी। मैं इसे हर तेज गेंदबाज को होने वाली सामान्य चोट के बराबर रखूंगा और जिसके माध्यम से मैं खेल रहा था।

# दलीप ट्रॉफी : मानव सुथार के सात विकेट, भारत-सी ने भारत-डी को हराया

एजेंसी



**अनंतपुर (आंध्र प्रदेश)।** युवा वामहस्त स्पिनर मानव सुथार ने पहली पारी में मिली लय को दूसरी पारी में जारी रखते हुए सात विकेट झटके जिससे दलीप ट्रॉफी मैच में शनिवार को यहां भारत डी की पारी लड़खड़ा गई और भारत सी ने चार विकेट से मैच अपने नाम किया। मैच के तीसरे दिन जीत के लिए 232 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत सी के शीर्ष क्रम ने बल्ले से उपयोगी योगदान दिया। कप्तान रुतुराज गायकवाड़ (36), आर्यन जुयाल (47) और रजत पाटीदार (44) की महत्वपूर्ण पारियों से टीम को लक्ष्य के करीब पहुंचाया तो वही अभिषेक पोरेल ने दबाव के क्षणों में नाबाद 35 रन की पारी खेल टीम को जीत दिलाई। भारत डी ने दिन की शुरूआत आठ विकेट पर 206 रन से की, अक्षर पटेल और हर्षित राणा क्रीज पर थे। इस जोड़ी की 30 रन की साझेदारी को सुथार ने अक्षर (28) को आउट कर तोड़ा। उन्होंने इसके बाद आदित्य ठाकरे (0) को आउट किया, जिससे इंडिया डी की दूसरी पारी 236 रन पर समाप्त हुई। लक्ष्य का पीछा करते हुए गायकवाड़ और साई सुदर्शन (22) ने 64 रन की साझेदारी के साथ भारत सी को अच्छी शुरूआत दिलायी। सारांश जैन से सुदर्शन को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ने के बाद गायकवाड़ को भी चलता किया। जुयाल और पाटीदार ने इसके बाद तीसरे विकेट के लिए 88 रन की साझेदारी कर टीम को जीत के करीब पहुंचा दिया। जैन ने मैच में एक बाद फिर साझेदारी को तोड़ने का काम किया। उन्होंने पाटीदार को आउट किया जबकि इसके तुरंत बाद अर्शदीप सिंह ने जुयाल को चलता किया। भारत सी की टीम 191 रन पर छह विकेट गंवाने के बाद दबाव में थी लेकिन पोरेल और सुथार (नाबाद 19) ने इसके बाद सातवें विकेट के लिए 42 रन की अटूट साझेदारी कर टीम को जीत दिला दी। भारत डी के लिए दाएं हाथ के ऑफ स्पिनर जैन ने चार विकेट झटके।

## अश्विन ने घरेलू क्रिकेट में डीआरएस की वकालत की

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत के अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने कहा कि इस घरेलू क्रिकेट सत्र में निर्णय समीक्षा प्रणाली (डीआरएस) लाने के फैसले से बल्लेबाजों को अपनी तकनीक में सुधार करने में मदद मिलेगी। 2024 दलीप ट्रॉफी के पहले दौर में बेंगलुरु (भारत ए बनाम भारत बी) और अनंतपुर (भारत सी बनाम भारत डी) में होने वाले मैचों के लिए डीआरएस उपलब्ध है। अश्विन ने भारत डी के बल्लेबाज रिकी भुई की बल्लेबाजी तकनीक के बारे में बात करके अपनी बात को स्पष्ट किया, जिसमें उन्होंने पैड के पीछे बल्ला रखने की बात कही थी जिसने अनंतपुर में उनके आउट होने में अहम भूमिका निभाई। दूसरे दिन के खेल में भुई को भारत सी के बाएं हाथ के स्पिनर मानव सुथार ने एलबीडब्ल्यू आउट किया। शुरूआत में ऑन-फील्ड अंपायर ने आउट नहीं दिया, लेकिन भारत सी के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने डीआरएस का विकल्प चुना और फैसला बदलकर आउट कर दिया गया। घरेलू क्रिकेट के लिए डीआरएस सिर्फ सही फैसले लेने के लिए नहीं है। मानव सुथार के खिलाफ कल शाम रिकी भुवी का आउट होना एक ऐसे बल्लेबाज का क्लासिक मामला है जो एफसी क्रिकेट में इस तकनीक का 10/10 बार इस्तेमाल करके बच निकलेगा। अश्विन ने कहा, 'डीआरएस से पहले यह कोई दोषपूर्ण तकनीक नहीं थी, लेकिन अब यह है। पहले के दिनों में बल्लेबाजों को सिर्फ इसलिए नॉट आउट दिया जाता था क्योंकि वे फ्रंट फुट पर आने में कामयाब रहे।

# पंत के नैसर्गिक खेल से इंडिया बी को 240 रन की बढ़त

एजेंसी



**बेंगलुरु।** रिषभ पंत (61) और सरफराज खान (46) की संघर्षपूर्ण पारियों की मदद से भारत बी ने दलीप ट्राफी के रोमांचक मुकाबले के तीसरे दिन शनिवार को भारत ए के खिलाफ छह विकेट पर 150 रन बना कर 240 रनों की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल कर ली है। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में गेंदबाजों के लिए मददगार पिच पर तीसरे दिन का खेल खत्म होने के समय इंडिया बी के वशिंगटन सुंदर छह रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। इंडिया बी की पारी का मुख्य आकर्षण ऋषभ पंत की 47 गेंदों पर 61 रन की विस्फोटक पारी रही। उन्होने यह रन नौ चौकों और दो छक्कों की मदद से बनाये। पंत ने अपने नैसर्गिक खेल का प्रदर्शन उस समय किया कि जब भारत बी अपनी पकड़ खोता दिख रहा था। वह ऑफ स्पिनर तनुश कोटियन के शिकार बने, लेकिन उनकी पारी ने शुरूआती झटकों के बाद पारी में जरूरी गति ला दी। सरफराज खान ने 36 गेंदों में 46 रनों की जोरदार पारी खेली। वह आवेश खान की तेज गेंद को छूने के प्रयास में विकेटकीपर ध्रुव जुरेल के हाथों आउट हुये। दिन के अंतिम ओवरों में भारत बी ने आखिरी 10 ओवरों में केवल 27 रन बनाए और इस बीच दो विकेट खो दिए। आकाश दीप के तेजतर्रार स्पैल ने दबाव बनाए रखा। उनके लगातार सीम मूवमेंट ने भारत बी के बल्लेबाजों को नियंत्रित रखा। इससे पहले, भारत ए पहली पारी में 90 रन से पिछड़ते हुए 231 रन पर आउट हो गई। तनुश कोटियन (32) और आकाश दीप (11) ने हालांकि कुछ देर तक संघर्ष किया। खलील अहमद आखिरी खिलाड़ी के रूप में आउट हुए। इंडिया बी के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जयसवाल और अभिमन्यु ईश्वरन सस्ते में आउट हो गये। एक समय तीन विकेट 22 पर गंवा कर भारत बी मुश्किल में लग रहा था मगर पंत और सरफराज ने पारी को आगे बढ़ाया।

## न्यूजीलैंड के खिलाफ हमें मिलेगा फायदा : रहमत

**नयी दिल्ली।** अफगानिस्तान के अनुभवी बल्लेबाज रहमत शाह ने कहा कि भारत में खेलने के पिछले अनुभव के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ सोमवार से नोएडा में शुरू होने वाले एकमात्र टेस्ट में उनकी टीम का पलड़ा थोड़ा भारी रहेगा। शाह अफगानिस्तान की उस टीम का हिस्सा थे जिसने बेंगलुरु (2018 बनाम भारत), देहरादून (2019 बनाम आयरलैंड) और लखनऊ (2019 बनाम वेस्टइंडीज) में टेस्ट मैच खेले थे। शाह ने कहा, भारत में खेलने के पिछले अनुभव का हमें फायदा मिलेगा। नोएडा और लखनऊ हमारे घरेलू मैदान रहे हैं। हमने यहां कई मैच खेले हैं और अभ्यास शिविर लगाए हैं।' उन्होंने कहा, ह्यहम भारत के मौसम और पिच की स्थिति से भी परिचित हैं, इसलिए निश्चित रूप से हम फायदे की स्थिति में हैं।

# यूएस ओपन: टेलर फ्रिट्ज फाइनल में, जननिक सिनर से होगा सामना

एजेंसी




**न्यूयॉर्क।** टेलर फ्रिट्ज ने शुक्रवार को यूएस ओपन 2024 के सेमीफाइनल में हमवतन फ्रांसेस टियाफो को हराकर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई जहां रविवार को उनका सामना इटली के शीर्ष वरीयता प्राप्त जननिक सिनर से होगा। इस जीत के साथ ही फ्रिट्ज 15 वर्षों में ग्रैंड स्लैम फाइनल में पहुंचने वाले पहले अमेरिकी खिलाड़ी भी बन गए। विश्व के 12वें नंबर के खिलाड़ी फ्रिट्ज ने 4-6, 7-5, 4-6, 6-4, 6-1 से जीत हासिल की और फाइनल में जगह बनाई। 26 वर्षीय फ्रिट्ज ने जीत हासिल करने के बाद कहा, ₹शुरूआत में उन्होंने मुझे बहुत परेशान किया और मैं थोड़ा घबरा गया था। मैंने खुद से कहा कि मैं इसमें बना रहूँ, सर्विस को बनाए रखूँ और स्कोरबोर्ड पर दबाव बनाऊँ। मैंने इसमें बने रहने के लिए हर संभव कोशिश की। अगर मैंने ऐसा नहीं किया होता तो मुझे हमेशा इसका पछतावा होता। इससे पहले सिनर ने आर्थर ऐश स्टेडियम में उमस भरी परिस्थितियों पर काबू पाते हुए शुक्रवार को ब्रिटेन के जैक ड्रेपर को 7-5, 7-6(3), 6-2 से हराकर यूएस ओपन 2024 के फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे सेट में गिरने के कारण सिनर की कलाई में चोट लग गई थी, लेकिन उन्होंने धैर्य बनाए रखा और फाइनल में जगह बनाई। वहीं, ड्रेपर के लिए कुछ भी ठीक नहीं रहा, उन्होंने दूसरे सेट में तीन बार उल्टी की, क्योंकि उन्हें गर्मी और उमस से जूझना पड़ा, जिससे उनकी शर्ट भी पसीने से भीग गई। 10 डबल फॉल्ट भी 22 वर्षीय खिलाड़ी को पहली बार ग्रैंड स्लैम फाइनल में पहुंचने में मदद नहीं कर पाए।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# ओलंपिक पदक विजेता भारत एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए तैयार

एजेंसी




**हुलुनबुइर।** पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक विजेता भारतीय हॉकी टीम हीरो पुरुष एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी 2024 में अपने अभियान की शुरूआत करने के लिए तैयार है। मौजूदा चैंपियन भारतीय टीम खिताब बचाने के लिए प्रबल दावेदार के रूप में मैदान पर उतरेगी। भारत के साथ मेजबान चीन, जापान, पाकिस्तान, कोरिया और मलेशिया जैसी टीमें हैं। यह प्रतिष्ठित टूनामेंट रविवार 8 सितंबर से चीन के हुलुनबुइर शहर में होगा। पिछले साल भारत ने घरेलू मैदान पर यह खिताब जीता था, जिससे वह टूनामेंट के इतिहास में चार खिताब जीतने वाली एकमात्र टीम बनी। टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह इस साल भी चैंपियनशिप में भारत का दबदबा जारी रखने के लिए उत्सुक हैं। हॉकी इंडिया की ओर से शनिवार को जारी बयान में हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि पिछले साल एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी ने हमें एशियाई खेलों में जाने के लिए सही गति दी। इसके बाद ओलंपिक खेलों में फिर से पोडियम पर खड़े होने की जीत मिली। इस बार भी हम इस टूनामेंट को जीतकर नए ओलंपिक चक्र की शुरूआत करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि इस टूनामेंट में ओलंपिक टीम के दस सदस्य खेल रहे हैं। हमारी टीम में कुछ युवा खिलाड़ी भी हैं। उन्होने कहा कि खेल के दृष्टिकोण से, हमारा आक्रमण और पेनल्टी कॉर्नर हमारी ताकत है लेकिन हम एक संरचित रक्षा की कोशिश करेंगे, खासकर जापान, मलेशिया और पाकिस्तान जैसी टीमों के खिलाफ। विश्व रैंकिंग अंकों के लिहाज से यह हमारे लिए एक महत्वपूर्ण टूनामेंट है और हम चुनौती के लिए तैयार हैं। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरूआत रविवार को मेजबान चीन के खिलाफ पहले मैच से करेगी। उसके बाद 9 सितंबर को जापान के खिलाफ दूसरा मैच खेलेगी। भारतीय टीम 11 सितंबर को पिछले साल की उपविजेता मलेशिया से भिड़ेगी और 12 सितंबर को साउथ कोरिया से खेलेगी। एक दिन के ब्रेक के बाद, भारत 14 सितंबर को पाकिस्तान से भिड़ेगा। सेमीफाइनल और फाइनल मैच क्रमशः 16 और 17 सितंबर को होंगे।

## निकिता ने रजत और नेहा ने जीता कांस्य पदक



**पोंटेवेद्रा (स्पेन)।** भारतीय पहलवान निकिता ने यहां अंडर-20 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में महिलाओं के 62 किलोग्राम फ्रीस्टाइल वर्ग में रजत पदक जीता, जबकि नेहा ने 57 किग्रा में कांस्य पदक हासिल किया, जिससे भारत इस प्रतियोगिता में कुल मिलाकर पांच पदकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा। पिछले साल अंडर-20 एशियाई चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता निकिता फाइनल में यूक्रेन की पहलवान इरीना बोंदर से 1-4 से हार गईं। पिछले महीने अंडर-17 विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली नेहा ने महिलाओं की 57 किग्रा फ्रीस्टाइल में हंगरी की गेरडा टेरेक को 10-8 से हराकर कांस्य पदक जीता। भारत ने इस तरह से पांच पदकों (एक स्वर्ण, एक रजत और तीन कांस्य) के साथ अपने अभियान का समापन किया। ज्योति बेरवाल ने इससे पहले महिलाओं की 76 किलोग्राम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था जबकि कोमल (महिला 59 किग्रा) और सृष्टि (महिला 68 किग्रा) ने कांस्य पदक हासिल किए थे। पिछले साल जॉर्डन के अम्मान में आयोजित की गई इस प्रतियोगिता में भारत ने चार स्वर्ण, तीन रजत और सात कांस्य पदक जीते थे।

स्पीड न्यूज

### पूर्वी सिंहभूम जिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता का समापन आज

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला एथलेटिक्स संघ द्वारा आयोजित 15वीं जूनियर पूर्वी सिंहभूम जिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2024 का उद्घाटन आज सुमंत मूलगावकर स्टेडियम टेल्को, जमशेदपुर में हुआ। कल 8 सितंबर 2024 को अंतिम दिन है, जिसमें पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया जाना है, जो सुबह 1030 बजे शुरू होगा। आज सुबह से ही कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिसमें 14 वर्ष, 16 वर्ष, 18 वर्ष और 20 वर्ष से कम आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं ने भाग लिया।

### शुद्ध शाकाहारी मिंट किचन रेस्टोरेंट का उद्घाटन सम्पन्न



**जमशेदपुर।** 53, ठाकुर बाड़ी रोड, रेमंड शोरूम के बगल में साकची स्थित मिंट किचन, विशुद्ध शाकाहारी अत्याधुनिक रेस्टोरेंट का उद्घाटन संयुक्त रूप से अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जमशेदपुर के सदस्यों हवलदार जितेंद्र सिंह, हवलदार मानिक वर्धा, हवलदार बिरजू कुमार, पियो सुखविंदर सिंह, सुबेदार अनिल सिन्हा, पियो कुंदन सिंह, हवलदार सत्य प्रकाश सिंह, हवलदार मनोज कुमार सिंह, हवलदार उमेश सिंह एवं नायक अवधेश कुमार के कर कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ। उक्त जानकारी देते हुए मिंट किचन के प्रबंधन ने कहा कि हमने अपने रेस्टोरेंट का उद्घाटन के लिए विशेष रूप से अखिल भारतीय पूर्व सैनिकों द्वारा देश और पूर्व सैनिकों के प्रति अपनी कृतज्ञता को व्यक्त करने के लिए एक उदाहरण पेश किया है। उक्त अवसर पर सभी पूर्व सैनिकों को उद्घाटन के पश्चात् उन्हें सम्मानित भी किया गया।

### टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन ने सदस्यों को दी भावभीनी विदाई

**जमशेदपुर।** शनिवार को टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन प्रांगण में सेवानिवृत्त हुए लोगो का सम्मान शाल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह दे कर अध्यक्ष श्री गुरमीत सिंह और महामंत्री आर के सिंह जी के द्वारा किया गया। सेवनृवितियों के द्वारा कई सुझाव दिए गए और यूनियन के द्वारा किये गए कार्यों की सभी मे प्रशंसा की। सम्मान समारोह में महामंत्री श्री आरके सिंह ने कहा आप सबका सुझाव हम लोगों के लिए नए कार्य करने का नया रास्ता बनाता है।

**इन्हें दी गयी विदाई :** फ्रेम फैक्टरी से दिवाकर मिश्रा, सेक्यूरिटी से मोहम्मद मुमताज अहमद और वनापल्ली श्रीनिवास राव, कैब एंड कल फैक्टरी से चिलकुरी वेंकटेश, इंजन से चंद्रकांती मंडल और सुरेन्द्र साहू, एक्सल से मोहम्मद जाकिर हुसैन, काजल चक्रवर्ती और विभाश पात्रा, ट्रांसमिशन से अजय कुमार वर्मा, वेहिकल फैक्टरी से मंगला कुमार महतो।

### सिंहभूम चौम्बर की 73वीं आमसभा 28 को

**जमशेदपुर।** सिंहभूम चैम्बर ऑफ कमर्स एंड इंडस्ट्री की 73 वीं वार्षिक आमसभा, चौम्बर भवन, बिष्टुपुर, में शनिवार, दिनांक 28092024 को पूर्वाह्न 1130 बजे से आयोजित होगी। इस आमसभा पिछले एक वर्ष तदानुसार 1 अक्टूबर, 2023 से अभी तक के कार्यों, उपलब्धियों और लेखा-जोखा को प्रस्तुत किया जायेगा। यह जानकारी मानद महासचिव मानव केडिया ने दी।

### नेम ट्री कैपेंन के तहत हुआ पौधरोपण

**जमशेदपुर।** विहंगम योग के संत नाम देव जी महाराज के पावन जन्मोत्सव (6 सितम्बर) पर अंतराष्ट्रीय स्तर पर मिशन ग्रीन अर्थ प्रोजेक्ट के तहत ''नेम ट्री'' कैपेंन द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम किया गया। संत नाम देव जी महाराज का जनमानस के प्रति संदेश है कि प्रत्येक व्यक्ति पौधा अवश्य लगावे, उस पौधे का नामकरण कर उससे भावनात्मक जुड़ाव रख उसके बड़े वृक्ष होने तक संरक्षक प्रदान करें, साथ ही समाज में उपहार स्वरुप पौधे के आदान-प्रदान से मिशन ग्रीन अर्थ को सशक्त बनाया जाए।

# लौहनगरी में 16 को निकलेगा जुलूस-ए-मोहम्मदी

- सोमवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा जश्ने ईद मिलादुन्नबी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** आगामी 16 सितंबर 2024 सोमवार को अकीदत व एहतराम के साथ 16 वां जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला जायेगा.। इस अवसर पर मानगो गांधी मैदान से विशाल जुलूस निकाला जायेगा। जुलूस साकची आमबगान से होकर घातकीडीह सेंटर मैदान में समाप्त होगा।

आयोजन को लेकर शुक्रवार संध्या तंजीम अहल ए सुन्नत व जमात की एक हम अहम बैठक मदरसा फजूल उलूम स्थित हाल में आयोजित की गई। मुफ्ती आबिद हुसैन नूरी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में इंतजामिया के लोगों के साथ-साथ लौह नगरी के धार्मिक गुरुओं, मस्जिद के इमामो और बुद्धिजीवियों ने भारी तादाद में शिरकत की।

बैठक में पैगंबर ए इस्लाम की याद में शानदार और भव्य मोतहदा जुलूस-ए-मोहम्मदी



धातकीडीह में तैयारी बैठक करते मौलानागण।

शानदार तरीके से निकालने और ईद मिलादुन्नबी से संबंधित तैयारीयों पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। ब्रैठक में तंजीम के जनरल सेक्रेटरी इस्लामिक स्कॉलर प्रसिद्ध मुफ्ती जियाउल मुस्तफा कादरी ने बताया कि जुलूस का नेतृत्व तंजीम अहले सुन्नत वल जमात द्वारा किया जायेगा।

मौलाना शमशाद उल कादरी ने कहा कि मस्जिदों, मदरसों और मोहल्लों में पैगंबर ए इंसानियत की शान में लिखे बैनर पोस्टर लगाये जायेंगे और विद्युत सज्जा की जायेगी। मौलाना बुरहान उल हुदा ने मौके पर तमाम देशवासियों को बधाई का संदेश दिया।

बैठक में मुफ्ती जियाउल मुस्तफा कादरी, मुफ्ती आबिद हुसैन मिस्बाही, मौलाना शमशाद उल कादरी, मौलाना बुरहानूल हुदा, मुफ्ती अबू हुरैरा, मौलाना इरफान ताबिश, मौलाना इजहार मिस्बाही, मौलाना कलीमुद्दीन हबीबी, अल्हाज मुख्तार सफी, अल्हाज बेलाल नासिर, मौलाना मोतीउल्लाह हबीबी, माजिद अख्तर, अब्दुल रऊफ, शाहिद रजा मुर्तजा, सैयद शौकत अली, शाहिद रजा, मो जावेद, मस्जिदों के इमाम, अध्यक्ष, सदस्य, प्रमुख बुद्धिजीवी सहित समाज के बहुत से गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# ट्रेलर की चपेट में आये दो भाइयों की मौत, लोगों ने किया हंगामा

›› बिष्टुपुर रेड सिग्नल पर देर रात की घटना

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** बिष्टुपुर थाना अंतर्गत छगनलाल दयाल जी के लाइट पोस्ट के पास देर रात 11 बजे एक दर्दनाक हादसा हुआ, जिसमें जुगसलाई थाना क्षेत्र के बलदेव बस्ती के निवासी दो भाइयों, कार्तिक नंदी और आकाश नंदी की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों भाई अपनी स्प्लेंडर बाइक से मां के लिए खाना लेकर घर जा रहे थे, जब एक अज्ञात ट्रेलर ने कुचल दिया।

घटना की सूचना मिलते ही परिवार वालों में कोहराम मच गया। मुकेश नामक व्यक्ति ने दोनों भाइयों के शवों को उठाकर टीएमएच अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांचोपरांत उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों का आरोप है कि घटना के 12 घंटे बीत जाने के बावजूद भी पुलिस ने ट्रेलर चालक को गिरफ्तार नहीं किया है। पुलिस की इस निष्क्रियता से आक्रोशित होकर परिजनों ने बिस्टुपुर से स्टेशन जाने वाले मार्ग को जाम कर दिया। उनकी मांग है कि ट्रेलर चालक को तुरंत गिरफ्तार किया जाए। जुगसलाई थाना प्रभारी नित्यानंद प्रसाद ने घटनास्थल पर पहुंचकर परिजनों को आश्वासन दिया कि ट्रेलर चालक की जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी।



मृतकों की फाइल फोटो और शो संतप्त परिजन।

आकाश नंदी के परिवार में उनकी पत्नी और दो छोटे बच्चे हैं, जिनकी उम्र 10 साल से कम है। परिजनों ने प्रशासन से आकाश की पत्नी को नौकरी और दोनों परिवारों के लिए 50-50 लाख रुपये के मुआवजे की मांग की है।

परिजनों का कहना है कि पुलिस की लापरवाही के चलते उनके घर के दो चिराग बुझ गये और वे न्याय की गुहार लगा रहे।

## सोना देवी विवि में रिसर्च पेपर राइटिंग व पब्लिकेशन विषय पर सेमिनार कल से

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** सोना देवी विश्वविद्यालय, किताडीह, घाटशिला, पूर्वी सिंहभूम में झारखण्ड, पश्चिमी बंगाल, ओड़िशा राज्यों तथा कोल्हान क्षेत्र के विभिन्न विषयों से जुड़े शोधार्थियों हेतु पहली बार रिसर्च मेथोडोलजी , रिसर्च पेपर राइटिंग एवं पब्लिकेशन विषय पर एक तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन नौ से 11 सितम्बर, 2024 तक किया जा रहा है। इस कार्यशाला में देश और विदेश के कई एक शोधकार्य के महान विशेषज्ञ उपस्थित हो रहे हैं। कार्यशाला में रिसर्च मेथोडोलजी के विभिन्न पहलुओं, प्रक्रियाओं के साथ -साथ रिसर्च पेपर राइटिंग एवं पब्लिकेशन, सिनोप्सिस राइटिंग,



प्लेगरिस्म चेक प्रक्रिया , थीसिस राइटिंग आदि पर विस्तार से चर्चा-विचारणा होगी तथा विभिन्न विषयों पर शोध पत्र प्रस्तुत किये जाऐंगे। कार्यशाला में पंजीकरण का शुल्क संकाय सदस्यों एवं डेलीगेट्स के लिए 1500- रु , शोधार्थियों हेतु 1000- रु , यू जी पी जी विद्यार्थियों के लिए 700- रु तथा स्पट पंजीकरण हेतु 2000- रु मात्र निर्धारित किया गया है। इस कार्यशाला में पंजीकरण ध्भागीदारी लेने वाले शोधार्थियों को विश्वविद्यालय की ओर से फोटो सहित प्रमाण पत्र प्रदान किया जायेगा।

## टाटा स्टील ने जारी की फर्जी नियुक्ति घोटालों के संबंध में चेतावनी सूचना

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील सभी लोगों को सूचित किया है कि उसकी ब्रांड प्रोटेक्शन टीम ने बड़े पैमाने पर, बहु-राज्यीय फर्जी नियुक्ति घोटाले का पर्दाफाश किया है। इस घोटाले की जांच पूरी कर ली गई है और इसमें शामिल लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। हम लोगों से सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना हमें देने की अपील करते हैं।

कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा है, हम जनता से अनुरोध करते हैं कि वे सतर्क रहें और टाटा स्टील में नौकरी के अवसरों के एवज में पैसे की मांग करने वाले किसी भी धोखाधड़ी से बचें। पया




ध्यान दें कि टाटा स्टील केवल मेरिट आधारित चयन प्रक्रिया का पालन करती है और नियुक्ति प्रक्रिया के किसी भी चरण में कोई भी शुल्क, सुरक्षा जमा, या सुविधा शुल्क नहीं लिया जाता है। इस बारे में अधिक जानकारी के लिए हमारे आधिकारिक वेबसाइट के करियर पेज पर एक सूचना भी उपलब्ध है।

धोखेबाज लोग टाटा स्टील से जुड़े होने का झूठा दावा करते हुए फर्जी नियुक्ति पत्र और धोखाधड़ी से भरी संचार विधियोंजैसे ईमेल, फोन कल, और सोशल मीडियाका उपयोग कर सकते हैं, ताकि नौकरी के इच्छुक लोगों से पैसे वसूले जा सकें। हम जनता से अनुरोध करते हैं कि ऐसी किसी भी भुगतान की मांग को नजरअंदाज करें और इसे एक धोखाधड़ी मानें।

टाटा स्टील केवल अपने ईमेल डोमेन का उपयोग करती है। अन्य किसी भी ईमेल डोमेन, पर विश्वास नहीं किया जाना चाहिए। हम सभी से अनुरोध करते हैं कि नौकरी के प्रस्तावों से संबंधित संचार प्राप्त करते समय अत्यधिक सतर्क रहें और भेजनेवाले की पहचान की पुष्टि करें।

## रघुवर दास से मिला केंद्रीय बस्ती विकास समिति का प्रतिनिधिमंडल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** केंद्रीय बस्ती विकास समिति का एक शिष्टमंडल अध्यक्ष पवन अग्रवाल के नेतृत्व में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री,ओडिशा के राज्यपाल तथा बस्ती विकास समिति के जनक रघुबर दास से एग्रिको स्तिथ उनके निवास स्थान पर मिला। बस्ती विकास समिति की ओर से महामहिम को पुष्पगुछ के साथ सम्मान के साथ अंगवस्थ देकर उनका सम्मान किया। शिष्टमंडल को महामहिम ने समाजहित के साथ साथ बस्तियों की छोटी बड़ी समस्याओं के



समाधान के लिए कार्य करने का आग्रह किया। राज्यपाल ने समाज में बढ़ती नशाखोरी के लिए स्लम चेत्रों में जागरूकता अभियान के माध्यम से युवाओं को नशा से मुक्त कराने का आग्रह किया। इस अवसर पर नवनियुक्त अध्यक्ष पवन अग्रवाल को पट्टा पहना कर महामहिम ने उत्साहवर्धन किया।इस अवसर पर पवन अग्रवाल ने कहा जल्द ही सामाजिक सोच रखने वाले लोगो को बस्ती विकास से जोड़कर नई कमिटी का गठन किया जायेगा।

## गेल की टीम पीएनजी कनेक्शन लगाने हेतु घर- घर जाकर कर रही रजिस्ट्रेशन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** गेल के महाप्रबंधक एवं प्रभारी अधिकारी गौरी शंकर ने बताया कि गेल आज अनेक सोसाइटी मे कैं प का आयोजन कर रहा है जिनमे मेघधूत अपार्टमेंट, एडन पार्क, नटराज ट्विन, नटराज कैं पस, ई सी सी फ्लैट्स, वर्कर्स फ्लैट, के डी फ्लैट्स इत्यादि शामिल हैं। यहां पर हर घर में डोर टू डोर जाकर प्रत्येक ग्राहकों के साथ संपर्क किया जायेगा एवं उन्हें पाइप नेचुरल गैस च्छ्ळ जो की सस्ती, 24ग्7 उपलब्ध, सुरक्षित, पर्यावरण मित्र, पोस्टपेड है इसे लेने के लिए ग्राहकों को प्रेरित किया जायेगा।

गौरी शंकर ने समाचार पत्र के माध्यम से इन सोसाइटी में रहने वाले सभी लोगों से इस स्वच्छ ईंधन को अपने रसोई में प्रयोग करण का अनुरोध किया है तथा ये मोबाइल नंबर 9471181149 जारी किया है जिस पर कस्टमर फोन करके अपने कनेक्शन लेने हेतु बातचीत कर सकते हैं।

श्री गौरीशंकर ने बताया कि गेल के द्वारा पीएनजी की कीमतों में की गई कमी के पश्चात उपभोक्ता के साथ मेलजोल हेतु प्रति सप्ताह कैं प का आयोजन किया जा रहा है। इस कैं प में न केवल नए ग्राहक का रजिस्ट्रेशन कर उन्हें तत्काल गैस शुरू करने की व्यवस्था बनायी जायेगी।

## सीएम हेमंत 10 को काजू मैदान, डोबो में बांटने आ रहे परिसंपत्तियां

- सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की तैयारियों का वरिष्ठ अधिकारियों ने लिया जायजा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** मुख्यमंत्री, झारखंड श्री हेमंत सोरेन का 10 सितंबर को काजू मैदान, डोबो में आगमन प्रस्तावित है, जिसके मद्देनजर पूर्वी सिंहभूम जिला प्रशासन द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा । इसी क्रम में पूर्वी सिंहभूम के डीसी अनन्य मित्तल द्वारा समाहरणालय सभागार में बैठक कर संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया । कार्यक्रम में पूर्वी सिंहभूम एवं पश्चिमी सिंहभूम जिले के सरकार के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभुक शामिल होंगे, उनके आवागमन, बैठने की व्यवस्था, अल्पाहार आदि की व्यवस्था को लेकर संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को आपस में समन्वय स्थापित करते हुए पूरे आयोजन को सफलतापूर्वक आयोजन का निदेश दिया गया। कार्यक्रम में पूर्वी सिंहभूम एवं पश्चिमी सिंहभूम के लाभुकों के बीच परिसंपत्ति तथा स्वीकृति पत्र वितरण के अलावा योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया जाना है।



**डीसी अनन्य मित्तल और डीसी रविशंकर शुक्ला ने लिया तैयारी का जायजा :** कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर सरायकेला खरसांवा के डीसी रविशंकर शुक्ला, पूर्वी सिंहभूम के डीसी अनन्य मित्तल, एसएसपी पूर्वी सिंहभूम किशोर कौशल, डीडीसी पूर्वी सिंहभूम मनीष कुमार, पीडीआईटीडीए दीपांकर चौधरी, एसपी सरायकेला खरसांवा मुकेश लुणायत, रूरल एसपी पूर्वी सिंहभूम ऋषभ गर्ग समेत जिला स्तरीय अन्य प्रशासनिक-पुलिस पदाधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। कार्यक्रम स्थल की साफ सफाई, अस्थाई हेलीपैड निर्माण, अलग-अलग रूट से आने वाले वाहनों की पार्किंग तथा सुगम यातायात परिचालन, आगंतुकों के बैठने की व्यवस्था पर बिंदुवार चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान विधि व्यवस्था का बेहतर संधारण, पेयजलापूर्ति, चलंत शौचालय, मेडिकल टीम, अग्निशमन दल तथा एंबुलेंस की उपलब्धता, आवश्यक जगहों पर बैरिकेडिंग, आवश्यक साइनेज के साथ-साथ अन्य व्यवस्थाओं को लेकर जरूरी दिशा-निर्देश दिया गया।

एक नजर में

### गणेश पूजा पंडाल का जिला पार्षद ने किया उद्घाटन



**चांडिल।** चांडिल के भुंईयांडीह में जिला पार्षद सदस्य पिंकी लायेक ने गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर आयोजित गणेश पूजा पंडाल का विधिवत फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने पंडाल में माथा टेक कर क्षेत्र की सुख शांति एवं समृद्धि के लिए प्रार्थना किया। इस मौके पर लालनी लायेक, गीता लायेक, पद्मावती महतो, सुकुमार लायेक, विकाश मंडल, शिवा लायेक, मिलन तंतूबाय सहित कई लोग उपस्थित थे।

### सुबह अभिषेक के बाद किया गया गणपति हवन



**चांडिल।** दयावती मोदी पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को विद्यार्थियों द्वारा स्कूल एग्जीबिशन का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर अपनी परियोजनाओं का प्रदर्शन किया। इसमें भाषा, भौतिकी, रसायन, जीवविज्ञान, समाज, गणित, कंप्यूटर, आर्ट एवं क्राफ्ट सामिल था। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने कई मडल प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का उद्घाटन चांडिल एसडीपीओ सुनील कुमार राजवार ने किया। मौके पर राजीव कुमार बवाल, ड जेसी चावला, आरके शर्मा, प्राचार्य संपा बनर्जी सहित कई लोग उपस्थित थे।

### साईं देवस्थानम् में धूमधाम से मनी गणेश चतुर्दशी



**जमशेदपुर।** आज साईं परिवार विश्व सेवा संस्थान, जमशेदपुर के तत्वाधान में श्री साईनाथ देवस्थानम , घोड़ाबांधा, टेल्को के मंदिर प्रांगण में स्थित गणपति मंदिर में श्री गणेश चतुर्थी हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी। आज सुबह श्री गणपति के मंदिर में घंटे द्द घड़ियाल की ध्वनि गूंजने लगी। आज सुबह बड़ी संख्या में श्रद्धालु श्री विनायक के चरणों में शीश नवाकर गणपति अथर्वशीश का पाठ कर रहे थे। श्री गजानन को दूर्वा , केले , मोदक और मोतीचूर के लड्डुओं का भोग चढ़ाकर श्रधालुओं के परिवारों के खुशहाली की कामना की गयी। संध्या में महाआरती के पश्चात गणपति सहस्रनाम पाठ का आयोजन किया गया। पूजन अनुष्ठान पंडित नन्दलाल मिश्र, पंडित सुजीत कुमार पाठक के देख रेख में संपन्न हुआ।

### पप्पू सरदार ने महाराष्ट्रियन अंदाज में की गणेश पूजा



**जमशेदपुर।** सिने तारिका माधुरी दीक्षित के मशहूर फैन पप्पू सरदार ने इस वर्ष गणेश चतुर्थी को खास अंदाज में मनाया। उन्होंने अपने घर में महाराष्ट्र की पारंपरिक शैली में गणेश जी की पूजा की, जो पूरी तरह से महाराष्ट्रियन संसति की झलक दिखाती है। पंडित संतोष कुमार त्रिपाठी ने विधिवत पूजा करायी। पप्पू सरदार, जो अपनी अनोखी श्रद्धा और माधुरी दीक्षित के प्रति प्रेम के लिए जाने जाते हैं, ने इस बार गणेश चतुर्थी के अवसर को खास बनाने के लिए महाराष्ट्र की पारंपरिक पूजा विधियों का पालन किया। पूजा स्थल को गणेश जी की मूर्ति, रंग-बिरंगे फूल, दीप और माधुरी दीक्षित की तस्वीर से सजाया गया था। पूजा के बाद प्रसाद के रूप में मोदक और मिठाइयां बांटी गयीं। पप्पू सरदार ने गणेश जी से माधुरी दीक्षित और अपने परिवार की खुशहाली की प्रार्थना की।

### सार्वजनिक दुर्गा और काली पूजा का भूमि पूजन



**जमशेदपुर।** बारीडीह स्टूडेंट क्लब के तत्वावधान में होने वाले सार्वजनिक दुर्गापूजा सह कालीपूजा पंडाल का भूमि पूजन आज संपन्न हुआ। इस शुभ अवसर पर पुरोहित ने विधिवत पूजा करायी। पूजा का मुख्य उद्देश्य देवी दुर्गा के लिए पवित्र स्थान का चयन के साथ शुद्धिकरण करना होता है। सचिव पंकज प्रिया ने कहा की यहाँ पिछले 60 वर्षों से पूजा का आयोजन होता आ रहा है । इस वर्ष भी कलोनीवाशी एवं मेंबर के साथ मिलकर विधि पूर्वक इस पूजा का आयोजन किया जायेगा। मौके पर उपाध्यक्ष अश्वनी शर्मा, डिप्टी प्रेसिडेंट अमित सिंह एवं दीपक मिश्रा, संस्थापक रामा शंकर शर्मा, आशीष झा, सुमित राजहंस, बृजमोहन, धर्मवीर, अनूप, विष्णु, पीयूष, सरवन, धीरज, सोहन, मनीष झा, आलोक कुमार, एस के नामता, कन्हैया, राज एवं कमेटी के सभी गणमान्य सदस्य उपस्थित थे।

# विश्व प्रसिद्ध गया पितृपक्ष मेले में श्रद्धालुओं की सुविधाओं की व्यापक एवं बेहतर तैयारी रखें : नीतीश कुमार

एजेंसी

**पटना/गया।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गया के विष्णुपद मंदिर में शनिवार को पूजा-अर्चना कर राज्य की समृद्धि की कामना की। इसके बाद सीएम ने पितृपक्ष मेले की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक में कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर व्यापक एवं बेहतर तैयारी रखें। मुख्यमंत्री ने कहा कि पितृपक्ष मेले में देश के कोने-कोने एवं विदेशों से तीर्थयात्री बड़ी संख्या में श्रद्धाभाव से अपने पूर्वजों का पिंडदान और तर्पण करने गया की मोक्षभूमि आते हैं। पितृपक्ष मेले की महत्ता को देखते हुए अधिकारीगण विशेष ध्यान रखें। मैं इस बात को नहीं भूल सकता हूं कि एक बार मुझे एक महिला श्रद्धालु ने बताया था कि यहां पिंडदानियों को काफी दिक्कत होती है।

समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी डॉ त्याग राजन एसएम ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से पितृपक्ष मेला-2024 की तैयारियों को लेकर विस्तृत जानकारी दी। पितृपक्ष मेले की बेहतर व्यवस्था के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को धन्यवाद भी दिया। जिलाधिकारी ने बताया कि इस वर्ष पितृपक्ष मेले का आयोजन 17 सितंबर, 2024 से 02 अक्टूबर, 2024 तक निर्धारित है। सभी महत्वपूर्ण वेदियों एवं घाटों पर श्रद्धालुओं के लिए अच्छी और सभी प्रकार की व्यवस्था की गयी है। कार्य समितियों का गठन कर पदाधिकारियों को बेहतर व्यवस्था के संचालन की जिम्मेवारी दी गयी है। जिलाधिकारी ने पितृपक्ष मेले के दौरान आवासन, साफ-सफाई, जलापूर्ति, स्वच्छता, स्वास्थ्य, विद्युत व्यवस्था, वृद्ध एवं दिव्यांगजन के लिए आवागमन की व्यवस्था, यातायात सुविधा एवं विधि-व्यवस्था को लेकर की जा रही तैयारियों के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पितृपक्ष मेले के संबंध में सभी तरह की सूचना उपलब्ध हो सके, इसके लिए पिंडदान गया मोबाइल ऐप विकसित किया गया है। कॉल सेंटर के माध्यम से भी श्रद्धालुओं को सभी प्रकार की जानकारी मिलेगी।

इसके पहले मुख्यमंत्री ने फल्गू नदी के किनारे आयोजित कार्यक्रम स्थल से विष्णुपद मंदिर तक वैकल्पिक पहुंच पथ तथा एकीकृत जलनिकासी कार्य का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया और नवनिर्मित पथ का निरीक्षण किया। यह नवनिर्मित पथ मानपुर पुल से सीधे विष्णुपद मंदिर को जोड़ता है। साथ ही यह पथ विष्णुपद मंदिर को सीधे एनएच-82 से जोड़ेगा, जिससे संकीर्ण मार्ग से घूमकर मंदिर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। इस पथ से सीताकुण्ड, गयाजी धाम, विष्णुपद मंदिर और एनएच-82 तक एक कॉरिडोर के रूप में दिखेगा। इससे आवागमन में श्रद्धालुओं को काफी सहूलियत होगी। साथ ही मुख्यमंत्री ने रिमोट के माध्यम से मनसरवा नाला पर घुघरी टांड़ मोड़ से फल्गू नदी तट तक बॉक्स नाला-सह-सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। विभिन्न योजनाओं के उद्घाटन एवं शिलान्यास के पश्चात मुख्यमंत्री ने गया समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में पितृपक्ष मेला-2024 की तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक की।


तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक करते सीएम।

**खास बातें :** मुख्यमंत्री ने कहा कि जब से हमें काम करने का मौका मिला, हमने पिंडदानियों की सुविधाओं को लेकर कई काम किए। हर वर्ष पितृपक्ष मेले की तैयारियों का जायजा लेने आते हैं और यहां आने वाले श्रद्धालुओं की हर प्रकार की सुविधाएं सुनिश्चित की जाती हैं। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पितृपक्ष मेले में बड़ी संख्या में लोग श्रद्धा के साथ पहुंचते हैं। यह राजकीय मेला है, ऐसे में साफ सफाई एवं स्वच्छता का पूरा प्रबंध रखें। घाटों, तालाबों एवं रास्तों की नियमित रूप से सफाई होनी चाहिए। तालाबों की स्वच्छता का विशेष रुप से ख्याल रखें क्योंकि बड़ी संख्या में श्रद्धालु तालाबों में स्नान करते हैं इसलिए पानी की स्वच्छता के साथ-साथ उसकी निकासी भी आवश्यक है।

### पंडा समाज ने किया आभार प्रकट

बैठक के दौरान पंडा समाज के प्रतिनिधि ने मुख्यमंत्री द्वारा गयाजी के विकास के लिए किए गए कार्यों के लिए धन्यवाद दिया और उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने गया में गंगाजल को पहुंचाकर अद्भुत कार्य किया है।

खबर एक नजर में

## 10 को गढ़वा टाउन हॉल में जन शिकायतों का होगा निपटारा : थाना प्रभारी

**मझिआंव।** गढ़वा एसपी दीपक कुमार पांडेय के निर्देश पर आगामी 10 सितंबर को गढ़वा स्थित टाउन हॉल में जन शिकायत कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस सम्बंध में मझिआंव थाना प्रभारी आकाश कुमार ने टेम्पू पर ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया। जागरूकता अभियान में मझिआंव थाना क्षेत्र के सभी निवासियों को सूचना देते हुए कहा गया कि 10 सितंबर को सुबह 11 बजे गढ़वा टाउन हॉल में आम नागरिकों के शिकायतों का निपटारा किया जायेगा। जिसमें ओपी, थाना एवं अनुमंडल स्तर के प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे जो जन शिकायतों का निपटारा करेंगे। जागरूकता अभियान के दौरान लोगों को निर्धारित समय पर पहुंचने की अपील की गई है।

## कांग्रेस के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष को मातृ शोक


सीएचसी में लगी भीड़।

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के बुका गांव निवासी सह कांग्रेस के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष प्रयाग राउत की माता कमला देवी की मौत शनिवार सुबह वज्रपात से हो गई। उन्हे इलाज के लिए तत्काल स्थानीय सीएचसी लाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस बल के साथ अस्पताल पहुंचे। थाना के एएसआई उदय शर्मा ने शव का पंचनामा के उपरांत अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेजवाया। जानकारी के अनुसार कमला देवी सुबह उठकर अपने दरवाजे के पास खड़ी थी, तभी तेज बारिश के बीच गर्जन के साथ हुई वज्रपात की चपेट में आकर उनकी मौत हो गई। मौत की खबर सुनकर अस्पताल पहुंचे मुखिया बेबी देवी, बुचूल राम, अनुमंडल विधायक प्रतिनिधि दयानंद सोनी, भाजपा नेता रवि पाल, जेएलकेएस के जिलाध्यक्ष सुरेश प्रसाद गुप्ता, पूर्व बीससूत्री अध्यक्ष सह झामुमो नेता ब्रजेश सिंह, प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव आदि ने शोक संवेदना प्रकट करते हुए मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाया।

स्पीड न्यूज

### केतार पुलिस ने की 112 पर फोन कर शिकायत दर्ज करने की अपील


पंपलेट चिपकाती पुलिस।

**केतार।** गढ़वा एसपी दीपक कुमार पांडेय के निर्देश पर केतार पुलिस ने एक अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने महिलाओं, छात्राओं एवं बच्चों से संबंधित अपराध, अभद्रता पर शिकायत करने के लिए हेल्पलाइन नंबर 112 पर फोन कर शिकायत दर्ज करने की अपील की। साथ ही केतार पुलिस ने केतार बाजार मेन गेट के समीप आने जाने वाले स्थानीय वाहनों पर पंपलेट चिपकाया। मौके पर एसआई चंदन कुमार साह सहित पुलिस बल जवान उपस्थित थे।

### दहेज की मांग को लेकर एक महिला की हत्या

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के बनियापुर थाना क्षेत्र में दहेज की मांग को लेकर एक महिला की हत्या कर दी गयी। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को यहां बताया कि करहिंया पश्चिम टोला गांव निवासी सरोज देवी (25) के मायके वालों ने शुक्रवार की देर रात को पुलिस के समक्ष दिए गए आवेदन में कहा कि ससुराल वालों ने उनकी पुत्री की हत्या कर उसे आत्महत्या में तब्दील करने की नीयत से शव के गले में रस्सी का फंदा डालकर छत से लटका दिया है।

### शंकर मिश्र को परीक्षा नियंत्रक बनाने के खिलाफ छात्रों ने किया प्रदर्शन

**मधेपुरा।** भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय के पूर्व परिसंपदा डॉ. शंकर कुमार मिश्र को परीक्षा नियंत्रक बनाए जाने के विरोध में संयुक्त छात्र संगठन ने शनिवार से आंदोलन शुरू कर दिया।

## जेपी नड्डा ने सुपर स्पेशलिटी अस्पताल का किया उद्घाटन

▸▸ 188 करोड़ की लागत से बना है अस्पताल



**गया।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने 188 करोड़ की लागत से बने सुपर स्पेशलिटी अस्पताल का उद्घाटन किया। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा देर शाम गया पहुंचे, जहां उन्होंने शहर के अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल अस्पताल के प्रांगण में 188 करोड़ की लागत से बने सुपर स्पेशलिटी अस्पताल का विधिवत उद्घाटन किया।

## विक्षिप्त युवक ने शिवलिंग को हल से मारकर तोड़ा

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** प्रखण्ड के शिवपुर पंचायत अंतर्गत मंडरा गांव में एक विक्षिप्त युवक के द्वारा वर्षो से चबूतरे पर स्थापित शिवलिंग को हल से मारकर तोड़ दिए जाने का एक मामला सामने आया है। घटना शुक्रवार रात्रि की है। बिजली नहीं होने के कारण किसी ने भी शिवलिंग को तोड़ते हुए नहीं देखा। घटना की जानकारी जब ग्रामीणों को हुई तो लोगों ने इसकी सूचना पुलिस अधीक्षक को दी। एसपी ने थाना प्रभारी को इस घटना की सूचना देकर घटनास्थल पर जाने का निर्देश दिया। सूचना पाकर थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम लगभग 10 बजे घटना स्थल पर पहुंच कर जायजा लिया। घटना स्थल से वापस जाते समय एक संदिग्ध युवक जो गंजी व पैंट पहने हुए था पुलिस पूछताछ के लिए थाना ले आई। पूछताछ के क्रम में उसने अपना घर मंडरा और अपना नाम रोहित पाण्डेय बताया और शिवलिंग तोड़े जाने की बात को स्वीकार किया। एसडीपीओ नीरज कुमार व पुलिस इंस्पेक्टर सुनील कुमार तिवारी ने भी दोपहर में घटना स्थल का दौरा कर निरीक्षण किया और थाना पहुंच कर उक्त युवक से पूछताछ किया। सुबह में घटना की सूचना पाकर मुखिया प्रतिनिधि अरुण राम ने भी घटना स्थल पर पहुंचकर जानकारी लिया। पूछताछ के लिए उक्त युवक के परिजन एवं कुछ ग्रामीण भी थाना पहुंचे थे। सभी से वरीय पुलिस पदाधिकारी ने पूछताछ की। परिजन व ग्रामीणों ने पुलिस को लिखकर दिया कि उक्त युवक मानसिक रूप से विक्षिप्त है इसका इलाज रांची से चल रहा है। वह घटना से पूर्व घर में भी लोगों के साथ मारपीट कर घर से निकला था। उसी दौरान उसने शिवलिंग तोड़ने के घटना को अंजाम दिया है। परिजनों व ग्रामीणों के लिखित रूप से जिम्मानामा देने पर पुलिस ने उक्त युवक को घर जाने की इजाजत दे दी।


टूटा पड़ा शिवलिंग।

## आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में आये 1224 आवेदन


कार्यक्रम की शुरूआत करते अतिथि।

**सगमा।** प्रखंड के घघरी पंचायत सचिवालय में शनिवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बीडीओ सह सीओ सत्यम कुमार, जिप सदस्य अंजू यादव, पूर्व जिप सदस्य नंदगोपाल यादव, मुखिया सरोज देवी, पूर्व मुखिया बिनोद राम, उप मुखिया सरस्वती देवी, बीडीसी सबिता देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। मौके पर बीडीओ सत्यम कुमार ने कहा कि आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार अभियान चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत पंचायत स्तर पर शिविर का आयोजन कर राज्य सरकार के लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम जनों को दिया जा रहा है। सरकार की मंशा है कि समस्याओं का निष्पादन तुरंत हो ताकि कोई भी अहर्ता प्राप्त व्यक्ति योजना से वंचित ना रहे। शिविर में पंचायत के समस्याओं के निदान के लिये अलग-अलग स्टॉल लगाकर आवेदन लिया गया। जिसमें अंचल, बाल विकास, शिक्षा, मईया समान योजना, पेंशन, आवास, स्वास्थ्य, पशु पालन, बैंक, कृषि, 15वें वित्त आयोग, समाज कल्याण सहित कई अन्य विभाग के स्टॉल लगाए गए। इस दौरान बीडीओ सह सीओ, जिप सदस्य, मुखिया, उप मुखिया, बीडीसी ने संयुक्त रूप से विद्यालय के छात्र छात्राओ के बीच साइकिल का वितरण किया। शिविर में लगभग 1224 आवेदन प्राप्त हुए। मौके पर कल्याण पदाधिकारी रविरंजन कुमार, चोंहस इक्का, मनरेगा बीपीओ अभय कुमार, जन सेवक ओम प्रकाश सिंह, अंचल लिपिक मो. रसीद जमाल, अंचल लिपिक इरफान हबीब, फ्याज अंसारी, मनोरंजन कुमार, मुखिया प्रतिनिधि अशोक राम सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## आहर से अधेड़ का शव बरामद, हत्या की आशंका

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** बरडीहा थाना क्षेत्र अंतर्गत कौवाखोह गांव में स्थित मध्य विद्यालय के समीप आहर से शनिवार सुबह एक व्यक्ति का शव पुलिस ने बरामद किया है। उनकी पहचान ब्रह्मदेव पांडेय के पुत्र नरेंद्र पांडेय 57 वर्ष के रूप में की गई। जानकारी के अनुसार सर्वप्रथम ग्रामीणों ने आहर में शव को देखा। इसके बाद यह खबर आग की तरह फैल गई। शव होने की जानकारी ग्रामीणों ने बरडीहा थाना प्रभारी अवधेश कुमार यादव को दी गई। थाना प्रभारी के निदेर्शानुसार थाना के एसआई मृत्युंजय राय दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया। वहीं शव देख ग्रामीण एवं परिजनों ने हत्या कर फेक जाने की आशंका जताई है। जानकारी देते हुए मृतक के पुत्र सत्यप्रकाश पांडेय ने बताया कि हमारे पिता जी की हत्या कर दी गई है। साथ ही पुछे जाने पर बताया कि गांव में झगड़ा को लेकर पिताजी थाना में आवेदन भी देने गए हुए थे। घटना के संबंध में थाना प्रभारी अवधेश कुमार यादव ने बताया कि शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम कराया गया है। उन्होंने नरेंद्र पांडेय के द्वारा दिए गए आवेदन के संबंध में बताया कि नरेंद्र पांडेय द्वारा मारपीट को लेकर गांव के ही ओमप्रकाश पांडेय के नाम से आवेदन भी दिया गया था। साथ ही उन्होंने कहा कि पुलिस सभी विंदुओं पर जांच कर रही है।


घटनास्थल पर पहुंची पुलिस।

## पेट्रोल छिड़क कर आग लगाने के मामले में एफआइआर

**किशनगंज।** शहर के शास्त्री मार्ग स्टेशन रोड में गुरुवार की देर रात आपसी विवाद में मारपीट व आग लगाने की घटना के मामले में सदर थाने में शनिवार को प्राथमिकी दर्ज करवायी गई है। मामले में पांच नामजद व 15 अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करवायी गई है। इधर एसडीपीओ गौतम कुमार भी घटना की जांच को लेकर घटना स्थल पहुंचे। एसडीपीओ ने सभी बिंदुओं पर मामले की जांच की। एसडीपीओ ने बताया कि अब तक की जांच में यह मामला सामने आया है की विवाद पेट्रोल व डीजल की खरीद बिक्री को लेकर हुआ था। इसी मामले को लेकर एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के लोगों पर बाइक से पेट्रोल निकाल कर छिड़क दिया था। एसडीपीओ ने बताया कि जो भी दोषी होंगे उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। यहां गौर करे की गुरुवार की देर रात शहर के शास्त्री मार्ग स्टेशन रोड में आपसी विवाद को लेकर मारपीट की घटना घटी थी। जिसमें कुछ लोगों के द्वारा एक महिला व पुरुष पर पेट्रोल भी छिड़का गया था। पेट्रोल छिड़क कर आग लगाने की कोशिश की गई थी। जिससे एक महिला व एक पुरुष घायल हो गए थे।

## केतार में आपकी योजना आपकी सरकार कार्यक्रम हुआ आयोजित


प्रमाण पत्र वितरण करते अतिथि।

खबर मन्त्र संवाददाता

**केतार।** प्रखंड के मुकुन्दपुर पंचायत के सूर्य नारायण वन में शनिवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुखिया मुंगा साह, उप प्रमुख शम्भू सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष संजय सिंह, बीपीओ निरज पाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में मुखिया ने ग्रामीणों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए सम्बन्धित विभाग के लगे स्टॉल में आवेदन देने की अपील किया। इस दौरान जेएसएलपीएस के द्वारा महिलाओं को अपना रोजगार खोल कर आत्मनिर्भर बनने के लिए 6 महिला समुहों के विकास सिंह और प्रमुख चंद्रावती देवी ने 27 लाख रुपए ऋण चेक वितरण किया गया। वहीं पांच बुजुर्गों को सर्वजन पेंशन योजना की स्वीकृति कर प्रमाण पत्र दिया गया। बीडीओ विकास सिंह ने शिविर में लगे विभिन्न स्टालों पर प्राप्त आवेदनों का रजिस्ट्रेशन करने का निर्देश दिया। बीडीओ ने कहा कि शिविर का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। शिविर में सबसे ज्यादा अबुआ आवास के लिए 684 आवेदन प्राप्त हुआ। मौके पर नोडल पदाधिकारी राकेश कुमार, सीआई नागेंद्र पाठक, कर्मचारी प्रकाश कुमार, बीटीएम राकेश कुमार, कम्प्यूटर आपरेटर सिराज अंसारी, अनुप कुमार, जयरात अंसारी, रघुनाथ पाल सहित ब्लॉक और अंचल कर्मी उपस्थित थे।

## एसएसबी ने राजस्थान की नाबालिग लड़की का किया रेस्क्यू


एसएसबी के साथ नाबालिग लड़की।

**पूर्वी चंपारण।** भारत-नेपाल सीमा की सुरक्षा में तैनात एसएसबी 47वीं वाहिनी की मानव तस्करी रोधी ईकाई के जवानो ने शनिवार को मैत्री पुल से एक राजस्थान की नाबालिग लड़की को रेस्क्यू करते हुए उसे मानव तस्कर की चंगुल से मुक्त कराया है। बताया गया है, कि उक्त लड़की मानव तस्करो के चंगुल में फंसकर राजस्थान से नेपाल जा रही थी।इस मामले में नाबालिग लड़की को बरामद करते हुए आरोपी मानव तस्कर युवक को हरैया थाना को सौंप दिया गया है। इसकी जानकारी देते हुए एसएसबी मानव तस्करी रोधी ईकाई के निरीक्षक सीआर बेनीवाल ने बताया कि लड़के ने पहले लड़की को सोशल मीडिया के माध्यम से प्रेम के जाल में फंसाया और इसके बाद राजस्थान से इसे नेपाल लेकर जा रहा था, लेकिन उससे पहले ही इसकी गिरफ्तारी रक्सौल बॉर्डर पर कर ली गयी। दोनों राजस्थान के झुंनझू जिला के रहने वाले है। इधर, लड़की के अपहरण को लेकर इसके परिजनों ने राजस्थान में भी मामला दर्ज कराया है। वही इसको लेकर हरैया थाना में प्राथमिकी दर्ज करते हुए आरोपी युवक को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। जबकि नाबालिग लड़की को भी बालिका गृह मे रखा गया है। साथ ही नाबालिग लड़की के परिजनों को भी इसकी जानकारी दे दी गयी है। इस पूरे अभियान में एसएसबी मानव तस्करी रोधी ईकाई के साथ-साथ प्रयास जुबेनाइल सेंटर पूर्वी चंपारण शामिल थे।

# अधिकारियों की अनुपस्थिति में आपकी योजना आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** प्रखंड अंतर्गत मोरबे पंचायत सचिवालय में शनिवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत प्रखंड अधिकाारियों की अनुपस्थिति में जनता दरबार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर पंचायत मुखिया निर्मला देवी की अध्यक्षता में की गई। इस शिविर में प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी और जनप्रतिनिधि प्रखंड प्रमुख, जिला परिषद सदस्य उपस्थित नहीं थे। जिसमें जनता दरबार में आए लोगों को काफी परेशानियों का सामना भी करना पड़ा। यहां तक कि निति आयोग के कर्मी कुंदन कुमार भी शिविर में नहीं पहुंचे थे। वहीं बाल विकास परियोजना के महिला सुपरवाइजर प्रतिमा कुमारी लगभग 1:00 बजे ही शिविर से चली गईं। जिससे सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना एवं मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों को परेशानियों का समय करना पड़ा। इस शिविर में विभिन्न विभागों से 1138 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें स्वास्थ्य व पोषण से संबंधित 40 आवेदनों का तत्काल निष्पादन किया गया। बाकी के 1098 आवेदन संबंधित विभागों को भेजा गया। शिविर में सबसे अधिक अबुआ आवास योजना में 972 आवेदन मिले। इसके अलावा, राशन कार्ड में नाम जोड़ने सहित अन्य 30, सर्वजन पेंशन 43 सहित कुल 1138 आवेदन प्राप्त हुए। वहीं पंचायत मुखिया निर्मला देवी, जनसेवक प्रशांत कुमार मिश्रा, परमानंद प्रसाद, सुरेश सिंह एवं जेएसएलपीएस के कर्मी के द्वारा मां काली आजीविका सखी मंडल के 10 महिला सदस्यों को 6 लाख रुपए का चेक दिया गया। इस संबंध में डीडीसी पीएन मिश्रा ने बताया कि नोडल पदाधिकारी शिविर में क्यों उपस्थित नहीं हो रहे हैं इसकी जांच किया जाएगा। यह एक बड़ा लापरवाही है। मौके पर श्रीकांत उपाध्याय, प्रखंड कृषि पदाधिकारी सुरेश सिंह, डॉ रवि कुमार, बीटीएम दयानंद पांडेय, राजस्व कर्मी शैलेश कुमार महतो, अरविंद कुमार श्रीवास्तव, कृष्ण कुमार सिंह, अजीत कुमार दुबे, वसीम अंसारी, सतीश सिंह सहित अन्य प्रखंड व अंचलकर्मी उपस्थित थे।


कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

### दुष्कर्म के मामले में सौतेले पिता को 14 वर्षों की कठोर कैद

**पटना।** बच्चों का लैंगिक अपराध से संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम की बिहार में पटना स्थित एक विशेष अदालत ने नाबालिग के अपहरण और दुष्कर्म के मामले में उसके सौतेले पिता को आज 14 वर्षों के सश्रम कारावास के साथ ही कुल 28 हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई। विशेष न्यायाधीश योगेश शरण त्रिपाठी ने मामले में सुनवाई के बाद वैशाली के राघोपुर थाना क्षेत्र स्थित चैनपुरा गांव निवासी मिंटू झा को भारतीय दंड विधान एवं पॉक्सो अधिनियम की अलग-अलग धाराओं में दोषी करार देने के बाद यह सजा सुनाई है। जुमार्ने की राशि अदा नहीं करने पर दोषी को सात माह के कारावास की सजा अलग से भुगतानी होगी। साथ ही अदालत ने पीड़िता को मुआवजे के रूप में पांच लाख रुपये दिए जाने का आदेश जिला विधिक सेवा प्राधिकार को दिया है।

## नवादा में विधायक आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सुनी जन समस्याएं



**नवादा।** विधायक आपके द्वार कार्यक्रम के तहत नवादा विधायक विभा देवी एवं जिला परिषद अध्यक्ष पुष्पा कुमारी ने शनिवार सदर प्रखण्ड के लोहरपुरा पंचायत अंतर्गत लगभग सभी गाँवों का दौरा किया और आवश्यक विकास योजनाओं को चिन्हित किया। पंचायत के चिलौंगिया, लोहरपुरा, विशनपुर, सिकन्दरा, हरिहर बिगहा, और झरायन के सभी डीह, बिगहा एवं टोला में जाकर विधायक ने लोगों से बात चीत की और सर्वसम्मति से योजनाओं का चयन किया। बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाओं ने विधायक से बात करते हुए अपनी समस्याओ से रु-ब-रु करवाया। मूल रूप से चापाकल, सड़क, नली-गली, नल-जल, पुल-पुलिया, गाइडवाल आदि योजनाओं पर आम सहमति बनी और विधायक मद् समेत अन्य स्रोतों से कार्य निष्पादित करने का भरोसा दिया गया। मौके पर राजेंद्र प्रसाद, सुरेन्द्र यादव, विवेक कुमार, अजय यादव, पप्पू महतो, राजेंद्र प्रसाद, कुलदीप यादव, पिंटू कुमार, सारो देवी, सुरेश प्रसाद समेत दर्जनों नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

# मणिपुर में फिर भड़की हिंसा, पांच की मौत

## जिरीबाम में कुकी उग्रवादियों ने किया ड्रोन से हमला



एजेंसी

- असम राइफल्स, केंद्रीय बल और कमांडो तैनात
- मणिपुर के पूर्व सीएम कोइरेंग के आवास पर बम से किया हमला

**इंफाल ।** मणिपुर एक बार फिर हिंसा की आग में झुलस रहा है। शुक्रवार से शुरू हुई हिंसा शनिवार को दूसरे दिन भी जारी है। बताया जा रहा है कि हिंसा के दौरान मैतेई समुदाय के एक बुजुर्ग की हत्या कर दी गई। इस घटना के जवाब में जिरीबाम जिले में चार कुकी उग्रवादियों को मार दिया गया है। दरअसल, मणिपुर में हिंसा का ताजा दौर दक्षिणी असम से सटे जिरीबाम जिले के सेरो, मोलजोल, रशीदपुर और नुंगचप्पी गांवों से शुरू हुआ है। शनिवार सुबह 10 बजे तक रुक-रुक कर गोलीबारी होती रही। फायरिंग के कारण वहां हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं। जरीबाम जिले के ग्राम नुंगचप्पी में शनिवार तड़के संदिग्ध कुकी उग्रवादियों के हमले में 63 वर्षीय युरेम्बम कुलेंद्र सिंह की मौत हो गई। लगभग उसी समय जिरीबाम के डिबोंग खुनु रशीदपुर गांव में हिंसा की एक अलग घटना में 41 वर्षीय बासपतिमयुम लक्खी कुमार शर्मा की मौत हो गई। मणिपुर के आईजीपी (इंटेलिजेंस) के. कबीब ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि एक सितंबर से कुकी उग्रवादियों ने लगातार ड्रोन हमले किए हैं। इससे विभिन्न क्षेत्रों में जनहानि और अशांति हुई है। इसके मद्देनजर मणिपुर पुलिस ने ड्रोन से उत्पन्न खतरे को बेअसर करने के लिए एक उन्नत एंटी-ड्रोन प्रणाली तैनात की है। इसका उद्देश्य राज्य को उग्रवादियों के अत्याधुनिक हमलों से बचाना है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार दोपहर कुकी उग्रवादियों ने बिष्णुपुर और चुराचांदपुर जिलों के बीच आबादी वाले इलाके में दो रॉकेट दागे। इस हमले में आरके रबेई (78) की मौत हो गई। इसके अलावा एक नाबालिग समेत छह लोग घायल हो गये। मणिपुर के जिरीबाम जिले में भड़की हिंसा को रोकने के लिए असम राइफल्स, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल और मणिपुर पुलिस के कमांडो की टीम को तैनात किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि संदिग्ध कुकी उग्रवादियों ने बीते मंगलवार को जिरीबाम जिले के अलग-अलग इलाकों में हमला करना शुरू किया था। इस दौरान मैतेई समुदाय के एक बुजुर्ग की हत्या कर दी गई। पता चला है कि मृतक घटना के दौरान सो रहा था। अधिकारी के मुताबिक, बुजुर्ग की हत्या के बाद चार कुकी उग्रवादियों को मार दिया गया है। हालांकि, पुलिस की ओर से यह स्पष्ट नहीं है कि जवाबी हमला किसकी ओर से किया गया है। कुकी आदिवासी नेताओं ने दावा किया कि मारे गए लोग उग्रवादी नहीं थे बल्कि वे ग्राम स्वयंसेवक थे। इस बीच, मणिपुर सरकार ने शनिवार को राज्य के सभी शैक्षणिक संस्थानों को बंद करने का आदेश दिया। साथ ही तनावपूर्ण हालात को देखते हुए सुरक्षा बलों को हाई अलर्ट पर रहने और उग्रवाद रोधी अभियानों को तेज करने का आदेश दिया है। इससे पहले मणिपुर के पूर्व मुख्यमंत्री मैरेम्बम कोइरेंग के विष्णुपुर जिले में स्थित आवास पर बम से हमला किया गया था। इस बम विस्फोट में एक बुजुर्ग की मौत हो गई थी और छह अन्य घायल हो गए थे। पुलिस के अनुसार, बम को काफी दूर से फेंका गया था, जो पूर्व मुख्यमंत्री के आवास के परिसर में गिरा। इस घटना के दौरान कोइरेंग और उनके परिवार के सदस्य घर पर मौजूद नहीं थे। मृतक की पहचान आरके रबेई के रूप में हुई।

## केंद्र ने पूजा खेडकर को आइएएस से किया बर्खास्त



**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने पूर्व प्रशिक्षु अधिकारी पूजा खेडकर को भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) से बर्खास्त कर दिया। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि 6 सितंबर के आदेश के तहत, केंद्र सरकार ने आईएएस (प्रोबेशन) नियम, 1954 के नियम 12 के तहत पूजा मनोरमा दिलीप खेडकर, आईएएस प्रोबेशनर को आईएएस से तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर दिया गया है। फर्जी पहचान बताकर सिविल सेवा परीक्षा में निर्धारित सीमा से अधिक बार प्रयास करने के आरोप सामने आने के बाद यूपीएससी ने 31 जुलाई को सीएसई-2022 के लिए खेडकर की उम्मीदवारी को अनंतिम उम्मीदवारी को रद्द कर दिया था।

## स्पीड न्यूज

### अबू धाबी के प्रिंस कल आयेंगे भारत

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर अबू धाबी के क्राउन प्रिंस शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान नौ सितंबर को भारत आयेंगे। क्राउन प्रिंस के रूप में उनकी यह पहली भारत यात्रा होगी। उनके साथ यूएई सरकार के कई मंत्री और एक व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल भी होगा। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि 9 सितंबर को क्राउन प्रिंस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलेंगे और द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों पर चर्चा करेंगे। वे महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देने के लिए राजघाट भी जाएंगे।

### बाल पुरस्कार नामांकन की अंतिम तिथि 15 सितंबर

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 के नामांकन तिथि 15 सितंबर है। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 के लिए नामांकन जमा करने की अंतिम तिथि 15 सितंबर है। बच्चों की ऊर्जा, दृढ़ संकल्प, क्षमता, उत्साह और जोश का सम्मान करने के लिए हर साल प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार का आयोजन किया जाता है। इस पुरस्कार के लिए बच्चा भारतीय नागरिक होना चाहिए और भारत में रहता हो। उसकी आयु 18 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

### जीएसटी काउंसिल की बैठक सोमवार को

**नयी दिल्ली।** वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की बैठक सोमवार को राजधानी नई दिल्ली में 54वीं होने वाली है। इस बैठक में स्वास्थ्य और जीवन बीमा कराने वाले लोगों को महंगे प्रीमियम (बीमा किस्त) से निजात मिलने की संभावना है। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को बताया कि 9 सितंबर को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में होने वाली जीएसटी परिषद की 54वीं बैठक में दोनों तरह के बीमा (स्वास्थ्य और जीवन बीमा) पर लगने वाली जीएसटी की दर को 18 फीसदी से घटाकर 5 फीसदी किया जा सकता है।

जरायल ने दक्षिण लेबनान पर किये हवाई हमले

### इजरायल ने किया दक्षिण लेबनान पर हवाई हमला

**बेरूत।** इजरायली युद्धक विमानों ने शुक्रवार रात दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्लाह मिसाइल प्लेटफार्मों पर भीषण हमले किये। लेबनानी सैन्य सूत्रों ने यह जानकारी दी। सैन्य सूत्रों ने बताया कि कई इजरायली युद्धक विमानों ने आधे घंटे से भी कम समय में 15 हवाई हमले किए, जिसमें फ्रौन गांव, घंडौरीह की नगर पालिका और पश्चिमी और मध्य क्षेत्रों में श्रीफा शहर के बीच घाटियों को निशाना बनाया गया। विमानों ने हवा से जमीन पर मार करने वाली लगभग 30 मिसाइलें दागीं, जिन्होंने हिजबुल्लाह मिसाइल प्लेटफार्मों को निशाना बनाया, जहां कई बड़े पैमाने पर आग लग गईं।

### अब हरिद्वार में होगा कैंसर के मरीजों का इलाज

**हरिद्वार।** शनिवार गणेश चतुर्थी को हवन पूजन के साथ होप अस्पताल के ओन्कोलॉजी विभाग का उद्घाटन हो गया। अस्पताल के निदेशक डॉ. एस के मिश्रा ने कहा हम अपने अनुभवी डॉक्टरों और समर्पित ओन्कोलॉजी टीम के साथ कैंसर रोगियों के लिए उपचार के तौर–तरीके रेडियोथेरेपी, डिजिटल लीनियर एक्सेलेरेटर कीमो थेरेपी कैंसर सर्जरी टारगेट थेरेपी के माध्यम से प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा केंसर के मरीजों को इलाज के लिए अब भटकना नहीं पड़ेगा। हॉस्पिटल के निदेशक डॉ एसके मिश्रा ने बताया कि सोमवार से मरीजों का ईलाज शुरू हो जायेगा। गंभीर रोग से ग्रस्त मरीजों का अत्याधुनिक मशीनों की सहायता से जांच एवं उपचार किया जायेगा। हास्पिटल में डॉ एसके मिश्रा , डॉ आरके मिश्रा , डॉ गौरव शर्मा (चीफ रेडिएशन आनकोलोजिस्ट), डॉ मनोज सिंह (चीफ रेडियोलॉजिस्ट) मरीजों की सेवा के लिए उपलब्ध रहेंगे।

# ऋषि परंपरा का देश है भारत : उपराष्ट्रपति

एजेंसी

### कभी हथियार से युद्ध नहीं जीता जा सकता : धनकड़



**चित्रकूट।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने चित्रकूट स्थित जगतगुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय में आधुनिक जीवन में ऋषि परंपरा विषयक तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का शनिवार को उद्घाटन किया। इस अवसर पर उप राष्ट्रपति ने कहा कि भारत ऋषि परंपरा का देश है। यही वजह है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस परंपरा को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कभी हथियार से युद्ध नहीं जीता जा सकता। भारत ऋषि परंपरा की वजह से ही आज विश्वगुरु की श्रेणी में खड़ा हुआ है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि आज विपक्षी लोग अपने राजनीतिक स्वार्थों के चलते देश की ऋषि परंपरा को नजरअंदाज कर रहे हैं जो किसी मायने में उचित प्रतीत नहीं हो रहा है। ऋषि परंपरा के बल पर ही भारत जल, थल, नभ हर क्षेत्र में हम आगे बढ़ रहा है। हमारे देश की परंपरा वसुधैव कुटुंबकम की रही है। उन्होंने कहा कि किसी भी समस्या का समाधान युद्ध नहीं है। आज भी चारों तरफ नजर दौड़ाएं तो ऋषि परंपरा का सम्मान हमारे देश में ही है। सांस्कृतिक विरासत का धनी देश भारत हमेशा अतुलनीय रहा है। ऋषि परंपरा के मूल सिद्धांतों को अपनाकर चलना आज की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भगवान राम की तपोभूमि चित्रकूट में आयोजित यह संगोष्ठी निश्चित रूप से हम सबको एक नई दिशा देने वाली साबित होगी। क्योंकि यह संगोष्ठी एक महान ऋषि पद्मविभूषण से अलंकृत जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य महाराज जी की उपस्थिति में आयोजित हो रही है। उपराष्ट्रपति ने जगद्गुरु रामभद्राचार्य को दिल्ली में नवनिर्मित उप राष्ट्रपति भवन पर एक दिवसीय प्रवास का आमंत्रण भी दिया। उन्होंने कहा कि जब कोई अपने यहां किसी मनीषी संत को बुलाता है तो सपत्नीक आना होता है। उसी परंपरा का निर्वाह करते हुए आज यहां सपत्नीक आए हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू उन्हें बड़ा भाई मानती हैं, जबकि प्रधानमंत्री मोदी उनके मित्र हैं और उपराष्ट्रपति धनखड़ उनके भाई हैं। कार्यक्रम में जगद्गुरू के उत्तराधिकारी आचार्य रामचंद्र दास महाराज, प्रदेश सरकार के मंत्री नंद गोपाल गुप्ता, नरेंद्र कश्यप और कुलपति शिशिर पांडेय समेत कई प्रमुख लोग मौजूद रहे।

## कारगिल युद्ध में पाक ने सेना की प्रत्यक्ष भूमिका को स्वीकारा



**इस्लामाबाद।** ढाई दशकों तक दुनिया की आंखों में धूल झोंकने के बाद आखिरकार पाकिस्तान ने कारगिल की साजिश रचने की बात मान ली है। पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल सैयद आसिम मुनीर ने भारत के खिलाफ 1999 के कारगिल युद्ध में पाकिस्तानी सेना की प्रत्यक्ष भूमिका को स्वीकार किया है। शुक्रवार को रक्षा दिवस पर भाषण के दौरान मुनीर ने भारत के साथ हुए तीन युद्धों के साथ-साथ कारगिल का भी जिक्र किया और मारे गए पाकिस्तानी सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। यह पहला अवसर है, जब पाकिस्तान के किसी सेना प्रमुख ने कारगिल युद्ध में अपने सैनिकों की प्रत्यक्ष भागीदारी को स्वीकार किया है। परवेज मुशर्रफ और नवाज शरीफ जैसे पिछले सेना प्रमुख और राजनीतिक नेतृत्व ने कारगिल में किए गए घुसपैठ में पाकिस्तान की भागीदारी से हमेशा इन्कार किया है। रावलपिंडी स्थित सैन्य मुख्यालय में रक्षा दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में जनरल मुनीर ने शेखी बघारते हुए कहा कि निश्चित रूप से पाकिस्तान एक शक्तिशाली और बहादुर राष्ट्र है। यह स्वतंत्रता के मूल्य को समझता है और जानता है कि इसे कैसे बनाए रखना है। चाहे यह भारत और पाकिस्तान के बीच 1948, 1965, 1971 की लड़ाई हो या कारगिल संघर्ष। हजारों लोग देश की सुरक्षा के लिए कुर्बान हो गए। बताते चलें कि इन सभी लड़ाइयों में पाकिस्तान को हार का मुंह देखना पड़ा था। अब तक पाकिस्तान कारगिल युद्ध में अपनी संलिप्तता से इन्कार करता रहा है। पाकिस्तान ने दावा किया था कि यह कश्मीर के स्वतंत्रता सेनानियों द्वारा की गई कार्रवाई थी।

# चुनाव बाद जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देंगे : शाह

एजेंसी

### देश की आजादी के बाद पहली बार जम्मू-कश्मीर के मतदाता तिरंगे के नीचे वोट डालेंगे

### जब तक शांति नहीं होगी, पाक से कोई बातचीत नहीं : गृह मंत्री




**जम्मू।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को पलौड़ा टाप में जनसभा को संबोधित करते हुए विधानसभा चुनाव के बाद जम्मू-कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार द्वारा अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के बाद राष्ट्रीय ध्वज और संविधान के तहत यह पहला चुनाव है। शाह ने लोगों से कहा कि यह संयोग है कि भाजपा की पहली चुनावी रैली गणेश चतुर्थी के दिन शुरू हो रही है। देश की आजादी के बाद पहली बार जम्मू-कश्मीर के मतदाता तिरंगे के नीचे अपना वोट डालेंगे। उन्होंने कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस गठबंधन पर पुरानी व्यवस्था को पुर्नजीवित करने का प्रयास करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार आतंकवाद, स्वायत्तता और गुज्जर, पहाड़ी, बकरवाल और दलितों सहित किसी भी समुदाय के साथ अन्याय की अनुमति नहीं देगी, जिन्हें भाजपा सरकार द्वारा आरक्षण दिया गया था। शाह ने कहा कि मैं राहुल गांधी से एक बात कहना चाहता हूं कि आप चाहे जितनी कोशिश कर लें हम गुज्जर, बकरवाल, पहाड़ी और दलितों के आरक्षण को छूने नहीं देंगे और जब तक शांति नहीं होगी पाकिस्तान से कोई बातचीत नहीं होगी। शाह ने कहा कि आने वाला चुनाव एक ऐतिहासिक चुनाव है। जब से देश आजाद हुआ है पहली बार जम्मू कश्मीर का मतदाता दो झंडे नहीं, एक तिरंगे के नीचे अपना मतदान करेगा। पहली बार दो संविधान नहीं भारत के संविधान (जिसको बाबा साहेब अंबेडकर ने बनाया) के अंतर्गत मतदान होने जा रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हमने घर-घर जाकर नेशनल कांफ्रेंस व कांग्रेस विभाजनकारी एजेंडे के प्रति लोगों को जागरूक किया है। मैंने एक प्रेस वार्ता कर नेशनल कांफ्रेंस व कांग्रेस के विभाजनकारी एजेंडे को उजागर किया था लेकिन आज मैं आप सब के सामने आया हूं, क्योंकि मैं मीडिया से ज्यादा भरोसा आप पर करता हूं, क्योंकि मैं भी आप में से एक हूं और मैं भी बूथ अध्यक्ष रहा हूं। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद-370 हटने से 70 साल के बाद जम्मू कश्मीर की माताओं-बहनों को अधिकार मिला है। नेशनल कांफ्रेंस व कांग्रेस पार्टी ये अधिकार छीनना चाहती है लेकिन मुझे पता है कि आप ये अधिकार नहीं छीनने देंगे। नेशनल कांफ्रेंस व कांग्रेस पार्टी पत्थरबाजी व आतंकवाद में लिप्त लोगों को जेल से छोड़ना चाहती है ताकि जम्मू, पुंछ, राजौरी जैसे क्षेत्र जहां शांति है, वहां फिर से आतंकवाद आए। क्या आप इन क्षेत्रों में आतंकवाद को फिर से आने दोगे?



## गणेश चतुर्थी पर भगवान महाकाल का विशेष श्रृंगार

**उज्जैन। विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर के मंदिर में परम्परा के अनुसार शनिवार को भाद्रपद शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि (गणेश चतुर्थी) के अवसर पर भस्म आरती के दौरान बाबा महाकाल विशेष रूप से गणेश स्वरूप में श्रृंगार किया गया। श्रद्धालुओं ने बाबा महाकाल की जयकारे भी लगाए, जिससे पूरा मंदिर परिसर गुंजायमान हो उठा। भगवान का विशेष श्रृंगार कर उन्हें नवीन शेषनाग का रजत मुकुट, रजत की मुंडमाल, रुद्राक्ष की माला के साथ सुगंधित पुष्प से बनी फूलों की माला धारण कराया गया और फल व मिष्ठान का भोग लगाकर आरती की गयी।**

## जन्म दिन पर अक्षय कुमार ने दिखायी नयी फिल्म की झलक



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार ने गणेश चतुर्थी के अवसर पर अपनी नयी फिल्म की झलक सोशल मीडिया पर शेयर की है। 09 सितंबर को अक्षय कुमार जन्मदिन है।अक्षय कुमार ने इससे पूर्व अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर एक लेटेस्ट मोशन पोस्टर शेयर किया है, जिसमें एक दानव का चेहरा दिखाई दे रहा है। अक्षय कुमार ने इस पोस्टर के साथ कैप्शन में लिखा है,गणपत्ति बप्पा मोरया, आज के दिन से बेहतर दिन और क्या हो सकता है, जब आप कुछ खास होने का संकेत दें। मेरे जन्मदिन पर इसका खुलासा होगा। इंतजार करिए। सोशल मीडिया पर यूजर्स इसे देखकर सरप्राइज हैं। सबके मन में यही सवाल है कि क्या यह अक्षय कुमार और प्रियदर्शन के बीच एक नया प्रोजेक्ट है? यह भी अफवाहें फैल रही हैं कि दोनों एक हॉरर कॉमेडी फिल्म के लिए साथ आ रहे हैं।






# धरती पर सुरक्षित उतरा अंतरिक्ष यान स्टारलाइनर

एजेंसी

### कैलिप्सो को घर वापस लाने का समय आ गया है, हम आपके साथ हैं और आप इसे जल्द धरती पर ले आइए : सुनीता विलियम





**वाशिंगटन।** अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और उनके साथी बुश विलमोर को स्पेस स्टेशन ले जाने वाला स्पेस क्राफ्ट स्टारलाइनर-1 शनिवार को तीन महीने बाद धरती पर लौट आया। वह सुरक्षित लैंड हो गया। यह स्पेस क्राफ्ट भारतीय समयानुसार तड़के 3:30 बजे पहुंचा। यह न्यू मैक्सिको के व्हॉइट सैंड स्पेस हॉर्बर (रेगिस्तान) में सुरक्षित लैंड हुआ। अमेरिकी-भारतीय नागरिक सुनीता विलियम्स अंतरिक्ष में ही हैं। इससे पहले कि बिना चालक दल के स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान पृथ्वी पर वापस लौटता, अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर दोनों ने उड़ान नियंत्रकों को फोन करके टीम को भावुक संदेश दिया। उन्होंने सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। सुनिता ने अंतरिक्ष यान के उपनाम का जिक्र करते हुए रेडियो संदेश में कहा कि आप लोगों के लिए कैलिप्सो को घर वापस लाने का समय आ गया है। हम आपके साथ हैं और आप इसे जल्द धरती पर ले आइए।

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा बताया कि स्पेस क्राफ्ट ने सुबह 9 बजकर 15 मिनट पर पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश किया। इसके बाद इसकी गति करीब 2,735 किलोमीटर हो गई । लैंड होने से ठीक तीन मिनट पहले ही सुरक्षा के लिए स्पेस क्राफ्ट के तीन पैराशूट भी खुल गए।

बोइंग कंपनी ने नासा के लिए यह स्पेसक्राफ्ट बनाया है। पांच जून को सुनीता और बुच को इससे भेजा गया था। यह सिर्फ आठ दिन का मिशन था। तकनीकी खराबी की वजह से इसमें समय लगा तकनीकी कारणों की जांच की जाएगी । स्पेसक्राफ्ट में तकनीकी दिक्कतों और हीलियम गैस के रिसाव की जानकारी सामने आई थी। नासा ने 24 अगस्त को बताया था कि स्टारलाइनर में सेफ्टी इश्यूज की वजह से बुच और सुनीता को इससे वापस धरती पर नहीं लाया जाएगा। स्पेसक्राफ्ट खाली ही वापस लौटेगा। सुनीता और बुच को एलन मस्क की कंपनी स्पेस एक्स के क्रू ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट से वापस लाया जाएगा। अमेरिकी संचार माध्यमों की रिपोर्ट के मुताबिक, स्टारलाइनर की वापसी और इससे जुड़े ताजा अपडेट को लेकर नासा ने सुबह 11 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें बोइंग का कोई प्रतिनिधि नहीं था। नासा के मैनेजर स्टीव स्टिच ने कहा कि स्टारलाइनर ने अच्छे तरीके से लैंडिंग की है। हमने इसे जांच के लिए भेजा है। हम जल्द ही बताएंगे कि स्पेस क्राफ्ट में किस वजह से खराबी आई।

नासा और बोइंग के बीच भले ही दिक्कतें चल रही हैं लेकिन दोनों मिलकर स्टारलाइनर की जांच करेंगी। स्टारलाइनर की सेफ लैंडिंग के बाद स्पेस स्टेशन में मौजूद सुनीता विलियम्स ने खुशी जताई।